भोपाल
शुक्रवार, 6 फरवरी 2026
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष-05
वर्ष : 12, अंक : 307
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 25
न्यून. 12

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर सरकार का बयान

## मार्च तक आएगा कानूनी मसौदा, 4 से 5 दिनों में संयुक्त बयान भी


पीयूष गोयल

संयुक्त बयान के जारी होने के बाद ट्रंप सरकार अमेरिकी टैरिफ को 18 फीसदी तक घटाने के लिए एक एग्जीक्यूटिव ऑर्डर जारी करेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि दोनों देश अगले 4 से 5 दिनों में संयुक्त बयान (ज्वॉइंट स्टेटमेंट) पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। सरकार ने बताया कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का पहला चरण लगभग तैयार है। उन्होंने बताया ▶▶ शेष पेज 6 पर

### वस्तुओं व सेवाओं के मुक्त प्रवाह को बढ़ावा देगा

गोयल ने कहा कि भारत और जीसीसी के बीच व्यापारिक रिश्ते 5,000 साल पुराने हैं और यह समझौता वस्तुओं व सेवाओं के मुक्त प्रवाह को बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि सरकार विकसित देशों के साथ एफटीए पर सक्रियता से काम कर रही है। मंत्री के मुताबिक इस समझौते ▶▶ शेष पेज 6 पर

इस वर्ष कुल 4,50,13,379 करोड़ आवेदन प्राप्त हुए

# पीएम आज करेंगे विद्यार्थियों से 'परीक्षा पे चर्चा', मिलेगा तनाव से मुक्ति का मंत्र

- परीक्षा पे चर्चा 6 फरवरी सुबह 10 बजे होगा लाइव
- प्रदेश के सभी विद्यालयों में होगा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण
- भोपाल के शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में राज्य स्तरीय कार्यक्रम

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी में लगे छात्रों के लिए आज का दिन महत्वपूर्ण है। पीएम नरेंद्र मोदी आज परीक्षा पे चर्चा के 9वें एडिशन के जरिए छात्रों से रूबरू होंगे और उन्हें एग्जाम स्ट्रेस को दूर करने के गुर सिखाएंगे।

पीएम मोदी के ऑफिशियल एक्स अकाउंट से किए गए ट्वीट के मुताबिक परीक्षा पे चर्चा 2026 के लिए एपिसोड को 6 फरवरी 2026 को सुबह 10 बजे लाइव कर दिया जाएगा। इस बार परीक्षा पे चर्चा नए कलेवर के साथ आया है। इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परीक्षा पे चर्चा देश के अलग अलग राज्यों के स्टूडेंट्स के साथ


फाइल फोटो

करेंगे। इसमें देवमोगरा, कोयंबटूर, रायपुर, गुवाहाटी और दिल्ली के 7, एलकेएम के विद्यार्थी शामिल होंगे। इस वर्ष कुल 4,50,13,379 करोड़ आवेदन प्राप्त हुए हैं। रजिस्ट्रेशन करने वालों में से स्टूडेंट्स की संख्या 4,19,14,056 टीचर्स की संख्या 24,84,259 और पेरेंट्स की संख्या 6,15,064 है। पिछले संस्करण में परीक्षा पे चर्चा के लिए 3.53 करोड़ से अधिक परीक्षा पे चर्चा के लिए रजिस्ट्रेशन हुए थे जिसके कारण गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स द्वारा इसे मान्यता दी गई थी। ऐसे में इस वर्ष भी इसे इस रिकॉर्ड के लिए नामित किया जा सकता है। प्रदेश के सभी विद्यालयों में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय भोपाल में ▶▶ शेष पेज 6 पर

### प्रदेश से 24.41 लाख से अधिक पंजीयन

*प्रदेश में 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में सहभागिता के लिए 1 दिसंबर से 11 जनवरी तक विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा प्रदान की गई थी। इसमें मध्यप्रदेश से कक्षा 6वीं से 12वीं तक के 22 लाख 95 हजार से अधिक विद्यार्थियों, 1 लाख 28 हजार से अधिक शिक्षकों और 17 हजार से अधिक अभिभावकों सहित 24 लाख 41 हजार 390 व्यक्तियों ने सहभागिता की। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार मध्यप्रदेश में भी राज्य शैक्षिक* ▶▶ शेष पेज 6 पर

MSN माता श्री नेत्रालय
मल्टीस्पेशलिटी नेत्र संस्थान
माताश्री नेत्रालय विगत 42 वर्षों से नेत्र सेवा में तन्मयता से सेवारत...
नेत्र सेवा में विश्वास
डॉ. पी.एस. बिन्द्रा
M.B.B.S., M.D., D.O.M.S.
डॉ. प्रीति बिन्द्रा M.B.B.S., M.S., FCRS लेजर विशेषज्ञ
डॉ. चाहवीर बिन्द्रा M.B.B.S., M.S., FRVS रेटिना विशेषज्ञ
जी-2, मनोरा होम्स के पास (ओरा मॉल के पीछे) गुलमोहर कॉलोनी, भोपाल
समय : सुबह 10.30-3 बजे तक शाम 4.30-6.30 बजे (रविवार अवकाश)
फोन : 0755-2562222, 2562233
मो.: 9826084896

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### जबलपुरः डीएफओ पटेल ने अचानक दिया इस्तीफा



**भोपाल।** मप्र कैडर के 2013 बैच के आईएफएस अधिकारी विपिन पटेल ने अचानक इस्तीफा दे दिया है। करीब 15 दिन पहले ही उनका ट्रांसफर अनूपपुर से जबलपुर किया गया था। इसके पीछे तनाव बताया जा रहा है।

### आपत्तिजनक पोस्ट से बढ़ा तनाव, केस दर्ज



**रीवा।** सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर माहौल गरमाया हुआ है। ब्राह्मण समाज से जुड़ी शिकायतों के बाद सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर मनीष पटेल के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है।

### भारत के कई शहरों में डाउन हुआ 'एक्स'



**नई दिल्ली।** भारत में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स शाम 4 बजे अचानक डाउन हो गया। डाउन डिक्टेटर के मुताबिक करीब 64% यूजर्स ने वेबसाइट जबकि 23% यूजर्स ने एप में परेशानी की बात कही है।

राहुल गांधी और केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के बीच की घटना का भी जिक्र किया

लोकसभा की बजाए राज्यसभा में बोले प्रधानमंत्री मोदी, कांग्रेस को लिया आड़े हाथ- इनकी रोज 2 किलो गाली खाता हूं

# मोहब्बत की दुकान वाले 'मोदी तेरी कब्र खुदेगी' के नारे लगा रहे

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अर्थव्यवस्था, व्यापार समझौतों समेत कई मुद्दों पर अपनी बात रखी। कहा कि भारत दुनिया की तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनने के करीब है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के बजट सत्र के दौरान राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी धन्यवाद प्रस्ताव पर धन्यवाद प्रस्ताव पर राज्यसभा को संबोधित किया।

विपक्ष की ओर से जोरदार नारेबाजी के बीच उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि इनकी रोज 2 किलो गाली खाता हूं। मोहब्बत की दुकान वाले 'मोदी तेरी कब्र खुदेगी' के नारे लगा रहे हैं। उन्होंने राहुल गांधी और केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के बीच की घटना का भी जिक्र किया। कहा- इसी सदन के सांसद कांग्रेस के शातिर दिमाग युवराज ने उन्हें गद्दार कह दिया। अहंकार सातवें आसमान पर पहुंच चुका है उनका। ▶▶ शेष पेज 6 पर

खरगे जी बैठकर भी नारे बोलना चाहें तो बोल सकते हैं पीछे कई सारे युवा नेता हैं


राज्य सभा में पीएम मोदी संबोधित करते हुए

राहुल को शातिर दिमाग युवराज बताया कहा- पार्टी बदल दी तो गद्दार हो गए?

### पीएम के संबोधन की खास बातें

1. विश्व के समृद्ध से समृद्ध देश भी बुजुर्ग होते जा रहे हैं। हमारा देश युवा आबादी वाला देश बनता जा रहा है
2. भारत विश्व की चुनौतियों को समाधान देने वाला देश, आशा की किरण देने वाला देश बना हुआ
3. हमने रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म पर जोर दिया और आज देश रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार हो चुका

### न हमें रुकना है, न हमें पीछे मुड़कर देखना है

*उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में देश के मध्यम वर्ग, निम्न-मध्यम वर्ग, गरीब, गांव, किसान, महिलाएं, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, बहुत ही विस्तार से भारत के प्रगति का एक स्वर संसद में गूंजा है। देश के नौजवान भारत की सामर्थ्य को कैसे आगे बढ़ा रहे हैं, इसकी भी विस्तार से चर्चा की गई है। राष्ट्रपति ने भारत के उज्ज्वल भविष्य के प्रति भी भरोसा जताया है। यह हम सबके लिए प्रेरक है। पिछली शताब्दी में भारत की आजादी की जंग में दूसरा क्वार्टर बहुत ही निर्णायक बना था। विकसित भारत के निर्माण की दिशा में यह दूसरा* ▶▶ शेष पेज 6 पर
▶▶ पढ़ें पेज 10 भी

मेघालय में अवैध कोयला खदान में विस्फोट

# 18 मजदूरों की मौत और कई लोगों के फंसे होने की आशंका



- ***पीएम मोदी ने दुख जताया, मृतक के परिजन को 2-2 लाख घायलों को 50-50 हजार रु. मदद का ऐलान किया***
- ***सीएम संगमा ने घटना की व्यापक जांच के आदेश दिए***

एजेंसी ▶▶ शिलांग

मेघालय के ईस्ट जयंतिया हिल्स जिले में गुरुवार को अवैध कोयला खदान में विस्फोट होने से 18 मजदूरों की मौत हो गई और कई अन्य के फंसे होने की आशंका है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आई नोंगरंग ने बताया कि यह घटना थांगस्कू इलाके में हुई और बचाव दल तलाशी अभियान चला रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोयला खदान में हुए विस्फोट के कारण मजदूरों की मौत होने पर शोक जताया और मृतकों के परिजन ▶▶ शेष पेज 6 पर

### रैट होल माइनिंग में बहुत संकरी खोदी जाती हैं सुरंगें

रैट-होल माइनिंग में बहुत संकरी सुरंगें खोदी जाती हैं, जिनकी ऊंचाई आमतौर पर 3-4 फीट होती है। मजदूर इन्हीं सुरंगों में घुसकर कोयला निकालते हैं। ये सुरंगें इतनी छोटी होती हैं कि उनमें एक समय में केवल एक व्यक्ति ही जा सकता है। एनजीटी ने साल 2014 में मेघालय में रैट-होल कोयला खनन और अन्य अवैज्ञानिक खनन तरीकों पर रोक लगा दी थी। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने भी इस प्रतिबंध को बरकरार रखा और केवल वैज्ञानिक, नियंत्रित के तहत ही खनन की अनुमति दी।

रेलवे के नियमों में होगा बदलाव

## जहां से लिया टिकट वहीं से करनी पड़ेगी बोर्डिंग भी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- वेटिंग और आरएसी यात्रियों को होगा फायदा तत्काल कन्फर्म होगी टिकट

भारतीय रेलवे ट्रेन यात्रा से जुड़े बोर्डिंग नियमों में एक बड़ा बदलाव करने जा रहा है, जिसका सीधा असर करोड़ यात्रियों पर पड़ेगा। दरअसल, नई व्यवस्था लागू होने के बाद अगर कोई यात्री अपने तय बोर्डिंग स्टेशन से ट्रेन में सवार नहीं होता है, तो अब टीटीई अगले स्टेशन तक उसका इंतजार नहीं करेगा। जैसे ही ट्रेन बोर्डिंग स्टेशन से आगे बढ़ेगी और यात्री अपनी सीट पर मौजूद नहीं मिलेगा, उसकी सीट को तुरंत खाली मान लिया जाएगा। नए नियमों के तहत टीटीई चेकिंग के दौरान पहले अपने हैंडहेल्ड डिवाइस पर ▶▶ शेष पेज 6 पर

महिला प्रीमियर लीग का समापन



## आरसीबी फिर चैंपियन दिल्ली का सपना टूटा

एजेंसी ▶▶ वडोदरा

- बतौर कप्तान दो खिताब जीतने वाली खिलाड़ी बनीं स्मृति मंधाना

विमंस प्रीमियर लीग 2026 का विजेता मिल गया है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और दिल्ली कैपिटल्स के बीच लीग के चौथे सीजन का फाइनल मुकाबला गुरुवार को वडोदरा के बीसीए स्टेडियम में खेला गया। फाइनल में आरसीबी ने दिल्ली को 6 विकेट से ▶▶ शेष पेज 6 पर

सरकार स्तर पर अहम नियुक्ति के संकेत

## सीएम के ओएसडी बन सकते हैं...अजातशत्रु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



- जल्द जारी हो सकते हैं आदेश

मध्यप्रदेश में प्रशासनिक स्तर पर एक अहम नियुक्ति किए जाने के संकेत है। मुख्यमंत्री के ओएसडी (ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी) के पद पर रिटायर्ड आईएएस अधिकारी अजातशत्रु श्रीवास्तव की तैनाती की जा सकती है। महेश चंद चौधरी को इस पद से हटाए जाने के बाद यह कवायद की जा रही है। इसके जल्द आदेश जारी हो सकते हैं। हरिभूमि से चर्चा में श्रीवास्तव ने देर रात इस खबर की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि इस संबंध में आदेश जारी होना शेष है। बताया जा रहा है कि वे तत्काल प्रभाव से मुख्यमंत्री कार्यालय में अपनी जिम्मेदारी संभालेंगे। रिटायर्ड ▶▶ शेष पेज 6 पर

ये विस्फोटक किसके लिए और किस उद्देश्य से ले जाए जा रहे थे, इसका पता नहीं


विस्फोटक तमिलनाडु के धारापुरम इलाके से लाया जा रहा था

# केरल में हड़कंप : 'तरबूजों की आड़' में 100 बक्सों में मिले 18000 जिलेटिन स्टिक और 4800 डेटोनेटर

एजेंसी ▶▶ पलक्कड

केरल में पलक्कड़ के समीप एक वाहन में रखे विस्फोटक पदार्थों के 100 से अधिक बक्से जब्त किए गए। पलक्कड़ टाउन साउथ थाने के एक अधिकारी ने बताया कि रात करीब नौ बजे इस वाहन से जिलेटिन की छड़ों के 100 से अधिक बक्से और डेटोनेटर के 20 से अधिक बक्से बरामद हुए हैं। ये बक्से तरबूजों की खेप के नीचे छिपाए गए थे। यह कार्रवाई बुधवार रात करीब 9 बजे पलक्कड़ गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज के पास याक्कारा ▶▶ शेष पेज 6 पर

ये बेहद खतरनाक और महंगे विस्फोटक हैं। इनका इस्तेमाल आमतौर पर खदानों और पत्थर तोड़ने के काम में किया जाता है


पुलिस जांच करती हुई

### तमिलनाडु का रहने वाला है लॉरी चालक

*पुलिस के मुताबिक शुरुआती पूछताछ में चालक सेंथिल कुमार ने बताया कि यह विस्फोटक तमिलनाडु के धारापुरम इलाके के थुप्पूर से लाया जा रहा था और इन्हें केरल के त्रिशूर जिले तक पहुंचाया जाना था। हालांकि, पुलिस को शक है कि इसके पीछे एक बड़ा तस्करी नेटवर्क काम कर रहा है। इसी वजह से चालक से गहन पूछताछ की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि ये विस्फोटक किसके लिए और किस उद्देश्य से ले जाए जा रहे थे।*

### पहले भी पकड़े जा चुके हैं विस्फोटक

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह पहली घटना नहीं है। पिछले साल भी पलक्कड़ और कोयंबटूर पुलिस ने मिलकर तमिलनाडु से केरल लाए जा रहे 40 हजार से ज्यादा जिलेटिन स्टिक और करीब 5,000 डेटोनेटर जब्त किए थे। फिलहाल पुलिस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है।



## ब्राह्मण संगठनों ने फिल्म के टाइटल और डायलॉग पर दर्ज कराई कड़ी आपत्ति

# ब्राह्मण समाज ने दी सख्त चेतावनी: 'घूसखोर पंडत' फिल्म पर लगाई जाए तत्काल प्रभाव से रोक, नहीं तो करेंगे आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मनोज वायपेयी की नेटफ्लिक्स ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने जा रही फिल्म 'घूसखोर पंडत' के विरोध में गुरूवार को ब्राह्मण संगठनों ने प्रदर्शन कर फिल्म पर रोक लगाने की मांग की है। एमपी नगर थाने में सामने विरोध प्रदर्शन कर रहे ब्राह्मण समाज के लोगों ने फिल्म को समाज की छवि धूमिल करने वाला बताया और नेटफ्लिक्स से हटाने व निर्माता-निर्देशक पर एफआईआर की मांग की। कार्रवाई न होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी भी दी गई।

अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के प्रदेशाध्यक्ष पुष्पेंद्र मिश्र और अशोक पांडे ने इस संवाद को समाज के लिए अपमानजनक बताते हुए कड़ा विरोध जताया है। संगठन की ओर से एमपी नगर थाने को सौंपे गए पत्र में फिल्म पर रोक लगाने और निर्माता-निर्देशक पर एफआईआर की मांग की। प्रदर्शन के दौरान संगठन के कार्यकर्ताओं ने फिल्म से जुड़े कलाकार और निर्माता के खिलाफ नारेबाजी की।

**एमपी नगर थाने के सामने प्रदर्शन कर समाज की छवि खराब करने का लगाया आरोप**


प्रदर्शन करते ब्राह्मण समाज के लोग।

### मप्र सवर्ण मोर्चा ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखा पत्र

### सवाल: सवर्ण समाज को ही क्यों किया जा रहा है टारगेट?

मध्य प्रदेश सवर्ण संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और संचार मंत्री भारत सरकार ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र लिखकर ब्राह्मण समाज को अपमानित करने के लिए ओटीपी प्लेटफार्म पर नेटफ्लेक्स द्वारा घूसखोर पंडत के टाइटल पर बनाई गई फिल्म पर तत्काल रोक लगाने और फिल्म के निर्देश पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने प्रधानमंत्री और संचार मंत्री को लिखे पत्र में बताया कि वर्तमान में देश-प्रदेश में ब्राह्मण समाज को अपमानित करने की साजिश चल रही है। कभी फर्जी आईएएस संतोष वर्मा ब्राह्मण समाज को अपमानित करने के लिए टिप्पणी करते है, तो कभी दलित नेता दामोदर यादव ब्राह्मण समाज को टारगेट करके अपमानित करते है। अब तो ओटीपी प्लेटफार्म पर पूरी फिल्म ही बनकर ब्राह्मण समाज को घूसखोर कह कर अपमानित किया जा रहा है। अब सवाल उठ रहा है कि सवर्ण समाज को ही क्यों टारगेट किया जा रहा हैं।

### रिटायर आईएएस खान का बयान शिखा का अपमान न सहें ब्राह्मण

एमपी कैडर के आईएएस रहे नॉवेलिस्ट नियाज खान ने एक बार फिर ब्राह्मणों को लेकर वक्तव्य दिया है। खान ने कहा है कि ज्ञान ही ब्राह्मण का शस्त्र है। वे यह भी लिख चुके हैं कि ब्राह्मणों के लिए तो वेदों के अनुसार शिखा रखना अनिवार्य है। शिखा की अपवित्रता किसी भी हाल में बर्दाश्त योग्य नहीं है। यदि शिखा का कोई अपमान करे तो तत्काल ब्राह्मण कानूनी कार्रवाई करें। खान ने ब्राह्मणों को लेकर एक हफ्ते में एक्स पर तीसरा ट्वीट किया है। आज किए ट्वीट में पूर्व आईएएस खान ने लिखा है कि ब्राह्मण की मुख्य भूमिका मार्गदर्शन है। वे नफरत का शिकार न हों, बल्कि लोगों को नफरत फैलाने न दें।

## खबर संक्षेप

### छात्रा रिद्धि पांडे को किया सम्मानित

**भोपाल।** राजधानी के कोटरा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर की कक्षा 9वीं की छात्रा रिद्धि पांडे ने खेलो एमपी यूथ गेम्स की बॉक्सिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर उन्हें 31 हजार रुपए की नगद राशि एवं पदक प्रदान किया गया। रिद्धि का चयन आगामी खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए भी हुआ है। इस अवसर पर विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में प्राचार्य विनय शर्मा ने उन्हें मेडल पहनाकर सम्मानित किया तथा उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान किया।

### कोलार कालीबाड़ी टू लेन ब्रिज का भूमिपूजन कल

**भोपाल।** कोलार कालीबाड़ी टू लेन ब्रिज के निर्माण कार्य का भूमिपूजन शनिवार को विधायक रामेश्वर शर्मा द्वारा किया जाएगा। पांच करोड़ से बनने वाले कालीबाड़ी टू लेन ब्रिज के बनने से कोलार की पांच लाख आबादी को बड़ी राहत होगी। इस पुल के माध्यम से वाहन चालक सीधे बावड़िया कलां, रोहित नगर, सलैया, गुलमोहर और नर्मदापुरम रोड की तरफ आसानी से आ-जा सकेंगे, अभी यह पुल संकरा होने के कारण यहां से गुजरने वाले हजारों वाहन चालकों को परेशानियां उठानी पड़ रही है। बता दें कि सीआई हाइट से बंसल अस्पताल तक बने फोर लेन अवध मार्ग पर कलिया सोत नदी कालीबाड़ी पर इस पुल के निर्माण से बड़ी राहत मिलेगी। वर्तमान में यहां पर टू लेन पुल है। स्ट्रीट लाइट के साथ लगभग पांच करोड़ की लागत से यहां 75 मीटर टू लेन ब्रिज का निर्माण होगा।

## शिकायतों के बावजूद अधिकारी कर रहे लापरवाही, शिव बारात निकालने में होगी परेशानी

# 'सुख' सागर कॉलोनी के लोगों का 'दुख' सड़क पर भरा करीब एक फीट गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भेल क्षेत्र के खजूरी कला रोड एसओएस के पीछे स्थित शिवलोक फेस-2, वार्ड 61 से निकलने वाली सड़क में पिछले छह माह से लगातार करीब एक फीट पानी भरे होने से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। स्कूल जाने वाले छोटे बच्चे सड़क से निकलते वक्त गिर जाते हैं और उनकी ड्रेस भी खराब हो जाती है। वाहन चालक फिसल कर गिरने से घायल हो रहे हैं। सबसे बड़ी समस्या मंदिर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को हो रही है। उनका कहना है कि हमें मंदिर ऐसे गंदे पानी से होकर जाना पड़ता है, जिससे हमें काफी दिक्कत आती है। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि हमने कई बार वार्ड पार्षद से शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

स्थानीय रहवासियों का कहना है कि पहले सड़क के बगल में मैदान था, तो पानी निकल जाता था। अब उस मैदान की जमीन को एक बिल्डर गणेश राजपूत ने खरीद लिया है। वह उस जमीन पर प्लॉटिंग कर रहा है। इस लिए सड़क किनारे चादर की दीवार बना दी है और सड़क किनारे मुरुम डाल दिया है, जिससे पानी की निकासी बंद हो गई है। रहवासियों का कहना है कि हमने बिल्डर से कई बार पानी की निकासी के लिए रास्ता बनाने की बात कही, पर बिल्डर तैयार नहीं हो रहा है। वह कहता है कि पक्की नाली बनवाओ। नतीजा यह है कि सड़क पर सुख सागर कॉलोनी का पूरा पानी आकर इकट्ठा हो रहा है। इस समस्या को लेकर कॉलोनी के अध्यक्ष उमेद सिंह कीर ने बताया कि हमने कई बार पार्षद, मंत्री और 181 में भी शिकायत की है, लेकिन कार्रवाई अभी तक नहीं हुई है।

### खास बातें

- स्कूली बच्चे, वाहन चालक और मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं को हो रही दिक्कत
- शिकायत के बाद वार्ड 61 की पार्षद से मिला सिर्फ आश्वासन, नहीं की कार्रवाई


सड़क पर भरा गंदा पानी।

### गंदे पानी से निकलेगी बाबा महाकाल की सवारी!

महाशिवरात्रि पर्व रविवार 15 फरवारी को है। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर महाकाल भक्त मंडल द्वारा भव्य शिव बारात निकाली जाती है। भक्तों को चिंता सता रही है कि क्या बारात सड़क में भरे गंदे पानी से होकर निकलेगी? ऐसी स्थित में लोगों को भारी परेशानी होगी। शिवलोक फेस-2 के उपाध्यक्ष पंडित मनीष तिवारी का कहना है कि हमने नगर निगम में लिखित आवेदन कई दिनों पहले दिया है, पर अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। कॉलोनी से निकलने वाली शिव बारात समारोह में लोगों का जनसमूह उमड़ता है। ऐसे में अगर इस समसया का समाधान नहीं हुआ तो भक्तों को काभी परेशानी होगी। वहीं नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।



### पानी निकास की बात पर हमें मारने भेजते हैं गुंडे

मैं पिछले दिनों कई बार गणेश दिवान सिटी के बिल्डर से सड़क का पानी निकालने के लिए रास्ता देने की बात कही, तो उन्होंने हमारे खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज करवा दी, साथ ही हमें मारने के लिए गुंडे भी भेज दिए थे। हमने वार्ड 61 की पार्षद मधु शिवनानी से इस समस्या के समाधान के लिए चर्चा की, लेकिन सिर्फ आश्वासन ही मिला, कार्रवाई तो कुछ नहीं हुई। हमने मंत्री कृष्णा गौर को भी इस समस्या से अवगत कराया है। इसके बाद भी उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। हमने 181 में भी शिकायत की, पर निराकरण नहीं हुआ। रास्ते में पानी भरे होने के कारण स्कूली बच्चे आते-जाते गिर रहे हैं, मंदिर में पूजा करने जाने वाले श्रद्धालु गंदे पानी से होकर गुजर रहे हैं, जिससे उनको काफी दिक्कतें हो रही हैं।हो गई।

उमेद सिंह कीर, अध्यक्ष, शिवलोक फेस-2

### सुख सागर कॉलोनीवासी बहाते हैं घंटों पानी

सड़क में पानी भरे होने का मुख्य कारण सुख सागर कॉलोनीवासी हैं। वे घंटों नलों और ट्यूबवेल का पानी सड़क पर बहाते हैं, जो मुख्य सड़क पर आ कर जमा हो जाता है। सुख सागर का एक रहवासी अपना ट्यूबवेल साफ करने के लिए घंटों पानी बहाता है, उसे मना करने के बाद भी नहीं मानता है। इस समस्या के समाधान के लिए पक्की नाली बनानी चाहिए जो बाहर 80 फीट रोड पर मिले। हमने सीवेज खुले में बहाने को लेकर शिवलोक कॉलोनी के अध्यक्ष की शिकायत एनजीटी में की है, उन्हें इसका नोटिश भी मिला है। हमने कोई गुंडा मारने के लिए नहीं भेजा है, यह सब झूठी बातें हैं।

गणेश राजपूत, बिल्डर

### रोड पर पानी बहाने की अनुमति नहीं, होगी चालानी कार्रवाई


रोड पर अगर कहीं कोई पानी बहा रहा है तो इसकी अनुमती नहीं है, ऐसे व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। हमारे पास ऐसी कोई भी शिकायत आती है, तो जोन अधिकारी स्पॉट पर जाकर निरीक्षण करते हैं और और संबंधित व्यक्ति के खिलाफ चालानी कार्रवाई की जाती है।

प्रेमशंकर शुक्ला, जनसंपर्क अधिकारी, नगर निगम, भोपाल

## महर्षि महेश को अर्पित किए श्रद्धासुमन

# महर्षि परिवार ने 'योगी' को अर्पित किए श्रद्धासुमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



आज पूरी दुनिया में वैश्विक संत भावातीत ध्यान, सिद्धि, यौगिक उड़ान एवं महर्षि चेतना आधारित शिक्षा पद्धति के जनक परम पूज्य महर्षि महेश योगी को उनकी पुण्यतिथि पर महर्षि महेश योगी संस्थान के प्रमुख ब्रह्मचारी गिरीश एवं महर्षि परिवार के अधिकारियों, कर्मचारियों सहित अनुयायियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए संकल्प लिया कि वे ब्रह्मचारी गिरीश के सतत मार्गदर्शन में महर्षि के संकल्पों को पूरा करने के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे। उनके तपोनिष्ठ शिष्य महर्षि महेश योगी संस्थान के प्रमुख ब्रह्मचारी गिरीश सहित महर्षि संस्थान के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अनुयायियों ने उन्हें स्मरण करते हुए उनके परम शिष्य द्वारा किए जा रहे कार्यों को आगे बढ़ाने एवं महर्षि जी के संकल्पों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्धताओं को दुहराया।

# श्रीराम कथा में मनाया गया श्रीराम-सीता विवाहोत्सव


झूमते श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भगवान श्रीराम का जन्म अभिजित नक्षत्र में हुआ था। अभिजित नक्षत्र दिन में दो बार आता है। दोपहर 12 से लगभग 15 मिनट पहले और 1 बजे से 15 मिनट पहले तक के कार्यकाल में अभिजित नक्षत्र का प्रभाव रहता है।

ठीक इसी प्रकार से रात में 12 से 15 मिनट पहले और 1 से पहले 15 मिनट पहले तक अभिजित नक्षत्र का प्रभाव रहता है। यह नक्षत्र काल का समय वह अद्भुत और अनमोल समय है। जिस समय प्रभु श्रीराम ने पृथ्वी लोक पर अवतार लिया, उस समय अभिजित नक्षत्र था। जिसकी वजह से इस समय काल में जो भी कार्य किया जाता है वह कार्य निश्चित रूप से ही व्यक्ति को सफलता प्रदान करता है। यह उद्गार श्री शिव शक्ति धाम सिद्धाश्रम के पीठाचार्य पंडित सुशील महाराज ने श्रीराम जानकारी मंदिर शिक्षक कॉलोनी बाग मुगलिया में आयोजित श्रीराम कथा के तीसरे दिन श्रीराम-सीता विवाह की कथा सुनते हुए व्यक्त किए।

# एआईआईएलएसजी और सीएलजीएफ का मप्र में सतत शहरी विकास पर नीति संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



संवाद कार्यक्रम का दृश्य।

राजधानी में मध्य प्रदेश में सतत शहरी विकास पर तीन दिवसीय संवाद का समापन हुआ। जिसमें देश और विदेश से शहरी विकास से जुड़े विशेषज्ञों ने भाग लिया। चर्चा का केंद्र समावेशी, जलवायु-संवेदनशील और बेहतर ढंग से शासित शहरी विकास के रास्ते रहे। सम्मेलन का उद्घाटन नगरीय विकास राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी ने किया।

इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव संजय दुबे, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और कर्नाटक के विभिन्न नगर निगमों के महापौर और अधिकारी भी उपस्थित रहे। यह संवाद कॉमनवेल्थ लोकल गवर्नमेंट फोरम, लंदन और ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ लोकल सेल्फ-गवर्नमेंट द्वारा संयुक्त रूप से होटल मैरियट, में आयोजित किया गया।

# एम्स: डॉ. भावना शर्मा को 'नेशनल रिसोर्स टीचर' का गोल्ड प्लाक सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स भोपाल के नेत्र रोग विभाग की प्रमुख डॉ भावना शर्मा को अखिल भारतीय नेत्र विज्ञान सोसायटी (एआईओएस) के प्रतिष्ठित गुरुसंगम कार्यक्रम में लगातार तीसरी बार 'नेशनल रिसोर्स टीचर' का गोल्ड प्लाक सम्मान प्रदान किया गया। देशभर के लगभग 100 वरिष्ठ नेत्र विज्ञान शिक्षकों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा में डॉ भावना को विषयवस्तु, प्रस्तुति, स्पष्टता और व्यावहारिक उपयोगिता के आधार पर चयनित किया गया। गुरुसंगम मंच पर पिछले तीन वर्षों में डॉ भावना द्वारा दिए गए व्याख्यानों को राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली।

## मंत्री कैलाश व शर्मा ने सिटी टाउनशिप के विकास पर चर्चा की

# आइसर में रोडमैप फॉर नॉलेज एंड एआई सिटी पर ब्रेनस्टॉर्मिंग सेशन, कई दिग्गज हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



राजधानी स्थित भारतीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर) ने रोडमैप फॉर नॉलेज एंड एआई सिटी कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें प्रमुख उच्च शिक्षा संस्थानों के उपकुलपति, रजिस्ट्रार और निदेशकों के साथ एक इंटरैक्टिव ब्रेनस्टॉर्मिंग सेशन भी आयोजित किया गया। इसमें नवाचार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और शहरी विकास के भविष्य पर चर्चा करने के लिए विचारक और प्रमुख हितधारक शामिल हुए। कैलाश विजयवर्गीय, शहरी विकास और आवास मंत्री, मध्य प्रदेश सरकार ने वैश्विक सिटी टाउनशिप के विकास की अपनी दृष्टि साझा की और भोपाल की प्रगति को तेज करने में मेक इन इंडिया के महत्व पर चर्चा की।

## आदित्य बिड़ला कैपिटल फाउंडेशन का सीएसआर कार्यक्रम

# एमसीयू: मीडिया मैनेजमेंट विभाग ने वित्तीय साक्षरता पर विशेषज्ञ सत्र का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुरुवार को माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विवि के मीडिया मैनेजमेंट विभाग द्वारा युवा नागरिकों के लिए वित्तीय शिक्षा विषय पर विशेषज्ञ सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आदित्य बिड़ला कैपिटल फाउंडेशन के सीएसआर कार्यक्रम के तहत तथा सेबी की क्षमता निर्माण पहल नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटीज मार्केट के सहयोग से आयोजित किया गया। इस विशेषज्ञ सत्र का संचालन सेबी से संबद्ध एनआईएसएम के प्रमाणित विशेषज्ञ विवेक वर्मा द्वारा किया गया। शुरूआत विभागाध्यक्ष डॉ.



अविनाश बाजपेयी द्वारा की गई। इसके बाद वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक मनीषा वर्मा ने अतिथि वक्ता का स्मृति-चिह्न भेंट कर स्वागत किया।

## गणतंत्र दिवस 2026 परेड के सहभागी एनएसएस के स्वयं सेवक लोक भवन में हुए सम्मानित

# सद्भावना और निःस्वार्थ सेवा से ही समाज में वास्तविक परिवर्तन संभव: राज्यपाल पटेल

**कहा, आपके कार्यों से लोगों को खुशी मिले, किसी को दुख नहीं हो**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि आत्मीय सद्भावना के साथ जरूरतमंद की मदद सच्ची समाज सेवा है। सेवा का भाव सबकी अंतरात्मा में निहित है। उसे अच्छे संस्कारों और मूल्यों से उभारने की जरूरत है। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों से कहा कि आपके कार्यों से लोगों को खुशी मिले। किसी को दुख नहीं हो। हर दिन के अंत में चिंतन करें, क्योंकि समाज बदलने के लिए स्वयं को बदलना आवश्यक है। सबके लिए सद्भावना और निस्वार्थ सेवा से ही आत्मिक आनंद की प्राप्ति होती है। धन से क्षणिक सुख तो प्राप्त किया जा सकता है, किन्तु वास्तविक सुख संस्कारित आचरण से ही मिलता है। राज्यपाल पटेल गुरुवार को लोकभवन में आयोजित राष्ट्रीय स्वयंसेवक सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे।


एनएसएस के स्वयंसेवकों को सम्मानित करते राज्यपाल।

### एनएसएस के युवा केवल विद्यार्थी नहीं

राज्यपाल पटेल ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का कैंपस टू कम्यूनिटी सफर शिक्षा द्वारा समाज सेवा और समाज सेवा द्वारा शिक्षा के महान लक्ष्य को प्राप्त करने का संकल्प है। कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना केवल प्रमाण-पत्र प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि स्वयं से पहले सेवा के जीवन-मंत्र को अपनाने की साधना है। राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के युवा केवल विद्यार्थी नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा के समर्पित सिपाही हैं।

उनका प्रत्येक कदम समाज की प्रगति, जागरूकता और संवेदनशीलता की दिशा में आगे बढ़ता है। कहा कि राष्ट्रपति के समक्ष सलामी देना बड़ी उपलब्धि है, लेकिन असली साथर्कता तब है, जब स्वयंसेवक अपनी निस्वार्थ सेवा और अटूट संकल्प से वंचित और जरूरतमंद लोगों के जीवन में वास्तविक सुधार लाएं। उन्होंने कहा कि कर्तव्य पथ पर युवाओं की अनुशासित और प्रभावशाली कदमताल ने प्रदेशवासियों का दिल जीता है।

### पुरस्कार और मेडल प्रदान किए

नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस 2026 की राष्ट्रीय परेड में शामिल राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को पुरस्कार और मेडल प्रदान किए। पुरस्कार और पदक प्राप्त करने वालों में आयुषी सिन्हा, सोमित दुबे, प्रज्ञा सक्सेना, विनोद कुमार सेन, आशा वरकड़े, रिमी शर्मा, अंतरा चौहान, आदित्य गौर, महेश चौहान और संजय कुमार रजक शामिल रहे। राज्यपाल का कार्यक्रम में पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्रम भेंट कर स्वागत किया गया। स्वागत उद्बोधन अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा अनुपम राजन ने दिया और आभार प्रदर्शन आयुक्त उच्च शिक्षा प्रबल सिपाहा ने किया। कार्यक्रम में राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी, क्षेत्रीय निदेशक राष्ट्रीय सेवा योजना सहित अधिकारी और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# एसआईआर की फाइनल लिस्ट में शामिल हुए 14 लाख 86 हजार नाम

## दो लाख नामों को लेकर चल रही सुनवाई, 14 फरवरी तक काम होगा खत्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

चार नवंबर से शुरु हुए स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) का काम अंतिम चरणों में पहुंचे गया है। जिसके तहत नो मैपिंग, आपत्तियां और लॉजिकल डिस्पेंसी वाले मतदाताओं की सुनवाई कर दस्तावेज लिए जा रहे हैं। अगले 14 फरवरी तक करीब दो लाख मतदाताओं का वेरिफिकेशन किया जाना है। जिसके तहत मतदाताओं को दस्तावेज भी पेश करना पड़ेंगे।

आयोग ने बीएलओ को मौके पर पहुंचकर दस्तावेज अपलोड करने की व्यवस्था दी है। जिले की सात विधानसभा सीटों में 16 लाख 87 हजार 33 मतदाताओं में से 14 लाख 86 हजार 765 मतदाताओं के नाम एसआईआर की फाइनल वोटर लिस्ट में शामिल कर दिए गए हैं।

### नो मैपिंग वाले मतदाताओं की रोजाना हो रही सुनवाई


टीटी नगर के मॉडल स्कूल में मतदाताओं की सुनवाई करते बीएलओ और अधिकारी।

एसआईआर की फाइनल वोटर लिस्ट जारी करने के लिए जिले में करीब 2 लाख मतदाता ऐसे हैं, जिनका नाम अंतिम सूची में शामिल नहीं हो सका। इनकी जांच के बाद सूची में शामिल करने के लिए 8 दिन का समय शेष है। शहरी क्षेत्र में आपत्तियां और लॉजिकल डिस्पेंसी वाले मतदाताओं का आंकड़ा अधिक होने से इनका वेरिफिकेशन करने में देरी हो रही है। 14 फरवरी के बाद नई फाइनल वोटर्स लिस्ट प्रकाशित होगी। अफसरों ने बताया कि रोजाना वोटर्स की सुनवाई की जा रही है। जिन वोटर्स को नोटिस दिए गए हैं। उनके दस्तावेज लेकर पक्ष सुना जा रहा है। कुछ सुनवाई पेंडिंग चल रही हैं, जिन्हें निपटा लिया जाएगा।

### उत्तर में सबसे ज्यादा काम, हुजूर सबसे पीछे

भोपाल उत्तर सबसे आगे रही, जहां 94.75 प्रतिशत मतदाताओं का नाम फाइनल लिस्ट में शामिल हुआ। इसके बाद गोविंदपुरा विस में 92.62 प्रतिशत और भोपाल दक्षिण-पश्चिम में 91.93 प्रतिशत वोटर्स फाइनल सूची में दर्ज किए गए। वहीं दूसरी ओर हुजूर में यह प्रतिशत सबसे कम 83.74 रहा। नरेला और बैरसिया सीटों में भी फाइनल पब्लिकेशन का आंकड़ा 84 प्रतिशत के आसपास है।






## खबर संक्षेप

### शहर में 205 स्थानों से पानी के लिए नमूने

**भोपाल।** नगर निगम ने स्वच्छ पेयजल देने के लिए निगरानी और सुधार अभियान को तेज कर दिया है। जिसके तहत गुरुवार को झुग्गी बस्तियों सहित पूरे शहर के 205 स्थानों से जल के नमूने लेकर परीक्षण कराया गया। निगम ने 8 परीक्षण शालाओं में पानी की गंध, रंग, स्वाद, पीएच, टरबिडिटी, रेसिडुअल क्लोरीन और बैक्टीरिया की जांच की जा रही है।
इस अभियान के तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 56 पाइपलाइन लीकेज भी दुरुस्त किए गए। सीएम हेल्पलाइन और महापौर हेल्पलाइन पर आई 6 शिकायतों का निराकरण किया गया। निगम अमले ने अब तक झुग्गी बस्तियों के 3402 स्थानों सहित 8 हजार 183 पानी के सैंपल की जांच, 1415 लीकेज सुधार और 4328 सीवेज चेंबरों की सफाई कराई गई है।

### एम्स में फ्री फंक्शनिंग मसल ट्रांसफर सर्जरी

**भोपाल।** एम्स भोपाल के बर्न्स एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग ने मध्य प्रदेश में पहली बार पैन ब्रैकियल प्लेक्सस इंजरी से पीड़ित 55 वर्षीय मरीज में कोहनी के लचीलेपन को बहाल करने के लिए फ्री फंक्शनिंग मसल ट्रांसफर सर्जरी की। पैन ब्रैकियल प्लेक्सस इंजरी एक गंभीर स्थिति है, जिसके परिणामस्वरूप ऊपरी अंग का पूर्ण पक्षाघात होता है और मरीज के जीवन की गुणवत्ता गंभीर रूप से प्रभावित होती है। इस जटिल माइक्रोसर्जिकल प्रक्रिया में शरीर के दूसरे भाग (जांघ) से एक कार्यशील मांसपेशी (ग्रैसिलिस) को उसकी तंत्रिका और रक्त आपूर्ति के साथ निकालकर प्रभावित ऊपरी अंग में प्रत्यारोपित किया गया। यह सर्जरी सफलतापूर्वक डॉ. दीपक कृष्णा, डॉ. राहुल दुबेपुरिया के नेतृत्व में बर्न्स एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग की विशेषज्ञ टीम और डॉ. अनुज जैन के नेतृत्व में एनेस्थीसिया टीम द्वारा की गई।

## प्रमुख चौक-चौराहों पर यातायात बेकाबू, ट्रैफिक जाम से जूझ रहे शहरवासी

# ट्रैफिक पुलिस वाला 'बेर' खाने में व्यस्त लोग सिग्नल तोड़ रहे, ट्रैफिक अस्त-व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हरिभूमि लाइव

राजधानी में आए दिन ट्रैफिक जाम लगने से लोग परेशान हैं। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर पीक ऑवर्स में यातायात का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे ट्रैफिक जाम लगने के कारण लोग का समय व्यर्थ हो रहा है। महत्वपूर्ण कार्यक्रम और कार्य छूट रहे हैं।

प्रभात चौराहा, ज्योति चौराहा समेत प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक जाम लगने के कारणो में रेड सिग्नल जंपिंग, ज़ेबा क्रॉसिंग पर वाहन खड़े करना, रॉन्ग साइड से वाहन चलाने अलावा यातायात पुलिस की लापरवाही भी सामने आ रही है। हालांकि यातायात पुलिस के अधिकारी तर्क दे रहे हैं कि मेट्रो निर्माण के कारण ट्रैफिक डायवर्जन से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

*जेब्रा क्रॉसिंग पर वाहन खड़े कर रहे सिग्नल रुल्स तोड़ रहे*

*ट्रैफिक सिग्नल का पालन न करने से चौराहों पर अव्यवस्था*

### ट्रैफिक सुचारु बनाने की बजाय ठेले से बेर खाता रहा यातायात कर्मी




शहर में यातायात व्यवस्था का यह हाल है कि कई प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस की उपस्थिति न के बराबर है। जो मौजूद रहते हैं, वह ध्यान नहीं दे रहे हैं। हाल यह है कि गुरुवार को प्रभात चौराहे पर ट्रैफिक सुचारु बनाने की बजाए यहा ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक कर्मी ठेले से बेर खाने में व्यस्त दिखा।

### जाम के कारण

- जेब्रा क्रॉसिंग पर वाहन खड़े करना
- ट्रैफिक सिग्नल का पालन नहीं करना
- मेट्रो निर्माण के कारण ट्रैफिक डायवर्जन
- ट्रैफिक पुलिस की गैरमौजूदगी

### जनता ने की सुधार की मांग

शहरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस की नियमित तैनाती की जाए, जेब्रा क्रॉसिंग पर वाहन खड़े करने वालों पर सख्त कार्रवाई हो और बेहतर ट्रैफिक प्रबंधन किया जाए।



ज्योति टॉकीज चौराहे पर नियम तोड़कर दोनों तरफ से आते वाहन।

### जल्द स्थिति होगी सामान्य

मेट्रो रूट निर्माण काम होने के चलते ट्रैफिक डायवर्जन किया गया है, जिसके चलते ट्रैफिक जैसी स्थित उत्पन्न हो रही है। जल्द स्थित सामान्य हो जाएगी।

अजय वाजपेयी
एसीपी, ट्रैफिक

### ज्योति टॉकीज चौराहाः जेब्रा क्रॉसिंग पर खड़ी गाड़ियां बनी बाधा

समयः गुरुवार, शाम 4.50 बजे




ज्योति टॉकीज चौराहों पर ट्रैफिक नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। कई वाहन चालकों ने जेब्रा क्रॉसिंग पर ही अपनी गाड़ियां खड़ी कर दी, जिससे वाहन चालकों और लोगों को निकलने में कठिनाई हुई। ट्रैफिक सिग्नल का पालन न होने के कारण चौराहे पर अव्यवस्था फैल गई और जाम जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है।

### प्रभात चौराहाः मेट्रो निर्माण से रुकी रफ्तार, ट्रैफिक नियम भी तोड़ रहे

प्रभात चौराहे पर चल रहे मेट्रो निर्माण कार्य के कारण ट्रैफिक डायवर्जन किया गया है। इस डायवर्जन के चलते यातायात व्यवस्था और अधिक प्रभावित हो रही है। लोग जल्दी निकलने के प्रयास में ट्रैफिक सिग्नल से आगे बढ़कर सड़क पर खड़े गए, जिससे अन्य दिशाओं से आने वाले वाहनों को रुकना पड़ा और यहां आंशिक जाम लग गया।

समयः गुरुवार, शाम 4.30 बजे



## ग्रीन कवर 38 से घटकर 6 प्रतिशत पर सिमटा

# 15 साल में काट दिए 6 लाख पेड़ छह लाख करोड़ रुपए का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में हरियाली को लगातार नुकसान पहुंचाया जा रहा है। पिछले पंद्रह सालों के दौरान शहर में छह लाख से अधिक पेड़ों की कटाई की गई है। जिससे शहर का ग्रीन कवर 38 फीसदी से घटकर छह फीसदी पर आ गया है। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की वजह से पर्यावरण को छह लाख करोड़ रुपए का नुकसान पहुंचाया गया है। इन पेड़ों में अधिकतर पुराने और ऐतिहासिक पेड़ भी शामिल हैं।

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) में चल रहे प्रकरण में पर्यावरण को लेकर चौंकाने वाले तथ्य उजागर हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट की कमेटी के अनुसार हेरिटेज पेड़ों की इस कटाई से शहर को 6 लाख करोड़ रुपए से अधिक की आर्थिक क्षति हुई है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने अब प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि शहर की वास्तविक हरियाली का पता लगाने के लिए ड्रोन और हाई-रिजोल्यूशन मैपिंग के जरिए 'ट्री सेंसस' कराया जाए। जिससे हकीकत सामने आ सके।

### अतिक्रमण पर आमने-सामने प्रशासन और याचिकाकर्ता

एनजीटी की सुनवाई के दौरान भोपाल नगर निगम ने दावा किया कि शहर में अब केवल 58 अतिक्रमण शेष हैं। हालांकि, याचिकाकर्ता ने इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि अतिक्रमण हटने के बजाय कई स्थानों पर बढ़ गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 1986 से 2021 के बीच लगाए गए 42 लाख पौधों में से बड़ी संख्या में पेड़ काट दिए गए या उनकी भूमि पर व्यावसायिक कब्जा कर लिया गया है।

### पेड़ों की कटाई से क्या हो रहा नुकसान?

- ग्रीन कवर कम होने का सीधा असर शहर की आबोहवा पर पड़ रहा
- तापमान में 8 डिग्री सेल्सियस तक का इजाफा हुआ है, जो गर्मियों में 48 डिग्री के पार पहुंच रहा
- पेड़ों की कमी से 12 लाख लोगों के लिए आवश्यक आक्सीजन की उपलब्धता प्रभावित
- हरियाली घटने से तालाबों की गुणवत्ता गिरी है और भूजल संकट गहराया

## दिन का पारा 25.4 और रात में 13 डिग्री दर्ज

# राजधानी में अब धूप में आएगी तेजी रात में ठंडक का बढ़ेगा सिलसिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में अब आसमान साफ रहने से तीन से चार दिन धूप में तेजी रहेगी, जबकि रात के तापमान में गिरावट होगी।

गुरुवार को भोपाल में दिन का पारा 2.6 डिग्री बढ़कर 25.4 डिग्री रहा, जबकि रात में एक डिग्री की कमी के साथ 13 डिग्री दर्ज हुआ। शुक्रवार को भोपाल में मौसम सामान्य रहेगा। इससे रात के तापमान में कमी आने की उम्मीद है। दिन में धूप खिलेगी।

### 10 फरवरी के आसपास शहर के मौसम में बदलाव की संभावना

मौसम केंद्र के अनुसार पश्चिमी मप्र में अभी ज्यादा बदलाव नहीं होगा, जबकि पूर्वी हिस्से में रात के तापमान में औसतन दो डिग्री तक की कमी आएगी। भोपाल में भी रात में ठंडक बढ़ेगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अब नया पश्चिमी विक्षोभ 8 फरवरी की रात से हिमालयी क्षेत्र में सक्रिय होगा। इससे 10 फरवरी के आसपास मौसम में फिर कुछ बदलाव की उम्मीद है।

## दिन भर शराब पी, शाम को चोरी की बाइक से निकला था आरोपी, पिपलानी व अयोध्या नगर में किया था हमला

## साइको अटैकर को पिपलानी थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार

# एकतरफा प्रेम में युवती ने कर दी थी पुलिस में शिकायत, तभी से करने लगा था नफरत, पत्नी से हुआ था विवाद, दो घंटे में चार युवतियों पर किया कटर से हमला

सागर में चार युवतियों पर कर चुका है कटर से हमला

दोस्त के गले पर मारा था कटर, सनकी मिजाज का है आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पिपलानी में तीन और अयोध्या नगर में एक युवती पर रेडियम कटर से हमला करने वाले साइको अटैकर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पत्नी से विवाद के बाद आरोपी ने दिन भर शराब पी और चोरी की बाइक से पिपलानी पहुंचा था। वर्ष 2014 में भी सागर में उसने चार युवतियों पर रेडियम कटर से हमला किया था। इसके अलावा वर्ष 2020 में अपने दोस्त के गले पर रेडियम कटर मारा था। करीब 150 से अधिक पुलिसकर्मियों और अधिकारियों की टीम ने अथक प्रयास के बाद आरोपी को दबोच लिया। आरोपी मजदूरी करता है और सीमेंट-रेत वाला मिक्सर चलाता है। सीमेंट की बोरी काटने के कारण उसके पास हमेशा रेडियम कटर रहता था।


महेंद्र अहिरवार

जानकारी के अनुसार 29 जनवरी की रात साढ़े 9 बजे से साढ़े 11 बजे के बीच पिपलानी और अयोध्या नगर में राह चलती युवतियों पर रेडियम कटर से हमला करने की तीन शिकायत आई थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज चेक किए। फुटेज में एक संदिग्ध नजर आया। लगातार चार वारदात होने के बाद पुलिस एक्शन मोड पर आ गई और तत्काल टीम का गठन किया गया। अयोध्या नगर, पिपलानी और क्राइम ब्रांच को मिलाकर डेढ़ सौ पुलिसकर्मी और अधिकारी आरोपी की तलाश में जुट गए।


पिपलानी थाना पुलिस की गिरफ्त में आरोपी महेंद्र अहिरवार।

### करोंद से चुराई थी बाइक

आरोपी महेंद्र अहिरवार ने करोंद मंडी से बाइक चुराई थी। चोरी की बाइक वह चार महीने तक राजधानी की सड़क पर इस्तेमाल करता रहा, लेकिन उसे पुलिस पकड़ नहीं सकी। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि चार युवतियों को कटर मारने के बाद राजधानी में हल्ला हो गया था। वह समझ गया था कि अब पुलिस एक्टिव हो गई है। लिहाजा उसने पत्नी से कहा कि उसकी तबीयत ठीक नहीं है और काम पर जाना बंद कर दिया।

### वारदात के बाद घर में छिपकर बैठा

आरोपी महेंद्र अहिरवार (37) घसेरा मोहल्ला, राहतगढ़, जिला सागर का रहने वाला है। वर्ष 2014 में वह एक युवती से एकतरफा प्रेम करता था। युवती को वह लगातार परेशान करने लगा। उससे परेशान होकर युवती ने पुलिस में शिकायत दर्ज करा दी। इसके बाद से ही वह युवतियों से नफरत करने लगा था। चार साल बाद परिजन ने उसकी शादी करा दी। उसके बच्चे भी है, लेकिन शराब के नशे में वह पत्नी को भी प्रताड़ित करने लगा। गत 29 जनवरी की सुबह उसका पत्नी से विवाद हुआ। विवाद के बाद वह घर से निकल गया। दोपहर में शराब पी और रात होते ही उसने चार वारदात को अंजाम दे दिया।


वारदात के दौरान सीसीटीवी फुटेज में आरोपी नजर आया।

### आरोपी पर था 25 हजार का इनाम

अयोध्या नगर टीआई महेश लिल्हारे ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। टीम ने 900 से अधिक सीसीटीवी फुटेज चेक किए और 600 पुराने बदमाशों से पूछताछ की। 100 के आसपास संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। इसके अलावा जेल से छूटने वालों का रिकार्ड खंगाला। इन सभी प्रयासों के बाद आरोपी हाथ लगा।

### सागर में पांच अपराध

आरोपी के खिलाफ सागर में पांच अपराध दर्ज है। इसमें चार अपराध कटर से युवतियों पर हमला करने के हैं, जबकि एक अपराध हत्या के प्रयास का है, जिसमें आरोपी ने वर्ष 2020 में अपने ही साथी के गले पर कटर से जानलेवा हमला किया था। वर्ष 2021 में आरोपी भोपाल आ गया था। कुछ दिन ठीक से रहा। पांच साल बाद उसे एक बार फिर सनक छूटी और उसने चार वारदात एक साथ कर दी।

## खबर संक्षेप



### नेत्र शिविर में 150 एसबीआई कर्मचारियों की कमजोर निकली नजर

**संतनगर।** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय द्वारा गुरुवार को भारतीय स्टेट बैंक के स्थानीय प्रधान कार्यालय में दृष्टि जांच एवं नेत्र रोग परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस जांच शिविर में कुल 204 एसबीआई के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की आंखों तथा चश्मे के नंबर की जांच की गई। जिसमें से 150 को दृष्टिदोष, 12 लोगों को मोतियाबिंद की शिकायत पाई गई और 162 को निःशुल्क आई ड्रॉप्स प्रदान किए गए तथा 19 लोगों को विस्तृत नेत्र परीक्षण हेतु सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय आने की सलाह दी गई। चीफ जनरल मैनेजर प्रवास कुमार सुबुधि ने स्वयं भी इस जांच शिविर में अपनी आंखों एवं चश्मे के नंबर की जांच करवाई और सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय द्वारा नेत्र रोगियों को दी जा रही गुणवत्तापूर्ण सेवाओं की सराहना की।

### पुलिसकर्मियों को फर्स्ट एड और सीपीआर का प्रशिक्षण

**भोपाल।** पुलिस उपायुक्त जोन-4 के तहत पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों के लिए प्राथमिक उपचार और सीपीआर प्रशिक्षण का आयोजन चिरायु अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज भैंसाखेड़ी में किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य प्रथम उत्तरदाता को सशक्त बनाना और रोड एक्सीडेंट पर फर्स्ट ऐड और सीपीआर देना है।

### कोठारी से मंडल महामंत्री यादव की गुप्त चर्चा



**औबेदुल्लागंज।** भोजपुर मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी के निवास पर गुरुवार शमा मंडल महामंत्री माधव यादव की गुप्त चर्चा से मंडल भाजपा में चर्चा शुरू हो गई। माधव यादव ने बताया की पंकज कोठारी से मेरी बहुत अच्छे दोस्ती है। इसीलिए मैं पंकज कोठारी को पसंद करता हूं और मैं उनसे अपने मन की बात करता हूं।

### महेश जैन के संगठन क्षमता की प्रशंसा की



**औबेदुल्लागंज।** ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इमरत सिंह दरबार, किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष सूरजमल गौर ने पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष महेश जैन के संगठन क्षमता की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जैन एक प्रभावशाली और संगठन के प्रति जिम्मेदार हैं।

### दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी 9 फरवरी से

**मंडीदीप।** राजाभोज शासकीय महाविद्यालय में 9 एवं 10 फरवरी को दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। संगोष्ठी का विषय 'जनजातीय समाज का इतिहास, संस्कृति, साहित्य एवं समकालीन चुनौतियां' रहेगा। संगोष्ठी में जनजातीय समाज के इतिहास एवं संस्कृति, साहित्य, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, विकास, जनजातीय अशिक्षा, जनजातीय युवाओं की भूमिका, जनजातीय महिलाओं की समस्याएं तथा सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण एवं संवर्धन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विमर्श किया जाएगा। आयोजन सचिव किरण वट्टी ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. वैभव सुरंगे (युवा प्रमुख, अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम), वंदना टेटे (सुप्रसिद्ध साहित्यकार, झारखंड) आदि उपस्थित रहेंगे।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 1638 | | |
| दिनः | 147 | 20 | 145 |
| रातः | 899 | 66 | 790 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 127 | 07 | 269 |
| रातः | 113 | 56 | 457 |

नवीबाग से पीछा करते हुए सूखीसेवनिया तक पहुंचे थे बदमाश

# आई-20 कार से आए थे इलेक्ट्रॉनिक्स व्यापारी से लूट करने वाले आरोपी, पुलिस को मिले सीसीटीवी फुटेज, तलाश जारी

**आदर्श नगर में मारपीट कर छीने थे दो लाख रुपए, मुबारकपुर की तरफ जाते दिखे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र स्थित आदर्श नगर देवलखेड़ी के पास मुख्य सड़क पर दो जनवरी सोमवार तड़के इलेक्ट्रॉनिक्स व्यापारी से मारपीट करते हुए दो लाख रुपए की नगदी छीनने वाले आरोपी अब तक गिरफ्त से दूर है। पुलिस को मिले सीसीटीवी फुटेज में कार का तो पता चल गया है, लेकिन कार का नंबर नहीं मिलने से पुलिस आरोपियों तक नहीं पहुंच सकी है।

पुलिस का कहना है कि आई-20 कार से आए लुटेरों ने लूट की और कार मुबारकपुर की तरफ गई है। देहात क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे नहीं मिलने के कारण पुलिस को आरोपियों तक पहुंचने में समस्या हो रही है। यह बात तो देहात की हो गई। इधर, पुलिस को फरियादी से पूछताछ में बताया था कि कार सवार बदमाशों ने नवीबाग से उनका पीछा किया था। पुलिस ने सिटी सर्विलेंस के कैमरे चेक किए तो पता चला कि सभी कैमरे बंद है। पुलिस प्राइवेट कैमरे यानी कि जिन लोगों ने घरों में अपनी सुरक्षा के लिए कैमरे लगाएं हैं उनसे सड़क की तरफ लगे कैमरे के फुटेज मांग रही है। पुलिस ने आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार करने का दावा किया है।

उल्लेखनीय है कि आदर्श नगर देवलखेड़ी निवासी आबिद खान (32) की काजीकैम्प इलाके में सस्ता इलेक्ट्रॉनिक्स नाम से दुकान है। रविवार-सोमवार की दरमियानी रात अपनी स्विफ्ट कार से काजीकैंप से दुकान बंद कर घर आदर्श नगर जा रहे थे। उनके साथ आदर्श नगर में रहने वाला एक परिचित भी था। लांबाखेड़ा से वह जगदीशपुर जाने वाले रोड से आदर्श नगर जाने के लिए चल दिए। आदर्श नगर कॉलोनी के गेट के पास हसना डेयरी के सामने करीब सोमवार तड़के तीन बजे पहुंचते ही कार सवार तीन बदमाशों ने ओवरटेक कर उन्हें रोक लिया। रुकते ही बदमाशों ने मारपीट शुरू कर दी। इस बीच दो बदमाशों ने आबिद खान के दोनों हाथ पकड़ लिए और जेब से दो लाख रुपए निकाल लिए। रुपए लूटने के बाद बदमाश कार में सवार होकर भाग निकले। कार सवार आरोपी नवीबाग से आबिद खान की कार का पीछा कर रहे थे और मौके की तलाश में थे। मौका मिलते ही आदर्श नगर में हसना डेयरी के पास बदमाशों ने वारदात को अंजाम दे दिया।

### गेम खेलने के लिए दादा के अकाउंट से खर्च किए रुपए फोन छीनने के बाद चोरी-छिपे खेलने लगा था फ्री फायर

पिपलानी इलाके में फांसी लगाकर खुदकुशी करने वाले आठवीं कक्षा के छात्र के मामले में नया खुलासा हुआ है। जांच के दौरान पता चला कि गेम खेलने के शौकीन छात्र ने अपने दादा के अकाउंट से रुपए खर्च किए थे, जिसके बाद परिवार वालों ने उससे फोन फोन छीन लिया। हालांकि बाद में वह चोरी-छिपे मोबाइल पर फ्री फायर गेम खलने लगा था। मोबाइल छीनने के बाद वह किसी प्रकार से नाराज नहीं हुआ था, इसलिए परिजनों को किसी प्रकार की शंका नहीं हुई थी। जानकारी के अनुसार छत्रसाल नगर में रहने वाला अंश साहू (14) आठवीं में पढ़ता था। दो दिन पहले उसने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। घटना के समय माता-पिता पास ही एक तेरहवीं के कार्यक्रम में शामिल होने गया था। अंश भी उस कार्यक्रम में शामिल था, लेकिन दोपहर के समय वह मां का मोबाइल फोन लेकर कपड़े बदलने के बहाने घर लौट आया था। कुछ देर बाद परिवार वाले घर पहुंचे तो वह फंदे पर लटका मिला। शुरुआती जांच में पता चला है कि उसे फ्री फायर गेम की खेलने की लत लग गई थी। इस गेम में बेहतर अर्थात प्रो दिखने का प्रेशर रहता है।

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित भानपुर ब्रिज पर हुआ हादसा

# स्पोर्ट्स बाइक सवार बीएससी के छात्र को डंपर ने मारी जोरदार टक्कर, अस्पताल में हुई मौत

सिर और शरीर में आई थी गंभीर अंदरूनी चोट

ओवरटेक करने का प्रयास कर रहा था डंपर


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित भानपुर ब्रिज पर बुधवार देर रात तेज रफ्तार डंपर स्पोर्ट्स बाइक सवार छात्र को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही छात्र उछलकर सड़क पर गिरा था। उसे सिर सहित शरीर में अंदरूनी चोट आई थी। एंबुलेंस उसे हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंची, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक के पास से मिले मोबाइल के आधार पर पुलिस ने पिता से संपर्क कर हादसे की सूचना दी गई। पिता पहले घटनास्थल पर पहुंचे और फिर हमीदिया अस्पताल गए। वहां पता चला कि हादसे में बेटे की मौत हो गई है। शव मर्चूरी में रखवा दिया गया है। पुलिस ने डंपर जब्त कर लिया है। एसआई रामप्रसाद भारती ने बताया कि बीएमएचआरसी परिसर में रहने वाले सोनाराम मुंडा, अस्पताल में पंप ऑपरेटर हैं। उनका इकलौता बेटा सूजल मुंडा (21) प्राइवेट कॉलेज से बीएससी फोरेंसिक साइंस अंतिम वर्ष का छात्र था।

बुधवार रात करीब 11 बजे सूजल पिता से कहकर निकला था कि वह अपने दोस्त के घर जा रहा है। वह अपनी स्पोर्ट्स लेकर घर से निकल गया। इस बीच रात करीब सवा 12 बजे पिता को सूचना मिली कि उसका भानपुर ब्रिज पर एक्सीडेंट हो गया है। वह भानपुर ब्रिज पर पहुंचे तो डंपर खड़ा मिला और बाइक टूटी हुई पड़ी थी। वह हमीदिया अस्पताल पहुंचे। वहां पता चला कि सूजल की मौत हो गई है। उसका शव मर्चूरी में रखा है। गुरुवार सुबह पिता और परिजन मर्चूरी पहुंच गए थे। वहां बेटा का शव देखकर बेसुध हो गए।

### ओवरस्पीड बनी हादसे की वजह



सूजल मुंडा, मृतक

सूत्रों की माने तो हादसा ओवरस्पीड के कारण हुआ है। स्पीड होने के कारण टक्कर लगते ही बाइक सवार सूजल बाइक से उछलकर सड़क पर गिरा था। उसे सिर में गंभीर चोट थी। इसके अलावा जांघ के पास भी चोट थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

## आसाराम के साधकों ने जमीन विवाद पर पीटा, लाठी-डंडों से बहाया खून

तहसीलदार बैरागढ़ ने विवाद को लेकर गांधी नगर पुलिस को लिखा था पत्र



निजी जमीन पर कब्जे को लेकर आसाराम आश्रम के एक दर्जन साधकों ने किसान सहित अन्य लोगों पर लाठी-डंडों से हमला बोल दिया, जिससे जमीन मालिक शैलेष प्रधान को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर दो महीने पहले ही बैरागढ़ तहसीलदार ने गांधी नगर थाना प्रभारी को इस जमीन के विवाद को लेकर पत्र लिखा था। जिसके बाद गुरुवार को शैलेष प्रधान जब अपने साथियों के साथ जमीन पर पहुंचे तो आसाराम के साधकों में राघव, नरेंद्र सिंह सहित सीताराम गुप्ता समेत एक दर्जन साधकों ने लाठी और डंडों से हमला बोल दिया।

शैलेष प्रधान को लहुलुहान कर बेहोशी हालत में छोड़कर भाग गए, जिसके बाद प्रधान को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित ने बताया कि उनकी जमीन आसाराम आश्रम के पास है। जहां पर आश्रम के साधकों ने रास्ते पर कब्जा कर रखा है। गुरुवार को जब मैं अपने साथियों के साथ जमीन पर पहुंचा तो एक दर्जन साधक लाठी-डंडे लेकर वहां पहुंचे गए और जमीन से बाहर जाने का कहने लगे। मेरे द्वारा जब बताया गया कि यहां 1.77 एकड़ जमीन मेरी है, तो उन लोगों ने हमला बोल दिया। परिवार के लोग उन्हें लहुलुहान हालत में लेकर हमीदिया अस्पताल पहुंचे, जहां उनका इलाज चल रहा है। थाना प्रभारी गांधी नगर बृजेंद्र मस्कोले ने बताया कि आसाराम आश्रम में झगड़े की जानकारी मिली है। घायल को हमीदिया अस्पताल भेजा गया है। एमएलसी मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**तहसीलदार ने पहले भी हटाया था कब्जाः** शैलेष प्रधान और एकता प्रधान की 1.77 एकड़ जमीन को लेकर कलेक्टर के आदेश पर तत्कालीन तहसीलदार ने आश्रम का कब्जा हटाकर जमीन मालिकों को रास्ता दिया था, लेकिन तहसीलदार के जाते ही साधकों ने दोबारा से रास्ते को बंद कर दिया था। किसान अब दोबारा से रास्ता लेने के प्रयास में लगा हुआ है।

## मंडीदीप थाना पुलिस ने 8 साल से फरार नाइजीरियन युवक को दिल्ली से दबोचा

**गौहरगंज न्यायालय में पेश किया, वहां से जेल भेज दिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप



मंडीदीप थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। वर्ष 2018 में पासपोर्ट अधिनियम और फर्जी दस्तावेजों के मामले में फरार चल रहे नाइजीरियन नागरिक कैनचुक प्रिंस को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने दिल्ली पुलिस के सहयोग से यह कार्रवाई की।

जानकारी के अनुसार, साल 2018 में मंडीदीप क्षेत्र की एक होटल में बिना वैध दस्तावेजों के ठहरने पर पुलिस ने 20 विदेशी नागरिकों के खिलाफ पासपोर्ट एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। उस समय पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि बाकी आरोपी फरार हो गए थे। इनमें से एक फरार आरोपी कैनचुक प्रिंस, निवासी नाइजीरिया भी था। फरार आरोपियों की तलाश में मंडीदीप पुलिस ने लगातार प्रयास जारी रखे और दिल्ली पुलिस की मदद से आरोपी को ट्रेस कर सफलतापूर्वक गिरफ्तार किया। गुरुवार को आरोपी को गौहरगंज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया। थाना प्रभारी रणजीत सराठे ने बताया कि इस मामले में अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

## भगवान विष्णु और कृष्ण की उपासना करने से पुण्य की होती है प्राप्तिः बाबा रामदास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर



सुख सागर उदासीन आश्रम में माघ माह उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। आश्रम के गदीशीन महंत स्वामी बाबा रामदास उदासीन के सानिध्य में प्रातः काल व साय काल पर सत्संग कीर्तन होता था, साथ ही माताजी मोहिनी देवी धर्मपत्नी बाबा गोविंददास उदासीन की वरसी उत्सव भी मनाया गया।

बाबा रामदास उदासीन ने प्रवचन देते हुए कहा कि माघ का महीना भक्ति व तपस्या और पवित्र दान का महीना है। इस महीने में भगवान विष्णु और भगवान कृष्ण की पूजा की जाती है। माघ मास में पवित्र नदियों में स्नान और दान पुण्य करने का विशेष महत्व है। इस महीना भगवान विष्णु और भगवान कृष्ण की उपासना करना चाहिए।

## स्मार्ट मीटर लगवाने में सहयोग कर विशेष छूट का लाभ उठाएं उपभोक्ता

**विद्युत वितरण केंद्र के जेई ने उपभोक्ताओं से की अपील**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ओबेदुल्लागंज

विद्युत वितरण केंद्र औबेदुल्लागंज के कनिष्ठ अभियंता अधिकारी (जेई) गौरव छाबड़ा ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि समाधान योजना का लाभ उठाएं एवं स्मार्ट मीटर लगवाने में सहयोग कर विशेष छूट का लाभ उठाएं।

छाबड़ा ने बकाया बिजली बिल उपभोक्ताओं से अपील की है कि समाधान योजना का दूसरा चरण शुरू हो चुका है, जिसका लाभ उपभोक्ता तुरंत उठाएं एवं स्मार्ट मीटर लगने का जो कार्य चल रहा है, उसमें लाइन स्टाफ का सहयोग करें और शासन द्वारा स्मार्ट मीटर पर मिलने वाली 20 प्रतिशत छूट का लाभ उठाएं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की बिजली बिल बकायादारों के लिए राहत की योजना मध्य प्रदेश में समाधान योजना 2025-26 का दूसरा चरण 1 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक चलेगा। यह बिजली बिल बकायादारों के लिए एकमुश्त भुगतान (ओटीएस) योजना है, जिसके दूसरे चरण में बकाया सरचार्ज पर 50 से 90 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। यह योजना बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए दो चरणों में आयोजित की गई है।



उपभोक्ताओं को योजनाओं की जानकारी देते जेई गौरव छाबड़ा।

## स्व. सुषमा स्वराज के जन्मदिन पर 14 फरवरी को आयोजित होगी भजन संध्या और भंडारा

**औबेदुल्लागंज।** भाजपा के वरिष्ठ नेता जयप्रकाश शर्मा एवं उनके मित्र मंडल ने बताया कि भोजपुर विदिशा की पूर्व सांसद, पूर्व विदेश मंत्री एवं पद्म विभूषण स्वर्गीय सुषमा स्वराज की जयंती के अवसर पर 14 फरवरी को विशाल भजन संध्या एवं भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर नई दिल्ली की प्रसिद्ध भजन गायिका निकुंज कामरा अपने भजन की प्रस्तुति देंगी। जेपी शर्मा ने बताया कि स्व. सुषमा स्वराज ने औबेदुल्लागंज को महत्वपूर्ण सौगात दी। ओवर ब्रिज, अमरकंटक ट्रेन का स्टॉपेज औबेदुल्लागंज रेलवे स्टेशन में कराया। दशहरे मैदान को सुंदर स्वच्छ बनाने के लिए सांसद निधि से कराया। स्वर्गीय सुषमा स्वराज जी नारी शक्ति की अद्भुत मिसाल सौम्यता और सादगी की। प्रतिमूर्ति पूर्व विदेश मंत्री रही हैं उनके विदेशों में किए गए कार्य से भारत का प्रभाव बनाया।



स्व. सुषमा स्वराज



जयप्रकाश शर्मा



निकुंज कामरा

## वीर सावरकार कॉलेज में वार्षिक स्नेह सम्मेलन, बांटे पुरस्कार



**औबेदुल्लागंज।** आज वार्षिक स्नेह सम्मेलन में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि डॉ. भूपेंद्र नागर, लक्ष्मी सोनू चौकसे, नमिता बागीश अग्रवाल की उपस्थित में स्वागत गीत और सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके बाद प्राचार्य डॉ. गढ़वाल का उद्बोधन हुआ, फिर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। अंत में मुख्य अतिथियों ने विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण किया। समारोह में दिलीप भंडारी और पूर्वी मांझी को वीर सावरकर शासकीय महाविद्यालय औबेदुल्लागंज का प्रिंस एवं प्रिंसेस चुना गया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ रविंद्र योद्धा एवं डॉ. श्वेता श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

## कांग्रेस नेता मंगू की बेटी के विवाह समारोह में पहुंचे पूर्व शिक्षा मंत्री राजकुमार पटेल



**औबेदुल्लागंज।** कांग्रेस नेता हरजीत सिंह मंगू की बेटी प्रवलीन कौर मुस्कान के विवाह समारोह मे पहुंचे पूर्व शिक्षा मंत्री राजकुमार पटेल, दिनेश गुर्जर, विधायक मुरैना किसान कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान, अशोक पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, वरिष्ठ पत्रकार ऋषभ जैन, चंद्र सिंह नागर इटावा, विनोद इरपाचे, सुरजीत सिंह बिल्ले, सुरजीत सिंह गिल, संजय सिंह चौहान, पवित्र कौर, मुकेश जैन, परेश नागर, इरफान, दुर्रानी मोहन तरावली आदि ने मुस्कान को आशीर्वाद दिया। रायसेन जिलाध्यक्ष विधायक देवेंद्र पटेल ने फोन पर बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी

**पारितोषिक की पांच फीसदी राशि अथवा 25 हजार का तुरंत भुगतान**

# बिजली चोरी की सूचना देने वाले को मिलेगा 50 हजार का इनाम

अब तक 167 सफल सूचनाकर्ताओं को 2 लाख 6 हजार हजार रुपए, सीधे उनके बैंक खाते में जमा कराए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली चोरी की रोकथाम के लिए चलाई जा रही पारितोषिक योजना के तहत बिजली के अवैध उपयोग की सूचना देने पर अधिकतम 50 हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा। इसमें से 5 प्रतिशत राशि जिसकी अधिकतम सीमा 25 हजार रुपए तुरंत तथा शेष 5 प्रतिशत राशि जिसकी अधिकतम सीमा 25 हजार रुपए इस तरह से कुल प्रोत्साहन राशि 10 प्रतिशत अथवा अधिकतम 50 हजार रुपए का भुगतान पूर्ण वसूली उपरांत किया जाएगा।

कंपनी ने कहा है कि प्रकरण बनाने एवं राशि वसूली होने पर सूचनाकर्ता को दी जाने वाली 10 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि में से योजना के संशोधित प्रावधान के अनुसार पांच प्रतिशत राशि का भुगतान संबंधित सूचनाकर्ता को सूचना सही पाए जाने पर जारी किए गए अंतिम निर्धारण आदेश के तुरंत बाद किया जाएगा तथा बाकि 5% राशि पूर्ण वसूली के बाद किया जा रहा है। कंपनी ने बताया कि इस योजना में 01 अप्रैल 2025 से अब तक 167 सूचनाकर्ताओं को 2 लाख 6 हजार हजार रुपए सीधे उनके बैंक खाते में जमा कराए गए हैं। जांच एवं वसूली की कार्रवाई करने वाले संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों को भी 3000 रुपए प्रोत्साहन राशि का भुगतान उनके मासिक वेतन में जोड़कर किया गया है। कंपनी द्वारा ऑनलाइन प्रक्रिया प्रारंभ होने के पूर्व कुल 63 प्रकरणों में पूर्ण राशि का भुगतान प्राप्त होने पर 7 सफल सूचनाकर्ताओं को उनके खाते में 2 लाख 18 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया गया है।

### पोर्टल अथवा उपाय एप पर देनी होगी सूचना

कंपनी द्वारा योजना में सूचनाकर्ता को निर्धारित शर्तों के अधीन पारितोषिक देने का प्रावधान है। वर्तमान में इस व्यवस्था को पूर्ण रूप से ऑनलाइन किया गया है तथा कंपनी वेबसाइट **portal.mpcz.in** पर जाकर **informer scheme** लिंक पर क्लिक करके, सूचनाकर्ता के द्वारा गुप्त सूचना दर्ज की जा सकती है, एवं उपाय एप के माध्यम से भी बिजली चोरी की सूचना दी जा सकती है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा समस्त नागरिकों के साथ साथ आउटसोर्स कर्मचारियों तथा उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे गुप्त सूचना देकर, पारितोषिक योजना का लाभ उठाकर कंपनी को सहयोग प्रदान अवश्य करें।

### 2.5% प्रोत्साहन राशि संबंधितों को समान रूप से दिया जाता है

कंपनी ने कहा है कि विभिन्न परिसरों की जांच एवं जांच के बाद बनाए गए पंचनामा के आधार पर आरोपी के विरुद्ध निकाली गई राशि की वसूली में सभी कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। अतः कंपनी ने विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ-साथ जांच एवं वसूली के कार्य में सम्मिलित बाह्य स्त्रोत कर्मचारियों को भी पारितोषिक योजना के तहत दी जाने वाली 2.5 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि को सभी संबंधितों को समान रूप में दिया जा रहा है।

## मंडीदीप ने जीता अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता 2026 का फाइनल मैच

**विजेता टीम को 31,000 की नगद राशि एवं ट्रॉफी प्रदान की**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. ठाकुर प्रताप भानु सिंह चौहान की स्मृति में आयोजित अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता वर्ष 2026 का फाइनल मुकाबला मंडीदीप और सोहागपुर के बीच खेला गया।

फाइनल मुकाबले में मंडीदीप की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6-2 से फाइनल मैच जीत लिया। मैच की शुरुआत से ही मंडीदीप की टीम का दबदबा रहा। टीम ने तीसरे क्वार्टर तक 5-0 की अजेय बढ़त बना ली थी। पूरे मुकाबले के दौरान दर्शक दीर्घा में चारों ओर 'हॉकी मंडीदीप' के जयकारे गूंजते रहे। मुख्य अतिथि विधायक विजय पाल सिंह एवं नगर परिषद अध्यक्ष लता यशवंत पटेल ने विजेता टीम को 31,000 की नगद राशि एवं ट्रॉफी प्रदान की।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने नई दिल्ली में सांसदों के साथ किया सहभोज और संवाद

# भाजपा की डबल इंजन वाली प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. यादव सरकार से होगा मप्र का सर्वांगीण विकासः हेमंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने नई दिल्ली में मध्यप्रदेश के लोकसभा एवं राज्यसभा सांसदों के साथ सहभोज एवं संवाद किया। केन्द्रीय मंत्री दुर्गादास उइके के आवास पर इस दौरान प्रदेश के विकास एवं विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से वन टू वन चर्चा हुई। वहीं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से भी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने सौजन्य भेंट की।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश विकास के नये आयाम स्थापित करेगा। भाजपा की डबल इंजन वाली मोदी-मोहन सरकार से मध्यप्रदेश का सर्वांगीण विकास होगा। प्रदेश के विकास में सांसदों की महत्वपूर्ण भूमिका है। मध्यप्रदेश के विकास के लिए केन्द्र सरकार पूरी तरह समर्पित है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मूल मंत्र 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास को आधार मानकर प्रदेश को विकसित मध्यप्रदेश बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है।



नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से सौजन्य भेंट करते खंडेलवाल।

#### यह सांसद रहे उपस्थित

सहभोज एवं संवाद में केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार, जॉर्ज कुरियन, डॉ. एल. मुरुगन, दुर्गादास उइके, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, सांसद गणेश सिंह, भारत सिंह कुशवाह, संध्या राय, लता वानखेड़े, राहुल लोधी, जनार्दन मिश्रा, डॉ. राजेश मिश्रा, हिमाद्री सिंह, आशीष दुबे, भारती पारधी, दर्शन सिंह चौधरी, आलोक शर्मा, माया नारोलिया सहित अन्य उपस्थित रहे।



### गुरुदेव समाधि मंदिर मूर्ति स्थापना समारोह के अंतर्गत संत सम्मेलन को संबोधित कर बोले सीएम

# भारत माता मंदिर समाज और राष्ट्र में ऊर्जा का कर रहा है अद्भुत संचारः डॉ. यादव

**सीएम डॉ. यादव ने हरिद्वार में संत सम्मेलन को किया संबोधित**

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि सनातन संस्कृति को नए आयाम तक पहुंचाने में आदि शंकराचार्य का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। मध्यप्रदेश की धरा से आदि शंकराचार्य का विशेष संबंध रहा है। सनातन की धारा शाश्वत रूप से बहती रहे, इस उद्देश्य से संतवृंद और सरकार समन्वित रूप से प्रयासरत है।

हरिद्वार में समन्वय सेवा ट्रस्ट द्वारा स्थापित भारत माता मंदिर समाज और राष्ट्र में ऊर्जा का संचार कर रहा है। डॉ यादव गुरुवार को हरिद्वार में समन्वय सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित गुरुदेव समाधि मंदिर मूर्ति स्थापना समारोह के अंतर्गत संत सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज ने मुख्यमंत्री डॉ यादव को सिंहस्थ-2028 के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं।




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हरिद्वार में गुरुदेव समाधि मंदिर के मूर्ति स्थापना समारोह में शामिल हुए।

#### संत एवं महात्माओं को दिया सिंहस्थ का निमंत्रण

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने आदि शंकराचार्य की परंपरा के संवाहक, वैदिक सनातन संस्कृति के उन्नायक, देश के प्रथम भारत माता मंदिर के संस्थापक पद्मभूषण स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि महाराज की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर उन्हें नमन किया। डॉ यादव ने कहा कि राज्य सरकार भव्य और दिव्य सिंहस्थ के आयोजन के लिए सभी व्यवस्थाओं और विकास कार्यों पर ध्यान दे रही है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी संत महात्माओं को सिंहस्थ-2028 के लिए उज्जैन पधारने के लिए निमंत्रण दिया।

#### योगगुरु स्वामी रामदेव के साथ किया योगाभ्यास

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने गुरुवार को पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार में योगगुरु स्वामी रामदेव के साथ योगाभ्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में योग आज भारत की प्राचीन परंपरा से निकलकर वैश्विक जन-आंदोलन बन चुका है। हम सभी योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और स्वस्थ, संतुलित व ऊर्जावान जीवन की ओर कदम बढ़ाएं। डॉ यादव ने पतंजलि योगपीठ के वातावरण से प्रभावित होकर कहा कि योगपीठ का संस्कार, साधना और आत्मबल से परिपूर्ण वातावरण मन को अपार शांति प्रदान करता है। मुख्यमंत्री ने स्वामी रामदेव के साथ हरिद्वार में भारत माता मंदिर में दर्शन, पूजन और यज्ञ में शामिल होकर सभी के मंगल एवं कल्याण की कामना की।



## मध्यप्रदेश बना फार्मर रजिस्ट्री के शत-प्रतिशत अनुपालन वाला पहला राज्यः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सीएम डॉ. यादव ने कहा है कि फार्मर रजिस्ट्री के निर्धारित मानकों का 100 प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने वाला मप्र देश का पहला राज्य बन गया है। इसके लिए किसानों को सशक्त बनाने और कृषि व्यवस्था को आधुनिक स्वरूप देने के लिए तकनीक का प्रभावी उपयोग किया जा रहा है। एआई आधारित डिजिटल क्रॉप सर्वे और फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से राज्य में ग्रामीण डेटा प्रणाली को एक नई दिशा प्रदान की गई है। उन्नत तकनीक, पारदर्शी डेटा प्रबंधन और केंद्र-राज्य समन्वय से यह पहल किसानों के हित में मजबूत डिजिटल आधार तैयार कर रही है। डॉ यादव ने कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे के माध्यम से खेत पर उपस्थित होकर फसल की फोटो लेकर जानकारी सुरक्षित की जा रही है। जियो-फेंसिंग तकनीक से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सर्वे केवल वास्तविक खेत स्थल पर ही किया जाए। सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया है कि इंटरनेट उपलब्ध न होने की स्थिति में भी सर्वे की विश्वसनीयता बनी रहे। सर्वे के दौरान ली गई फोटो की प्रामाणिकता प्रणाली द्वारा की जाती है। सर्वे केवल निर्धारित समयावधि में ही संभव है और समय सीमा के बाहर या मोबाइल समय में किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ होने पर सर्वे स्वतः रुक जाता है।

### प्रदेश में 900 करोड़ की लागत से बन रहे हैं धार्मिक और सांस्कृतिक लोक

# पर्यटन और रोजगार का नया ग्रोथ इंजन बना मप्रः डॉ. मोहन

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस सांस्कृतिक पुनर्जागरण का शंखनाद उज्जैन में 'श्री महाकाल लोक' के लोकार्पण के साथ किया था, वह यात्रा अब एक विराट जन-अभियान का रूप ले चुकी है। प्रदेश की पावन धरा पर लगभग 900 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से 20 लोकों का निर्माण किया जा रहा है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारी गौरवशाली परंपराओं का जीवंत साक्ष्य बनेंगे। डॉ यादव ने कहा कि प्रदेश में निर्मित हो रहे धार्मिक और सांस्कृतिक 'लोक' केवल पत्थर और ईंटों के निर्माण मात्र नहीं हैं, अपितु ये मध्यप्रदेश के विकास के नए 'ग्रोथ इंजन' सिद्ध होंगे। प्रधानमंत्री मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' के विज़न को आत्मसात करते हुए ये स्थल पर्यटन के वैश्विक केंद्रों के रूप में उभरेंगे, जिससे स्थानीय स्तर पर रोज़गार के अभूतपूर्व अवसर सृजित होंगे।

#### 3 नए और 2 अन्य लोक द्वितीय चरण में होंगे पूरे

जन-आस्था का सम्मान करते हुए राज्य सरकार ने 315 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से भविष्य में 3 नए लोक और 2 अन्य लोक के द्वितीय चरण को भी मूर्त रूप दिया जायेगा। श्री महाकाल लोक की भव्यता को प्रेरणा मानकर अब ओंकारेश्वर में 'ममलेश्वर लोक' का निर्माण, बैतूल में ताप्ती उद्गम स्थल में 'ताप्ति लोक' और मैहर में 'मां शारदा लोक' का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। महेश्वर में 110 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला 'देवी अहिल्या लोक' और अमरकंटक में 'मां नर्मदा लोक' के द्वितीय चरण का निर्माण सनातन संस्कृति के प्रति अटूट श्रद्धा का परिचायक है।

#### महत्वपूर्ण धार्मिक एवं सांस्कृतिक लोक पर तेजी से कार्य

धार्मिक एवं सांस्कृतिक वैभव की इस अविरल यात्रा में वर्तमान में 580 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से 17 महत्वपूर्ण धार्मिक एवं सांस्कृतिक लोक पर तीव्र गति से कार्य संचालित है। सागर में 'संत रविदास लोक' 101 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा है। यह हमारी सामाजिक समरसता का प्रतीक है। सरकार की संकल्प शक्ति का ही परिणाम है कि मंदसौर में 'भगवान पशुपतिनाथ लोक परिसर' का कार्य पूर्ण कर उसे जनता को समर्पित किया जा चुका है। साथ ही भोपाल में 'वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप लोक', जानापाव में 'भगवान परशुराम लोक' और महेश्वर में 'देवी अहिल्या संग्रहालय' जैसे प्रकल्पों ने पूर्ण होकर प्रदेश के सांस्कृतिक मानचित्र को और अधिक समृद्ध किया है।

## मासूमों को मधुमक्खियों के हमले से बचाने वाली कंचन मेघवाल के बच्चों का पालन-पोषण करेगी सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नीमच जिले से ममता की ऐसी रूहानी तस्वीर सामने आई कि जिसे देखकर हर कोई बोला कि संवेदनाएं अभी जिंदा हैं। जावद के रानपुर गांव की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कंचन मेघवाल ने 20 मासूमों की जान बचाने के लिए मौत को गले लगा लिया। हजारों मधुमक्खियों के बीच ढाल बनकर खड़ी इस वीरांगना के बलिदान ने प्रदेश को झकझोर कर रख दिया। अब सीएम डॉ. मोहन यादव ने इस घटना पर संज्ञान लिया और मृतिका के परिवार को 4 लाख रुपए मुआवजा राशि देने का ऐलान किया है। वहीं उसके मासूम बच्चों का खर्च भी अब सरकार उठाएगी।

**तिरपाल और साड़ी को बनाया ढाल**

और बचा ली बच्चों की जिंदगी तीन दिन पहले सोमवार 1 फरवरी को सामने आए इस हादसे में रानपुर आंगनवाड़ी में किलकारियां गूंज रही थीं। जो अचानक चीखों में बदल गई। पेड़ से मधुमक्खियों के झुंड ने मासूमों पर हमला कर दिया। जब लोग जान बचाकर भाग रहे थे, तब कंचन बाई ही मौत से लड़ने मैदान में दौड़ गई। उसने अपनी साड़ी और पास पड़ी तिरपाल में बच्चों को लपेट लिया। हजारों मधुमक्खियां कंचन पर टूट पड़ीं। उनके डंकों से कंचन का शरीर नीला पड़ता जा रहा था। लेकिन उन्होंने तब तक हार नहीं मानी जब तक कि आखिरी बच्चा तक सुरक्षित नहीं पहुंच गया। कंचन बाई के इस बलिदान को नमन करते हुए प्रदेश सरकार ने यह घोषणा की।

### खबर संक्षेप

#### डॉ. सोलंकी बने प्रदेश अध्यक्ष और प्रो. वास्केल सचिव



**भोपाल।** मप्र जनजातीय कला एवं संस्कृति संरक्षण संगठन का गठन किया है। डॉ. एलएस सोलंकी को संगठन का प्रदेश अध्यक्ष तथा प्रो. वास्केल को सचिव मनोनीत करते हुए तीस सदस्यीय प्रांतीय कार्यकारिणी का मनोनयन किया गया है। इसके अलावा संगठन में समाज के वरिष्ठ तथा समर्पित समाज बंधुओं को कार्य कारिणी सदस्यों तथा वरिष्ठ संरक्षक, सलाहकार परिषद के सदस्यों के रूप में मनोनयन करते हुए सूची जारी की गई है।

#### जीएमएचआर को बताई यूनिफार्म की समस्याएं

**भोपाल।** हेवु बीएमएस के नेतृत्व में भेल की महिला कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर जीएमएचआर टीयू सिंह से मुलाकात की। इस दौरान महिला कर्मचारियों से जुड़ी यूनिफार्म एवं अन्य सुविधाओं से संबंधित मुद्दों को प्रमुखता से रखा गया। बैठक में मांग की गई कि महिला कर्मचारियों को पहले की तरह यूनिफार्म के रूप में साड़ी उपलब्ध कराई जाए, दुपट्टे की राशि में वृद्धि की जाए तथा महिला कर्मचारियों के लिए हल्के एवं अच्छी गुणवत्ता के शूज उपलब्ध कराए जाएं। प्रबंधन ने कहा कि महिला कर्मचारियों को दो साड़ियों के लिए राशि दी जाएगी।

## 7 से 9 फरवरी तक भोपाल में कांग्रेस की बड़ी बैठकें

### संगठन को धार देने की कवायद, चौधरी और जीतू के बीच होगी बैठक




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र कांग्रेस संगठन आगामी राजनीतिक चुनौतियों और संगठनात्मक मजबूती को लेकर 7, 8 और 9 फरवरी को भोपाल में लगातार तीन दिन अहम बैठकों का आयोजन करने जा रहा है। इन बैठकों की कमान प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी संभालेंगे। माना जा रहा है कि यह बैठकें केवल औपचारिक नहीं बल्कि जमीनी स्तर पर संगठन को फिर से सक्रिय करने और चुनावी रणनीति को धार देने की दिशा में निर्णायक साबित हो सकती हैं। तीन दिवसीय बैठकों की शुरुआत 7 फरवरी को होगी, जिसमें प्रदेशभर में चल रही स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन प्रक्रिया को लेकर गंभीर मंथन किया जाएगा। कांग्रेस का आरोप है कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने की प्रक्रिया में अनियमितताएं सामने आ रही हैं, जिसका सीधा असर लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर पड़ सकता है। बैठक में जिला और संभाग स्तर के नेताओं से फीडबैक लेकर आगे की रणनीति बनाई जाएगी। कांग्रेस इस मुद्दे पर सरकार और चुनाव आयोग दोनों के समक्ष मजबूती से अपनी बात रखने की तैयारी में है। कल भोपाल संभाग के सभी जिलों के जिला अध्यक्षों और ब्लॉक अध्यक्षों के साथ बैठक होगी।

#### अध्यक्ष और ब्लॉक अध्यक्ष के साथ होगी बैठक

तीसरे दिन 9 फरवरी को उज्जैन संभाग के जिला अध्यक्षों और ब्लॉक अध्यक्षों की बैठक प्रस्तावित है। इस दौरान स्थानीय मुद्दों, सरकार के खिलाफ जनआक्रोश, किसान, युवा और बेरोजगारी जैसे विषयों को लेकर आंदोलनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जाएगी। साथ ही संगठन में संभावित फेरबदल और नई टीम तैयार करने पर भी चर्चा संभव है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि हाल के घटनाक्रमों और संगठनात्मक निर्देशों के बाद कांग्रेस नेतृत्व अब प्रदेश संगठन पर सीधी पकड़ मजबूत करना चाहता है। प्रभारी हरीश चौधरी की यह सक्रियता आने वाले समय में कांग्रेस की राजनीतिक दिशा और रणनीति तय करने में अहम भूमिका निभा सकती है। तीन दिन की यह बैठकें यह संकेत भी देती हैं कि कांग्रेस अब मैदान में उतरकर सरकार को घेरने की तैयारी में है।

### मीडिया के सवालों पर नहीं दिया कोई जवाब, मुस्कुराते हुए साधी चुप्पी

## प्रदेश कार्यालय पहुंचे मंत्री विजयवर्गीय कार्यकर्ताओं की समस्या सुन किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र शासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने कार्यकर्ताओं की जनसमस्याओं को सुना और अनेक मामलों का मौके पर ही समाधान किया। जिन समस्याओं का तत्काल समाधान संभव नहीं हो सका, उन्हें संबंधित विभागों को प्रेषित कर निराकरण के निर्देश दिए गए। हालांकि जनसमस्याओं की सुनवाई के बाद मंत्री विजयवर्गीय बिना मीडिया से चर्चा किए निकल गए। इस दौरान मीडिया द्वारा पूछे गए सवालों पर मंत्री विजयवर्गीय ने कोई जवाब नहीं दिया और वह मुस्कुराते हुए चले गए। इधर विजयवर्गीय की इस चुप्पी के बाद कई सवाल उठ रहे हैं।



### आबकारी विभाग ने वर्ष 2026-2027 का तैयार किया ड्राफ्ट

## मंत्रिमंडल समिति का नई आबकारी नीति पर मंथन, नई नीति में राजस्व का लक्ष्य बढ़ाकर 21 हजार करोड़ करने का प्रावधान, कैबिनेट में आएगा प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र सरकार के आबकारी विभाग ने आबकारी नीति 2026-27 का ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। शासन की ओर से गठित तीन सदस्यीय मंत्रिमंडल समिति ने कैबिनेट की बैठक के बाद मंत्रालय में नई आबकारी नीति के ड्राफ्ट पर चर्चा की है। बैठक में डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा, स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके मौजूद रहीं। ड्राफ्ट पर चर्चा के दौरान मंत्रियों ने जरूरी सुझाव दिए, जिन्हें इसमें शामिल किया जाएगा।

अधिकारियों का कहना है कि आबकारी नीति के ड्राफ्ट में जरूरी संशोधन के बाद इसे सीएम डॉ. मोहन यादव के समक्ष पेश किया जाएगा। सीएम की हरी झंडी मिलने के बाद इसे



मंजूरी के लिए कैबिनेट बैठक में लाया जाएगा. नई आबकारी नीति एक अप्रैल, 2026 से लागू होगी। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक नई आबकारी नीति में मप्र आबाकारी अधिनियम-1915 में संशोधन का प्रावधान किया गया है। इसके अनुसार अधिनियम की वे कंडिकाएं समाप्त की जाएंगी, जो अब अव्यावहारिक हो गई हैं और जिनसे सरकार को अब राजस्व प्राप्त नहीं हो रहा है।

नई नीति में शराब दुकानों की बिक्री से राजस्व का लक्ष्य बढ़ाकर 21,000 करोड़ रुपए करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। पिछली बार 18 हजार करोड़ राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य रखा गया था। ज्यादा राजस्व प्राप्त करने के लिए नई नीति में शराब के अवैध निर्माण और अवैध परिवहन को रोकने के लिए सख्त प्रावधान किए गए हैं। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध रूप से शराब बेचे जाने की शिकायतों पर नियंत्रण के लिए संबंधित जिलों के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जा रही है।

#### नहीं बिकी दुकान तो ई टेंडर रहेगा जरिया

जिलों में जहरीली शराब की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त प्रावधान किए गए हैं। साथ ही नीति में शॉपिंग मॉल में महंगी शराब के काउंटर खोला जाना भी प्रस्तावित किया गया है। इस संबंध में प्रस्ताव को हरी झंडी देने या नहीं देने को लेकर अंतिम निर्णय मुख्यमंत्री लेंगे। नई आबकारी नीति में शराब दुकानों के चालू वित्त वर्ष के मूल्य में 10 से 15 प्रतिशत की वृद्धि करके ही दुकानों के आवंटन की कार्रवाई किया जाना प्रस्तावित है।

# ट्रांसपोर्ट व्यवसायी की मांग-नए वाहन खरीदने के लिए ब्याज सब्सिडी प्रदान की जाए

## देश के लाखों ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों और उनके परिवारों का 'भविष्य' सुरक्षित हो

### नीतियां दंडात्मक नहीं बल्कि सहयोगात्मक संवेदनशील और व्यावहारिक हों

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

ट्रांसपोर्ट व्यवसायी बीएस-VI (भारत स्टेज 6) वाहनों को लेकर मिली-जुली प्रतिक्रिया दे रहे हैं। जहां एक ओर उन्नत तकनीक और कम प्रदूषण के फायदे हैं, वहीं दूसरी ओर उच्च लागत और तकनीकी जटिलताओं को लेकर चिंताएं भी हैं। ट्रांसपोर्ट व्यवसायी बीएस-VI को एक मजबूरी और तकनीक के बीच फंसा हुआ महसूस कर रहे हैं।

इस संदर्भ में ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने कहाकि मध्यप्रदेश सहित देशभर के ट्रांसपोर्टर्र बीएस-VI को लेकर पर्यावरण संरक्षण के विरोधी नहीं है, बल्कि केंद्र सरकार इस विषय पर गंभीरता, संवेदनशीलता और दूरदृष्टि के साथ निर्णय लें, ताकि लाखों ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों और उनके परिवारों का भविष्य सुरक्षित हो सकें।

*जमीनी हकीकत को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता*

*संवेदनशीलता और दूरदृष्टि के साथ निर्णय लें*



#### रेट्रोफिटमेंट या इंजन परिवर्तन कर अनुमति दी जाए

ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र कपूर ने कहाकि पुराने बीएस-वन,टू,थ्री और फोर श्रेणी के वाहनों को पूर्णतः सड़क से हटाने के बजाय, सरकारी सहायता से उनके इंजन में आवश्यक तकनीकी सुधार, रेट्रोफिटमेंट या इंजन परिवर्तन कर उन्हें नियंत्रित एवं कम प्रदूषण स्तर के साथ चलने की अनुमति दी जा सके। इससे पर्यावरण संरक्षण का उद्देश्य भी पूरा होगा और लाखों ट्रांसपोर्ट परिवारों की आजीविका भी सुरक्षित रहेगी।

#### पुराने वाहन स्क्रैप करने के बाद खरीदे गए नए वाहनों पर जीएसटी में राहत दी जाए

ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष **राजेंद्र कपूर** ने कहा कि ट्रांसपोर्ट उद्योग देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। माल परिवहन, आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति, उद्योग, व्यापार और रोजमर्रा की जिंदगी का सीधा संबंध ट्रक एवं बस ऑपरेटरों से है। ऐसे में किसी भी नई नीति को लागू करते समय ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों की आर्थिक स्थिति, वर्षों की संघर्षपूर्ण यात्रा और जमीनी हकीकत को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।



#### पूर्ण प्रतिबंध बड़ी संख्या में ट्रांसपोर्टरों को पुनः कर्ज के दलदल में धकेल देगा



सीएल मुकाती कहाकि कई ट्रक ऑपरेटरों ने भारी मानसिक, आर्थिक और पारिवारिक दबाव के बीच बैंकों की किश्तें किसी तरह पूरी की हैं। अब जबकि उनकी किश्तें पूरी हुई हैं और कुछ हद तक स्थिर कमाई की उम्मीद बनी है, ऐसे समय में यदि बिना वैकल्पिक समाधान दिए वाहनों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया, तो यह बहुत बड़ी संख्या में ट्रांसपोर्टरों को पुनःकर्ज के दलदल में धकेल देगा। यह स्थिति न केवल आर्थिक संकट को जन्म देगी, बल्कि कई मामलों में मानसिक अवसाद, पारिवारिक विघटन और दुर्भाग्यपूर्ण रूप से जीवन समाप्त करने जैसी परिस्थितियां भी उत्पन्न कर सकती है।

#### गंभीरता, संवेदनशीलता और दूरदृष्टि के साथ निर्णय ले सरकार

मध्यप्रदेश सहित देशभर के ट्रांसपोर्टरों ने सरकार से मांग की है कि ट्रांसपोर्ट व्यवसायी पर्यावरण संरक्षण के विरोधी नहीं हैं। वे सरकार के साथ मिलकर स्वच्छ और सुरक्षित परिवहन व्यवस्था का निर्माण करना चाहते हैं, लेकिन यह तभी संभव है जब नीतियां दंडात्मक नहीं, बल्कि सहयोगात्मक, संवेदनशील और व्यावहारिक हों। पूर्ण विश्वास है कि केंद्र सरकार इस विषय पर गंभीरता, संवेदनशीलता और दूरदृष्टि के साथ निर्णय लेगी, ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ देश के लाखों ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों और उनके परिवारों का भविष्य सुरक्षित रह सके।

# ट्रैफिक नियमों की बेहतर समझ को बढ़ावा

## होंडा के जागरूकता अभियान में 30 हजार से अधिक लोगों ने की भागीदारी



एजेंसी ▶▶ गुरुग्राम

होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने देशभर में रोड सेफ्टी को लेकर कई जागरूकता-केंद्रित पहलें आयोजित कीं। इन गतिविधियों के लिए कंपनी ने अपने डीलर नेटवर्क और स्थानीय स्टेकहोल्डर्स के साथ मिलकर सुरक्षित सड़क व्यवहार और ट्रैफिक नियमों की बेहतर समझ को बढ़ावा दिया। पूरे महीने के दौरान, देश के विभिन्न शहरों में सड़क सुरक्षा से जुड़ी जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें 30,000 से अधिक लोगों की भागीदारी रही।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत अपनी पहलों के हिस्से के रूप में एचएमएसआई ने जयपुर आइडियल रोड सेफ्टी प्रोजेक्ट भी लॉन्च किया, जो सुरक्षित और जिम्मेदार मोबिलिटी की दिशा में कंपनी के फोकस को दर्शाता है। यह प्रोजेक्ट एक समग्र अप्रोच अपनाता है, जिसमें एजुकेशन, एनफोर्समेंट, इंजीनियरिंग और इमरजेंसी रिस्पॉन्स को स्कूलों, ट्रैफिक पुलिस, स्थानीय प्रशासन और नागरिकों के सहयोग से रोज़मर्रा के सामुदायिक जीवन में जोड़ा गया है। रोड सेफ्टी रैली, समिट, हेलमेट वितरण, मासिक सड़क सुरक्षा अभियान और अन्य एंगेजमेंट गतिविधियों सहित सभी जागरूकता कार्यक्रमों का फोकस ट्रैफिक नियमों, राइडर की जिम्मेदारी और प्रोटेक्टिव राइडिंग प्रैक्टिसेज़ की अहमियत को लेकर प्रैक्टिकल लर्निंग पर रहा।

## खबर संक्षेप

### ओप्पो ने 15 सीरीज का विस्तार किया

**मुंबई।** ओप्पो इंडिया ने रेनो 15 सीरीज का विस्तार करते हुए ओप्पो रेनो 15सी का लांच किया है। यह स्मार्टफोन रेनो का अनुभव और अधिक ग्राहकों तक पहुंचाने के लिए बनाया गया है, जो ट्रैवलर्स, क्रिएटर्स और फोटोग्राफी प्रेमियों को स्मार्टफोन का शानदार अनुभव प्रदान करेगा। रेनो 15सी में रिफाईंड डिजाइन, लंबी चलने वाली बैटरी और इंटेलिजेंट एआई फीचर्स के साथ रेनो सीरीज की मुख्य विशेषताएं मौजूद हैं, जो और अधिक किफायती मूल्य में उपलब्ध हो रही हैं। रेनो 15सी भारत में 5 फरवरी 2026 से आफ्टरग्लो पिंक और ट्वाईलाईट ब्लू कलर्स में मिलना शुरू होगा।

### एथर का डिजाइन किया हेलमेट बाजार में पेश

**नई दिल्ली।** एथर जैसे ब्रांड ने बच्चों के लिए डिजाईन की गई हेलमेट बाजार में पेश की हैं। इन्हें एथर जूनियर हेलमेट कहा जाता है। ये व्यस्कों की हेलमेट का केवल छोटा संस्करण ही नहीं हैं, बल्कि आईएसआई सर्टिफाईड भी हैं। इन्हें बच्चों के लिए आकर्षक भी बनाया गया है। एथर के इलेक्ट्रिक स्कूटर में राईड शेयरिंग फीचर दिया गया है, जिसकी मदद से राईडर्स अपने स्मार्टफोन का उपयोग किए बिना राईड के दौरान अपनी लोकेशन अपने परिवार के साथ साझा कर सकते हैं। इन फीचर्स को चलाने के लिए मेहनत करने की जरूरत नहीं पड़ती है।

### गोदरेज ने शुरूआत की 'गोदरेज सहयोग'

**मुंबई।** गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड (जीपीएल) ने अपने निर्माण स्थलों पर कार्यरत श्रमिकों के लिए एक नई श्रम पहल 'गोदरेज सहयोग' की शुरुआत की है। यह एक संरचित मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य निर्माण श्रमिकों को भावनात्मक और मानसिक सहयोग प्रदान करना है। मुंबई महानगर क्षेत्र के छह निर्माण स्थलों पर छह महीने तक चलाए गए पायलट प्रोजेक्ट के बाद इस पहल को अब देशभर के 79 चिन्हित निर्माण स्थलों पर लागू किया जाएगा।

### ड्रामा अमर विश्वास का ट्रेलर जारी

**मुंबई।** अमेज़ॅन एमएक्स प्लेयर ने आगामी ओरिजिनल सीरीज अमर विश्वास का ट्रेलर जारी किया। यह एक दमदार कोर्टरूम ड्रामा है, जो सत्ता, अपराध और न्याय के जटिल टकराव को गहराई से उजागर करता है। राजीव खंडेलवाल इस सीरीज में शीर्षक भूमिका में नजर आएंगे, उनके साथ रवि बहल, आमिर अली और बरखा बिष्ट भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे। प्रसिद्ध लेखक सुहास शिरवलकर के चर्चित उपन्यासों पर आधारित अमर विश्वास को अर्जुन सिंह बरन और कार्तिक डी निशानदार ने जीएसईएएमएस के बैनर तले बनाया और प्रोड्यूस किया है।

# दूरसंचार मंत्रालय ने रखा जीडीपी में 20 फीसदी योगदान का लक्ष्य

## नीति में दूरसंचार की भूमिका एक वर्टिकल उद्योग के बजाए राष्ट्रीय प्रवर्तक की होनी चाहिए

### *6जी के उपयोग को महज टेक्नोलॉजी प्रचार से नहीं, बल्कि ठोस यूज केसेस से गति मिलेगी*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दूरसंचार मंत्रालय द्वारा अगले दशक में जीडीपी में 20 प्रतिशत योगदान करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। दूरसंचार मंत्री का बयान सोची समझी संभावना पर आधारित हो सकता है। यह लक्ष्य हासिल होने योग्य है, इस पर संदेह करने का कोई कारण नहीं है। हालांकि इस लक्ष्य को समझने के लिए हमें दूरसंचार को अलग से देखना बंद करना होगा। यह बात कि सेलुलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. एसपी कोचर कही।

उन्होंने कहाकि कोविड के बाद दूरसंचार बुनियादी क्षैतिज मंच बन गया है जिस पर अर्थव्यवस्था का प्रत्येक अन्य क्षेत्र निर्भर है। एक मजबूत, अनूठा दूरसंचार आधार प्रत्यक्ष रूप से सभी उद्योगों की वृद्धि को गति देता है जिससे कुल जीडीपी बढ़ता है। कोचर ने कहाकि राष्ट्रीय दूरसंचार नीति का मसौदा सही मायने में इस रणनीतिक दिशा की पहचान करता है। हम इन विशिष्टताओं को और बेहतर बनाने के लिए सरकार के साथ वार्ता में लगे हैं, लेकिन संपूर्ण विजन इस उद्योग की जरूरतों के अनुरूप होना आवश्यक है। इस नीति में दूरसंचार की भूमिका महज एक वर्टिकल उद्योग के बजाय एक राष्ट्रीय प्रवर्तक की होनी चाहिए।



उन्होनें कहाकि यह सही है कि 5जी यूज केसेस का मोनेटाइजेशन अभी तक उस स्तर पर नहीं पहुंचा है और यह विश्वव्यापी स्थिति है। 4जी से 5जी की तरफ जाना एक महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकीय छलांग थी, लेकिन यूज़ केसेस उतनी तेजी से नहीं बढ़े जितनी उम्मीद थी। हम अब सीखने के दौर में है। 5जी से 6जी की तरफ कदम कहीं अधिक अपग्रेड होगा जहां हम एआई, आईओटी के उदय से वाणिज्यिक तौर पर व्यवहारिक एप्लीकेशंस विकसित करने में हमारी सीख का उपयोग करेंगे और गैर स्थलीय नेटवर्क मूल रूप से अंतर्निहित होंगे। 6जी के उपयोग को महज टेक्नोलॉजी प्रचार से नहीं, बल्कि ठोस यूज केसेस से गति मिलेगी। हमें पूंजीगत खर्च की एक महत्वपूर्ण लहर के बजाय धीरे धीरे उत्प्रेरक आधारित निवेश चक्र देखने को मिलेगा।

#### भारत को मिड-बैंड स्पेक्ट्रम के 2 गीगाहर्ट्ज की जरूरत


5जी द्वारा 100 गुना तेज स्पीड का वादा पूरा करने के लिए यह वैज्ञानिक रूप से सिद्ध है कि भारत को मिड-बैंड स्पेक्ट्रम के 2 गीगाहर्ट्ज की जरूरत है। वर्तमान में हमारे पास केवल 800 मेगाहर्ट्ज है। 6 गीगाहर्ट्ज बैंड में हमारे पास 1200 मेगाहर्ट्ज की कमी है। इस स्पेक्ट्रम के बगैर 5जी के लिए सेवा की गुणवत्ता से आने वाले समय में समझौता करना होगा। वाई-फाई उद्योग से प्रतिस्पर्धी दावे किए जा रहे हैं, लेकिनमानना है कि मोबाइल टेलीफोनी के लिए यह मामला कहीं अधिक मजबूत है। वाई-फाई उद्योग के पास 2.4 गीगाहर्ट्ज और 5 गीगाहर्ट्ज बैंड में पहले से ही पर्याप्त, अनुपयोग एवं गैर लाइसेंस प्राप्त स्पेक्ट्रम है। इसके अलावा, वाई-फाई 6 और 7 स्पेक्ट्रम संशयवादी हैं, जबकि 5जी का निष्पादन सीधे तौर पर इस मिड-बैंड से जुड़ा है। दूरसंचार विभाग के नए निर्देश के तहत संचार एप्स को उस सिम और मोबाइल नंबर से सतत रूप से जुड़े रहना आवश्यक है जिनका इस्तेमाल पंजीकरण के लिए किया गया था। इससे अपराधियों के लिए फर्जी एकाउंट या चोरीशुदा मोबाइल के पीछे छिपना बहुत मुश्किल हो जाता है। दूरसंचार ऑपरेटरों ने इस साल की शुरुआत में सरकार के समक्ष यह प्रस्ताव रखा था।



डॉ. एसपी कोचर

# सोने में फिर तेजी लौटने की संभावना

## 6,200 डॉलर प्रति औंस तक जाएगा भाव मौजूदा स्तर से करीब 25 प्रतिशत ज्यादा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ग्लोबल ब्रोकरेज के मुताबिक सोने का बुल-मार्केट अभी जिंदा है और यह कहानी यहीं खत्म नहीं होती। यूबीएस का कहना है कि 2026 के मध्य तक सोने की कीमतें 6,200 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकती हैं, जो मौजूदा स्तर से करीब 25 प्रतिशत ज्यादा है।

यूबीएस मानता है कि फिलहाल बाजार में थोड़ी घबराहट और उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। आने वाले कुछ दिनों में सोना 4,500 से 4,800 डॉलर प्रति औंस के दायरे में अटक सकता है। वजह है मार्जिन कॉल्स और जबरदस्त वोलैटिलिटी। लेकिन बैंक का साफ कहना है कि यह सिर्फ एक ठहराव है, मंजिल नहीं। इसके बाद सोने में फिर तेजी लौटने की पूरी संभावना है।

#### चांदी में मची अफरा-तफरी

जहां सोना संभलने की कोशिश कर रहा है, वहीं चांदी पूरी तरह झटके में है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी के दाम एक ही दिन में 7 प्रतिशत से ज्यादा टूटकर 77 डॉलर प्रति औंस पर आ गए। भारत में एमसीएक्स पर हालात और भी डराने वाले रहे, जहां चांदी करीब 2.44 लाख रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई और सिर्फ एक हफ्ते में 21 प्रतिशत से ज्यादा गिर गई। यूबीएस ने निवेशकों को साफ चेतावनी दी है। बैंक का कहना है कि अभी चांदी में लंबी अवधि के निवेश की बात करना जल्दबाजी होगी। हालिया तेज उतार-चढ़ाव ने जोखिम काफी बढ़ा दिया है। यूबीएस के मुताबिक, चांदी में और गिरावट के बाद ही जोखिम और रिटर्न का संतुलन बेहतर होगा।

## एमआईटी-डब्ल्यूपीयू के 220 छात्रों को मिला 10 लाख सालाना से अधिक का पैकेज

**पुणे।** एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी में छात्रों की नियुक्ति के आंकड़े बेहद शानदार रहे हैं; इस प्रदर्शन से यह जाहिर होता है कि उद्योग जगत को संस्थान के छात्रों की प्रतिभा पर पूरा भरोसा है। साल 2025 के प्लेसमेंट सीजन के दौरान, 730 से अधिक कंपनियों ने संस्थान में कैंपस प्लेसमेंट की प्रक्रिया में हिस्सा लिया, और यह संख्या पिछले साल से कहीं ज्यादा है। इस प्रकार बाजार के मौजूदा माहौल में एमआईटी - डब्ल्यूपीयू उन संस्थानों की श्रेणी में शामिल हो। गया है। सबसे अधिक कंपनियां नियुक्ति के लिए आती हैं। उद्योग जगत में अनिश्चितता भरे माहौल के बीच, 220 से ज़्यादा छात्रों को 10 लाख से ज़्यादा के सालाना पैकेज वाली नौकरी मिली।


**नाम परिवर्तन सूचना**

सार्वजनिक सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है यह कि मेरा नाम दयाराम पुत्र श्री नारायण सिंह आयु 70 वर्ष, निवासी ग्राम पांजरा, सवासीजागी, राजगढ़, म.प्र. का हूँ। मेरा पुत्र का सही नाम कृष्णा लववंशी है त्रूटी बस मेरे पुत्र के आधार कार्ड मे बालकृष्ण हो गया था तथा मेरे पुत्र की सभी मार्कसीट व सभी दस्तावेजों में कृष्णा लववंशी नाम ही है। सो सूचित हो। मेरे पुत्र के किसी भी दस्तावेज मे बालकृष्ण नाम हो तो वह नाम अमान्य माना जावे मेरे का पुत्र का सही नाम कृष्णा लववंशी है। मेरे पुत्र को इसी नाम से जाना जाता है और आगे भी जाना जावे।

अधिवक्ता प्रदीप कुशवाह
पताः सांवरिया लॉ चेम्बर मधुसूदनगढ़ गुना, म.प्र. मो. नं. 9301058966



**इंडियन बैंक Indian Bank** इलाहाबाद ALLAHABAD

अंचल कार्यालय, ऑफिस काम्पलेक्स, ब्लॉक-सी, प्रथम तल, गौतम नगर, भोपाल-462023
e-mail:- zobhopal@indianbank.bank.in

**इंडियन बैंक भोपाल साइट्स में तकनीकी और सॉफ्टवेयर सहायता सहित आउटडोर टाइप पी4- एलईडी वीडियो वॉल डिस्प्ले का डिजाइन, इंजीनियरिंग, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग।**

इंडियन बैंक भोपाल साइट्स में योग्य विक्रेताओं/आपूर्तिकर्ताओं से तकनीकी बोली/वित्तीय बोली प्रणाली के तहत एलईडी आउटडोर डिस्प्ले की आपूर्ति के लिए आमंत्रित करता है। विवरण बैंक के अंचल कार्यालय, ऑफिस काम्पलेक्स, सी ब्लॉक, पहली मंजिल, गौतम नगर, भोपाल, मध्य प्रदेश 462023 से प्राप्त किया जा सकता है या हमारी वेबसाइट www.indianbank.bank.in से डाउनलोड किया जा सकता है। आवेदन पत्र दो भागों (तकनीकी और वित्तीय बोली) में अलग-अलग सीलबंद लिफाफों में जमा करने की अंतिम तिथि 17 फरवरी 2026, दोपहर 3:00 बजे है। बैंक बिना किसी कारण बताए किसी भी आवेदन को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

दिनांक: 04 फरवरी 2026, उप महाप्रबंधक



**कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग जिला-विदिशा, (म.प्र.)**

पत्र क्र./मबावि/2025/ विदिशा, दिनाक............

**प्रस्ताव हेतु अनुरोध (Requsest For Proposal)**

एस.ई.सी.एल. द्वारा सी.एस.आर. मद अंतर्गत विदिशा जिले में वित्त पोषित एवं स्वीकृत परियोजना "बच्चों में कुपोषण एवं ठिगनेपन के उन्मूलन" के क्रियान्वयन में सहयोग एवं कियान्वयन हेतु इच्छुक अशासकीय स्वयंसेवी संस्थाओं के चयन के लिये इच्छुक संस्थाओं से Request For Proposal (प्रस्ताव हेतु अनुरोध) दिनांक 9.2.2026 से दिनांक 23.2.2026 तक आमंत्रित किये जाते हैं। ऐसी संस्थाओं के चयन हेतु निर्धारित प्रारूप एवं शर्तो के अधीन प्रस्ताव Request For Proposal (प्रस्ताव हेतु अनुरोध) के तहत आवेदन हेतु अनिवार्य शर्ते एवं प्रस्ताव प्रपत्र दिनांक 17.2.2026 तक सायं 05:00 बजे तक जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास कार्यालय विदिशा में कुल रुपए 1000/- (एक हजार रुपए मात्र) का चालान अथवा नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं। चालान शीर्ष 0235-सामाजिक सुरक्षा और कल्याण एवं अन्य प्राप्ति।

इच्छुक संस्थाओं के आवेदन / प्रस्ताव जिला कार्यालय में दिनांक 23/02/2026 तक अपरान्ह 04:00 बजे तक जमा किये जायेंगे।

जिला कार्यक्रेम अधिकारी
महिला एवं बाल बिकास विभाग
जिला विदिशा (म.प्र.)



**कार्यालय जिला पंचायत गुना (म.प्र.)**

**जिला पंचायत के रेस्ट हाउस भवन को किराये पर देने हेतु विज्ञप्ति**

जिला पंचायत गुना की स्वयं की निधि से निर्मित जिला पंचायत का रेस्ट हाउस भवन का ग्राउंड फ्लोर (भू-तल) व उससे लगी खुली भूमि 03 वर्ष हेतु वार्षिक किराये पर देना है। इच्छुक निविदाकारों से दिनांक 23.02.2026 को समय दोपहर 01.00 बजे तक GeM Government e-Market place से आमंत्रित की जाती है। अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (EMD) रुपये 300000 (अक्षरी रुपये तीन लाख मात्र) बैंक ड्राफ्ट के रूप में **"मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गुना"** के पक्ष में देय होना चाहिए। निविदा/अनुबंध की सम्पूर्ण शर्तें इस कार्यालय में कार्यकारी दिवस में प्रात: 10.30 बजे से सायं 3.30 बजे तक देखी जा सकती है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत गुना (म.प्र.)

म.प्र. माध्यम/124335/2026



# कोटक फ्लेक्सी ने पूरे किए जर्नी के पंद्रह साल

**मुंबई।** कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने कोटक फ्लेक्सी कैप फंड के 15 साल पूरे होने की घोषणा की। इस योजना ने शुरू होने से अब तक 16.59 फीसदी की सालाना औसत रिटर्न दिया है और अलग-अलग मार्केट साइकिल में लंबी अवधि में मजबूत प्रदर्शन किया है।

कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, नीलेश शाह ने कहा कि कोटक फ्लेक्सी कैप फंड के 15 साल पूरे होना हमारे लिए और उन निवेशकों के लिए गर्व की बात है, जो लगातार इस फंड से जुड़े रहे हैं। हर्षा उपाध्याय ने कहा कि 31 दिसंबर 2025 तक, कोटक फ्लेक्सी कैप फंड डायरेक्ट प्लान-ग्रोथ ऑप्शन ने पिछले 10 साल में 15.70 फीसदी और पिछले 5 साल में 16.87 फीसदी की सालाना औसत रिटर्न दिया है। इस फंड का मैनेजमेंट हर्ष उपाध्याय कर रहे हैं, जो कोटक महिंद्रा एएमसी के सीआईओ हैं।

## बिजनेस न्यूज

### पीपुल्स कॉलेज में कैंसर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित




**भोपाल।** विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष में पीपुल्स कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च सेंटर भोपाल में कैंसर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के वाइस चांसलर डॉ.हरीश राव, मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ.राजेश गौर, पीपुल्स कॉलेज ऑफ डेंटल साइंस के डीन डॉ परिमला कुलकर्णी, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ.वी एन खन्ना और मेडिकल डायरेक्टर डॉ.एएन महस्के की गरिमामय उपस्थिति में समारोह का शुभारंभ किया गया। अतिथियों द्वारा कार्यक्रम में संबोधन किया। कार्यक्रम में डॉ. सौम्यता मिश्रा ने कैंसर की एपिडेमियोलॉजी, कैंसर से बचाव, स्क्रीनिंग प्रोटोकॉल, और कैंसर के लक्षणों के प्रति जागरूकता के बारे में बताया। साथ ही, अस्पताल में चार माह में हुई जटिल सर्जरी का विश्लेषण किया गया। चार माह में लगभग 150 मरीजों का इलाज पीपल्स मेडिकल कॉलेज में सफलतापूर्वक किया गया। कैंसर के मरीजों को कार्यक्रम में उत्साह वर्धन के लिए स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए कार्यक्रम में संस्थान के लगभग 200 लोग सम्मिलित थे

### दो दिवसीय दौर पर कल भोपाल आएंगे केनरा बैंक ऑफिसर्स एसो. के रवि कुमार और रमा प्रसाद



**भोपाल।** केनरा बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन के जनरल सिक्रेटरी के.रवि कुमार तथा सीनियर वाइस प्रेसिडेंट रामा प्रसाद 7 और 8 फरवरी को भोपाल दौरे पर है। केनरा बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट केके त्रिपाठी ने बताया कि उनका यह दौरा संगठन को नई ताकत देगा। अधिकारियों में नया जोश भरेगा और केनरा बैंक को प्रगति के शिखर पर ले जाने का संदेश है। इस दौरान वे ग्राम टांडा रायसेन जिले में एक सामाजिक कार्य करेंगे तथा दूसरे दिन केनरा बैंक के अधिकारियों के समागम में अधिकारियों को संबोधित करेंगे।

### सुप्रिया लाइफ की डॉ. सलोनी और शिवानी 'एवेंडस वेल्थ-हुरुन इंडिया यू40' अवॉड्र्स से सम्मानित



**मुंबई।** एक्टिव फ़ार्मास्यूटिकल इंग्रेडिएंट्स की अग्रणी निर्माता कंपनी सुप्रिया लाइफसाइंस लिमिटेड की मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. सलोनी वाघ और जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर शिवानी वाघ को प्रतिष्ठित एवेंडस वेल्थ- हुरुन इंडिया यू40 अवॉड्र्स 2025 से सम्मानित किया गया है। एवेंडस वेल्थ -हुरुन इंडिया यू40, यू35 और यू30 अवॉड्र्स भारत के उन सबसे होनहार युवा उद्यमियों का सम्मान करते हैं, जो महत्वाकांक्षा, नवाचार और उद्देश्यपूर्ण विस्तार के साथ प्रभावशाली व्यवसाय खड़े कर रहे हैं। यह मंच उन संस्थापकों और अगली पीढ़ी के नेताओं को पहचान देता है, जो उद्योगों को नया आकार दे रहे हैं।

### आईआईटी रुडक़ी और अमेजन ने की साझेदारी

**भोपाल।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रुडक़ी के साथ अमेजन इंडिया ने एक महत्वपूर्ण साझेदारी की घोषणा की है। इस सहयोग के तहत कृषि अवशेषों से ऐसे नए पैकेजिंग मटीरियल विकसित किए जाएंगे, जो पारंपरिक लकड़ी आधारित कागज और प्लास्टिक पैकेजिंग का टिकाऊ विकल्प बन सकें। इस परियोजना का उद्देश्य गैर-लकड़ी आधारित कागज़ तकनीक विकसित करना है, जिससे कृषि अवशेषों को जलाने के बजाय उपयोग में लाया जा सके और वर्जिन वुड पल्प पर निर्भरता कम हो।


**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, रूसलली, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रमांक एस.एल.- 163 मण्डल द्वारा श्रीमती गुलरोज खान पत्नी श्री परवेज खान के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 04/01/2011 को पंजीकृत है। श्रीमती गुलरोज खान पत्नी श्री परवेज खान द्वारा उक्त सम्पत्ति अमरीन खान पुत्री श्री असरार हसन को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 16/01/2026 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति अमरीन खान पुत्री श्री असरार हसन के पक्ष से हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

(रविन्द्र निकोसे)
सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, रूसलली, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रमांक एस.एल. 164 मण्डल द्वारा श्रीमती गुलरोज खान पत्नी श्री परवेज खान के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 04/01/2011 को पंजीकृत है। श्रीमती गुलरोज खान पत्नी श्री परवेज खान द्वारा उक्त सम्पत्ति अमरीन खान पुत्री श्री असरार हसन को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 16/01/2026 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता /विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति अमरीन खान पुत्री श्री असरार हसन के पक्ष से हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

(रविन्द्र निकोसे)
सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल



परिशिष्ट B - संख्यांक 13
**जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल**
चतुर्थ जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, भोपाल

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
एमजेसी/62/2022
तस्लीम बानो बनाम स्व. दौलतराम
NEXT DATE: 25-03-2026

प्रेषिती-
1. कैलाश यदुवंशी 2. चंद्रभान, (3) राजू (4) कल्लू पटेल (5) हीरा लाल, सभी निवासीगण मकान नंबर 32 टिम्बर मार्केट नगर निगम कॉलोनी छोला भोपाल म.प्र. यह कि प्रार्थी तस्लीम बानो ने आपके विरूद्ध एमजेसी/62/2022 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर बाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावे। यह आज तारीख 19-01-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है

न्यायाधीश
जैनुल आब्दीन
चतुर्थ जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश

## चिंतन

# किताबों को सियासी अखाड़ा नहीं बौद्धिक संवाद का माध्यम बनाएं

लोकतंत्र में किताबें विचारों का माध्यम होती हैं, लेकिन जब वही किताबें राजनीति का अखाड़ा बन जाएं, तो यह चिंता का विषय हो जाता है। हाल के दिनों में तीसरे पक्ष या पूर्व अधिकारियों द्वारा लिखी गई किताबों को लेकर संसद से लेकर सड़कों और सोशल मीडिया तक जिस तरह का शोर मचा है, उसने लोकतांत्रिक विमर्श की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। विचारों पर बहस के बजाय आरोप-प्रत्यारोप और बदनाम करने की राजनीति हावी होती दिख रही है। तीसरे पक्ष द्वारा लिखी गई किताबें किसी सरकार या संस्था का आधिकारिक दस्तावेज नहीं होतीं। वे लेखक की सोच, उसके अनुभव और उसक समय की परिस्थितियों को प्रतिबिंबित करती हैं। ऐसे में काल, समय और संदर्भ को समझे बिना वर्षों पुराने प्रसंगों को वर्तमान राजनीति से जोड़ना न तो सत्ता पक्ष की समझदारी है और न ही विपक्ष की जिम्मेदारी। दुर्भाग्य यह है कि दोनों ही पक्ष इन किताबों को अपने-अपने राजनीतिक हितों के हिसाब से इस्तेमाल करने में लगे हुए हैं। संसद में किताबों को लेकर हुए हालिया विवाद के बाद सोशल मीडिया पर अपुष्ट खबरों और अधूरी जानकारियों की बाढ़ सी आ गई है। बिना पूरी किताब पढ़े, बिना तथ्यों की पुष्टि किए, चुनिंदा पंक्तियों को आधार बनाकर माहौल बनाया गया। यह प्रवृत्ति न केवल जनता को भ्रमित करती है, बल्कि संसद जैसे सर्वोच्च मंच की गरिमा को भी ठेस पहुंचाती है। जहां जनहित के मुद्दों पर सार्थक चर्चा होनी चाहिए, वहां नेता एक-दूसरे की नीयत पर सवाल उठाने में उलझे नजर आते हैं। पूर्व अधिकारियों, विशेषकर सेवानिवृत्त सैन्य प्रमुखों द्वारा लिखी गई किताबें स्वाभाविक रूप से संवेदनशील होती हैं। हाल ही में जनरल एम. एम. नरवणे की किताब को लेकर उठा विवाद इसका स्पष्ट उदाहरण है। ऐसी किताबें सत्ता पक्ष को असहज कर सकती हैं, क्योंकि वे नीतियों, निर्णयों और दावों पर सवाल उठाती हैं, लेकिन असहज सवालों से बचने के लिए हंगामा खड़ा करना लोकतांत्रिक परिपक्वता का परिचायक नहीं कहा जा सकता। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता लोकतंत्र की बुनियाद है। किसी लेखक को अपने अनुभव और विचार साझा करने का अधिकार है। जब ऐसी किताबों को लेकर सेंसरशिप की मांग उठती है या सदन में शोर-शराबा किया जाता है, तो यह संकेत देता है कि विचारों से टकराने के बजाय उन्हें दबाने की कोशिश की जा रही है। यह प्रवृत्ति लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए घातक है। किताबों पर होने वाली राजनीति अक्सर दोहरे चरित्र को उजागर करती है। सत्ता पक्ष इन्हें गैर-जिम्मेदार या भ्रामक बताकर खारिज करने में जुट जाता है, जबकि विपक्ष इन्हीं किताबों को सरकार को घेरने का औजार बना लेता है। दोनों ही स्थितियों में सच्चाई, तथ्य और संतुलन कहीं पीछे छूट जाते हैं। कई बार इन विवादों का असली उद्देश्य जनहित नहीं, बल्कि तात्कालिक राजनीतिक या चुनावी लाभ होता है। इस राजनीतिक शोर का सबसे बड़ा नुकसान संसद को होता है। संसद का समय देश की सबसे कीमती पूंजी है। जब यह समय किताबों के बहाने हंगामे में जाया होता है, तो आमजन के मुद्दे महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, किसान हाशिये पर चले जाते हैं। कुल मिलाकर किताबें समाज को सोचने, समझने और सवाल करने का अवसर देती हैं। उन्हें राजनीतिक अखाड़ा बनाने के बजाय बौद्धिक संवाद का माध्यम बनाया जाना चाहिए। जब तक विचारों से डरकर शोर मचाया जाता रहेगा, तब तक संसद की गरिमा और लोकतंत्र दोनों कमजोर होते रहेंगे। जरूरत इस बात की है कि राजनीति विचारों से लड़ें, किताबों से नहीं।



क्रिकेट
राज कुमार सिंह


# विवादों के बीच टी-20 बादशाहत की जंग

सात फरवरी से आठ मार्च तक होने जा रहे टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप पर विवादों का साया गहराता जा रहा है। भारत-श्रीलंका की मेजबानी में आयोजित हो रहे विश्व कप के ग्रुप 'ए' में भारत-पाकिस्तान के बीच 15 फरवरी को मैच खेला जाना है। इससे पहले पाकिस्तान को सात फरवरी को नीदरलैंड, 10 फरवरी को अमेरिका और 18 फरवरी को नामीबिया से मैच खेलने हैं। पाकिस्तान अपने ये सभी मैच खेलेगा। फिर भी भारत के विरुद्ध मैच न खेलने से उसे ग्रुप स्टेज पर ही विश्व कप से बाहर होना पड़ सकता है, क्योंकि इससे पाकिस्तान का रन रेट खराब हो जाएगा। नई चैंपियन वही टीम होगी, जो सुनियोजित रणनीति के साथ मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी।

सात फरवरी से आठ मार्च तक होने जा रहे टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप पर विवादों का साया गहराता जा रहा है। आईपीएल से अपने खिलाड़ी मुस्तफिजुर रहमान के बाहर हो जाने से शुरू विवाद के चलते बांग्लादेश इस विश्व कप का बहिष्कार कर चुका है। बांग्लादेश की जगह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने स्कॉटलैंड को वर्ल्ड कप में शामिल किया है। बांग्लादेश ने सुरक्षा कारणों का बहाना बनाते हुए अपने मैच भारत से श्रीलंका स्थानांतरित करने का अनुरोध किया था, जिसे आईसीसी ने ठुकरा दिया। इस विवाद में बांग्लादेश के पक्ष में मुखरता के चलते पाकिस्तान द्वारा भी वर्ल्ड कप के बहिष्कार की आशंका थी, लेकिन उसने सिर्फ भारत के विरुद्ध मैच खेलने से इनकार किया है।

भारत-श्रीलंका की मेजबानी में आयोजित हो रहे इस विश्व कप के ग्रुप 'ए' में भारत-पाकिस्तान के बीच यह मैच 15 फरवरी को खेला जाना है। इससे पहले पाकिस्तान को सात फरवरी को नीदरलैंड, 10 फरवरी को अमेरिका और 18 फरवरी को नामीबिया से मैच खेलने हैं। पाकिस्तान अपने ये सभी मैच खेलेगा। फिर भी भारत के विरुद्ध मैच न खेलने से उसे ग्रुप स्टेज पर ही विश्व कप से बाहर होना पड़ सकता है, क्योंकि भारत के विरुद्ध मैच न खेलने से पाकिस्तान का रन रेट खराब हो जाएगा। आईसीसी के नियम 16.10.7 के मुताबिक मैच न खेलने पर पाकिस्तान के 20 ओवर में 0 रन माने जाएंगे, जबकि भारत का एक भी ओवर नहीं गिना जाएगा। परिणामस्वरूप बाकी सभी मैच जीत कर भी पाकिस्तान का रन रेट नकारात्मक हो सकता है। हालांकि ग्रुप 'ए' में भारत और पाकिस्तान के अलावा अमेरिका, नामीबिया और नीदरलैंड जैसी कमजोर टीमें ही हैं, लेकिन क्रिकेट अनिश्चितताओं का खेल है। पिछले वर्ल्ड कप में अमेरिका तो पाकिस्तान को हरा कर ग्रुप स्टेज पर बाहर कर भी चुका है। नीदरलैंड भी अतीत में आईसीसी टूर्नामेंट में उलटफेर कर चुका है। अगर पाकिस्तान अपने इन तीन मैचों में से एक भी हार गया तो उसे ग्रुप स्टेज पर ही वर्ल्ड कप से बाहर का रास्ता देखना पड़ सकता है। बेशक आईसीसी ने पाकिस्तान से भारत के विरुद्ध मैच न खेलने के फैसले पर पुनर्विचार का आग्रह किया है, लेकिन खुद वहां के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ कह चुके हैं कि फैसला सोच-समझ कर किया गया है। वैसे कुछ जानकार पाकिस्तान के इस बांग्लादेश प्रेम को वहां के चुनाव से जोड़ कर भी देख रहे हैं।

बांग्लादेश में 12 फरवरी को चुनाव हैं। एक संभावना यह भी जतायी जा रही है कि चुनाव में वहां के कट्टरपंथियों को खुश करने के बाद पाकिस्तान शायद भारत से 15 फरवरी का मैच खेलने पर मान जाये। अगर वह नहीं माना तो ग्रुप स्टेज पर ही वर्ल्ड कप से बाहर होने के खतरे के अलावा दंडात्मक कार्रवाई का भी सामना करना पड़ सकता है। आईसीसी बहिष्कार का कारण पूछेगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) का जवाब संतोषजनक नहीं लगा तो उसे इस वर्ल्ड कप से बैन भी किया जा सकता है। पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के लिए विदेशी खिलाड़ियों को एनओसी मिलना तो मुश्किल होगा ही, उसे भविष्य में आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी से भी वंचित होना पड़ सकता है। भारत-



पाकिस्तान मैच न होने से ब्रॉडकास्टर जियो और आईसीसी की आय में होने वाली कमी की भरपाई के लिए भी पाकिस्तान को कहा जा सकता है। सबसे ज्यादा पैसा भारत-पाकिस्तान के बीच खेले जाने वाले मैचों पर ही बरसता है। वैसे यह पहली बार नहीं है, जब किसी क्रिकेट वर्ल्ड कप पर विवाद और बहिष्कार का साया पड़ रहा है। भारतीय उप महाद्वीप में आयोजित 1996 के वर्ल्ड कप में श्रीलंका में जारी हिंसा के चलते ऑस्ट्रेलिया ने कोलंबो में मैच खेलने से इनकार कर दिया था। श्रीलंका को वॉकओवर मिल गया। उसी वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज ने भी श्रीलंका में खेलने से इनकार कर दिया था। परिणामस्वरूप श्रीलंका को एक और वॉकओवर मिल गया। दो बड़ी टीमों के विरुद्ध मिले वॉकओवर से श्रीलंका की किस्मत ऐसी चमकी कि वह लाहौर में फाइनल जीत कर विश्व विजेता बन गया।

2003 में अफ्रीकी धरती पर खेले गये विश्व कप में, जिंबाब्वे में रॉबर्ट मुगाबे शासन पर ब्रिटिश सरकार की आपत्ति के चलते, इंग्लैंड ने खेलने से इनकार कर दिया तो जिंबाब्वे को वॉकओवर मिल गया। उसी वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड ने भी सुरक्षा कारणों से खेलने से इनकार किया तो केन्या को वॉकओवर मिल गया और चमत्कारिक रूप से वह सेमीफाइनल में पहुंच गया। अगला विश्व कप ब्रिटेन में हुआ, जिससे जिंबाब्वे के राजनयिक रिश्ते खराब थे। वीजा संबंधी संकट खड़ा हुआ तो आईसीसी से समझौता कर जिंबाब्वे वर्ल्ड कप से हट गया और उसकी जगह स्कॉटलैंड को मौका मिला।

बेशक क्रिकेट अनिश्चतताओं का खेल है, जिसमें कभी भी कोई भी टीम कमाल कर सकती है, लेकिन हालिया प्रदर्शन की बात करें तो इस टी-20 वर्ल्ड कप में सूर्य कुमार यादव के नेतृत्व में टीम इंडिया खिताब की प्रबल दावेदार है। हालांकि भारतीय टीम का पिछला साल अच्छा नहीं गुजरा। हाल में मेहमान न्यूजीलैंड टीम से वन डे श्रृंखला भी 0-3 से हार गयी, लेकिन उसके बाद टी-20 श्रृंखला 4-1 से जीत कर जैसी जबर्दस्त वापसी की, उसके बाद ज्यादातर जानकार मानते हैं कि टीम इंडिया को टी-20 वर्ल्ड कप जीतने से रोक पाना आसान नहीं होगा। कप्तान सूर्या की फॉर्म लौट आयी है तो ईशान किशन भी तूफानी बल्लेबाजी फॉर्म के साथ टीम में लौटे हैं। ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या अच्छी फॉर्म में हैं तो तेज गेंदबाजी आक्रमण किसी भी प्रतिद्वंद्वी टीम को धराशायी करने में समर्थ है यानि टीम इंडिया टी-20 वर्ल्ड कप का पिछली बार जीता खिताब बरकरार रख सकती है। बेशक सदाबहार ऑस्ट्रेलिया, जुझारू दक्षिण अफ्रीका, गजब की पेशेवर न्यूजीलैंड और क्रिकेट के जनक इंग्लैंड को कम आंकने की गलती कोई जानकार नहीं करना चाहेगा। अतीत में असाधारण प्रदर्शन से चौंका चुकी ये टीमें भी खिताब की दावेदार हैं।

चार ग्रुपों में बंटे विश्व कप में 20 टीमें मैदान में होंगी। हर ग्रुप में दो मजबूत टीमें रख कर स्पर्धा को रोमांचक और संतुलित बनाने की कोशिश की गयी है। ग्रुप 'ए' में भारत और पाकिस्तान मजबूत टीमें हैं तो ग्रुप 'बी' में ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका की बाबत ऐसा कहा जा सकता है। ग्रुप 'सी' में इंग्लैंड और वेस्टइंडीज को मजबूत माना जा सकता है, जबकि ग्रुप 'डी' में न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका उसी श्रेणी में आती हैं। घरेलू पिचों का लाभ भारत और श्रीलंका को मिलने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता, लेकिन आईपीएल के चलते अन्य देशों के खिलाड़ी भी अब भारतीय पिचों से अनजान नहीं रह गये हैं। इसलिए टी-20 वर्ल्ड कप की नई चैंपियन वही टीम होगी, जो सुनियोजित रणनीति के साथ मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## पुण्यतिथि पर विशेष

हर्षवर्धन पान्डे



# लता मंगेशकर : मेरी आवाज़ ही पहचान है, गर याद रहे..

लता मंगेशकर की मखमली और जादुई आवाज की दुनिया दीवानी थी। उनकी आवाज़ दिल को छूती नहीं, बल्कि दिल में बस जाती थी। हर दिल अजीज लता मंगेशकर ने अपनी आवाज से हिंदी सिनेमा की गायकी में ऐसे चार चांद लगाए कि हर कोई उनका मुरीद हुए बिना नहीं रह पाया। सही मायनों में हिंदी सिनेमा की गायकी की दुनिया को लता ने अपने मधुर स्वर से नई दिशा देने का काम किया। लता की वो आवाज हर किसी के दिल के तारों को आज भी झंकृत कर देती है। हिंदी सिनेमा के 100 बरस से अधिक के सफ़र में लता की गायकी सिल्वर स्क्रीन पर चार चांद लगा देती है। लता मंगेशकर का जन्म 28 सितंबर 1929 को मध्यप्रदेश के इंदौर शहर में पंडित दीनानाथ मंगेशकर के मध्यवर्गीय परिवार में हुआ था। लता पांच भाई बहनों में सबसे बड़ी थी। लता मंगेशकर के पिता पंडित दीनानाथ मंगेशकर एक क्लासिकल सिंगर और थिएटर आर्टिस्ट थे। लता की तीन बहनें मीना, आशा, उषा और एक भाई हृदयनाथ मंगेशकर थे। पांच साल की उम्र में ही लता ने अपने पिता से संगीत की शिक्षा लेनी शुरू कर दी थी और थिएटर में एक्टिंग किया करती थी। जब वो स्कूल गयी तो वहां के बच्चों को संगीत सिखाने लगी लेकिन जब लता को अपनी बहन 'आशा' को स्कूल लाने से मना किया गया तो उन्होंने स्कूल जाना छोड़ दिया। सुरों की मल्लिका लता मंगेशकर का भी बॉलीवुड में सफर इतना आसान नहीं था। काफी समय तक उन्हें कोई प्रोजेक्ट नहीं मिला। इसकी दो वजहें थीं। एक तो साल 1940 के दौर में जब उन्होंने फिल्मी दुनिया में एंट्री ली, बॉलीवुड में नूरजहां और शमशाद का दबादबा था और दूसरा लता की आवाज़ की पिच काफी हाई थी और आवाज़ पतली, ऐसे में उस दौर के चलन में चल रहे गानों के मुताबिक आवाज भी फिट नहीं बैठती थी। प्रोड्यूसर शशिधर मुखर्जी ने लता मंगेशकर की आवाज को 'पतली आवाज' कहकर अपनी फिल्म 'शहीद' में गाने से मना कर दिया था, फिर म्यूजिक डायरेक्टर गुलाम हैदर ने लता को फिल्म 'मजबूर' में 'दिल मेरा तोड़ा, कहीं का ना छोड़ा' गीत गाने को कहा जो काफी सराहा गया। लता मंगेशकर के पिता नहीं चाहते थे कि वो फ़िल्मों के लिए गाने गाये, लेकिन लता मंगेशकर बचपन से ही गायिका बनना चाहती थीं। साल 1942 में उनके पिता इस दुनिया को छोड़ गए और लता मंगेशकर के कंधों पर परिवार को संभालने की सारी ज़िम्मेदारी आ गई। इसी वज़ह से लता ने 1942 से लेकर 1948 तक करीब 8 हिंदी और मराठी फिल्मों में काम किया। 1948 में म्यूज़िक कंपोज़र गुलाम हैदर ने लता को बड़ा ब्रेक दिया, जिसके बाद उनका संघर्ष का दौर खत्म हुआ और फिल्मी दुनिया में ऐसा सिक्का चला कि लोग उनकी आवाज के दीवाने हो गए। चंद महीनों में ही लता के प्रति लोगों का नजरिया बदला और उन्होंने अपनी अलग पहचान बना ली और फिर इसके बाद उन्हें मुड़कर पीछे नहीं देखना पड़ा। लता मंगेशकर ने फिल्म इंडस्ट्री के सभी दिग्गज म्यूज़िक डायरेक्टर्स और सिंगर्स के साथ काम किया। उन्होंने 1000 से भी ज्यादा हिंदी फिल्मों और 36 से भी ज्यादा भाषाओं में गाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। साल 1977 में आई फिल्म 'किनारा' में लता मंगेशकर ने 'नाम गुम जायेगा, चेहरा ये बदल जायेगा, मेरी आवाज़ ही, पहचान है, गर याद रहे' गीत गाया। लता मंगेशकर की ये लाइनें उनके हर चाहने वाले को हमेशा याद रहेंगी। उस दौरान उन्होंने बैजू बावरा, मदर इंडिया, देवदास और मधुमति जैसी हिट फिल्मों में गाने गाए। फिल्म 'मधुमति' के गाने 'आजा रे परदेसी' के लिए 1958 में लता मंगेशकर को पहला फिल्मफेयर मिला। लता मंगेशकर को साल 2001 में 'भारत रत्न' से भी नवाजा गया था। लता दीदी को इसके पहले पद्म भूषण (1969), पद्म विभूषण(1999) और दादा साहब फाल्के अवार्ड (1989) पुरस्कार से भी नवाजा गया। सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर ने ताउम्र शादी नहीं की। इसकी वजह बताते हुए वो कहती थी कि पिता की मौत के बाद घर के सभी सदस्यों की जिम्मेदारी उन पर थी। ऐसे में कई बार शादी का ख्याल आता भी तो उस पर अमल नहीं कर सकती थी। मध्यप्रदेश सरकार ने 1984 में लता मंगेशकर के नाम पर एक पुरस्कार शुरू किया। इस पुरस्कार के लिए चयनित कलाकारों को दो-दो लाख की राशि, सम्मान पट्टिका, शाल-श्रीफल से अलंकृत किया जाता है। 6 फरवरी 2022 को 92 वर्ष की आयु में लता का निधन हो गया। आज भले ही वो हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी आवाज का जादू लम्बे समय तक भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में रंग भरता रहेगा।



(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# कथनी और करनी में न हो कोई अंतर



संकलित
दर्शन

सभी के हित का ध्यान रखते हुए मनसा, वाचा, कर्मणा अपने दायित्वों का सम्यक रूप से निर्वाह करना कर्त्तव्य है। कर्त्तव्य का पालन यदि समुचित रूप से किया जाता है तो जीवन पूर्णतः गौरवान्वित बनता है। जो कर्त्तव्यनिष्ठ है। वह अपने करणीय कर्म के प्रति पूरी तरह से समर्पित होता है। वह परमार्थ पोषक एवं प्रामाणिक होता है। वह जैसा रहता है, वैसा ही करता भी है। ऐसी कथनी-करनी की एकरूपता से वह समाज में श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत करता है और प्रत्येक उससे प्रेरणाएँ ग्रहण करता है। कर्त्तव्य परिपालन की बात करना और कर्त्तव्य परिपालन के नाम पर शोर-शराबा मचाना अलग बात है और कर्त्तव्यों के क्षेत्र में बिना किसी शोर-शराबे के समर्पित हो जाना अलग बात है। आज हम देखते हैं कि कर्त्तव्यों के परिपालन के लिए अक्सर लम्बे-चौड़े उपदेश दिये जाते हैं, पर जब कर्तव्य निर्वाह का अवसर आता है तो व्यक्ति दायें-बायें देखने लगता है। कटु सत्य तो यह है कि आज कर्त्तव्यों की चर्चा करने वाले लाखों हैं, पर कर्त्तव्यों के पावन पथ पर गतिशील होने वाले विरले ही हैं। कई बार मुझे चिंतन के क्षणों में लगता है कि आज व्यक्ति कर्त्तव्यों से विमुख हो गया है। इस विमुखता के कारण प्रत्येक क्षेत्र में अराजकता और अशांति का विस्तार हुआ है। कर्त्तव्यों के पावन क्षेत्र से भटककर कोई व्यक्ति कभी भी शांति का अहसास नहीं कर सकता। जीवन का गौरव और उसकी सार्थकता कर्त्तव्य पालन में ही है। कर्त्तव्यनिष्ठ व्यक्ति गुलाब का फूल है, वह काँटों में मुस्कराता है।


# मुश्किल समय में अस्थिर हो जाता है मन



संकलित
प्रेरणा

गौतम बुद्ध यात्राएं करते रहते थे। यात्रा में उनके शिष्य भी साथ रहते थे। एक दिन वे अपने शिष्य आनंद के साथ यात्रा कर रहे थे। यात्रा करते हुए वे एक जंगल से गुजर रहे थे। उन्हें चलते-चलते काफी समय हो गया था। काफी चलने की वजह से वे थक गए थे। आराम के लिए वे एक जगह रुके। बुद्ध ने शिष्य आनंद से कहा कि प्यास लगी है, पास में से ही एक झरने के बहने की आवाज आ रही है, वहां जाकर पीने का पानी ले आओ। बुद्ध की आज्ञा मिलने के बाद आनंद झरने के पास पहुंच गया। वहां पहुंचकर आनंद ने देखा कि एक बैलगाड़ी पानी में से गुजरी है तो पहियों की वजह से पानी बहुत गंदा हो गया है। पानी में मिट्टी दिख रही थी, पानी पीने लायक नहीं था। आनंद गंदा पानी देखकर लौट आया। आनंद ने लौटकर बुद्ध से कहा कि तथागत, वहां का पानी तो बहुत गंदा है, पीने लायक नहीं है। बुद्ध ने कहा कि अब तुम कुछ देर बाद फिर से जाना। इस बार तुम्हें अच्छा पानी मिल जाएगा। बुद्ध की बात मानकर आनंद कुछ देर बाद फिर से पानी लेने पहुंच गया। इस बार पानी शांत था, पानी में कोई हलचल नहीं थी। पानी एकदम साफ दिख रहा था। आनंद ने तुरंत ही पीने के लिए पानी भरा और बुद्ध के पास लौट आया। बुद्ध ने पानी पीकर आनंद से कहा कि हमारे जीवन में भी कई बार ऐसी स्थितियां बन जाती हैं। मन तनाव की वजह से अशांत हो जाता है। अशांति गंदे पानी की तरह है। जब तक मन अशांत रहता है, तब तक हमें कोई निर्णय नहीं लेना चाहिए।

## सटाका




## आज की पाती


### पाक का संशोधन लोकतंत्र के लिए काला अध्याय

संवैधानिक संशोधन लोकतंत्र की आत्मा होते हैं, जो समय के साथ बदलती चुनौतियों का सामना करने के लिए ढांचे को लचीला बनाते हैं। लेकिन जब ये संशोधन सत्ता के संतुलन को बिगाड़ने का हथियार बन जाते हैं, तो वे लोकतंत्र को ही खोखला करने लगते हैं। पाकिस्तान की संसद द्वारा नवंबर 2025 में पारित 27वां संवैधानिक संशोधन ठीक ऐसा ही एक उदाहरण है। यह संशोधन सतह पर संवैधानिक प्रक्रिया का पालन करता प्रतीत होता है, किंतु वास्तव में कार्यपालिका और सेना के हाथों में न्यायपालिका को बंधक बनाने का प्रयास है। इसने न केवल पाकिस्तानी संस्थानों के बीच शक्ति संतुलन को उलट दिया है, बल्कि विधि के शासन को गंभीर खतरे में डाल दिया है। - **मनीष शर्मा**, राजनांदगांव

## करंट अफेयर

# अमेरिकी महाद्वीप में खसरे को लेकर चेतावनी जारी

'पैन अमेरिकन हेल्थ ऑर्गनाइजेशन' (पीएएचओ) ने अमेरिकी महाद्वीप में खसरे के मामलों में अचानक वृद्धि के मद्देनजर एक नई महामारी संबंधी चेतावनी जारी की है। मेक्सिको में खसरे के काफी अधिक मामले दर्ज किए गए हैं। पीएएचओ की ओर से जारी चेतावनी में तत्काल टीकाकरण अभियान चलाने का भी आह्वान किया गया है साथ ही कहा गया है कि हाल में सामने आए मामले में 78 प्रतिशत मामले ऐसे लोगों में हैं जिनका टीकाकरण नहीं हुआ है। बुधवार को यह चेतावनी ऐसे वक्त में जारी की गई है जब नवंबर में कनाडा का खसरा-मुक्त दर्जा समाप्त हो गया है। यह एक ऐसा झटका है जिसकी पुनरावृत्ति जल्द ही अमेरिका और मेक्सिको में भी हो सकती है। इस वर्ष के पहले तीन हफ्तों में पीएएचओ ने सात देशों में खसरे के 1,031 नए मामलों की पुष्टि की है - जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में चौंका देने वाली 43 गुना वृद्धि है। हालांकि अभी तक किसी की मौत की खबर नहीं है, लेकिन संक्रमण का प्रसार अब भी अधिक है। मेक्सिको में सबसे अधिक 740 मामले हैं, उसके बाद अमेरिका में 171 और कनाडा में 67 मामले हैं। अमेरिका में अब सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी ध्यान दक्षिण कैरोलिना की ओर केंद्रित किया गया है, जहां खसरे के मामलों में वृद्धि हो रही है।



## ऑफ बीट

# उम्र बढ़ना एक जटिल प्रक्रिया सब पर इसका असर अलग

आप किसी ऐसे व्यक्ति को जानते होंगे, जो अपनी वास्तविक उम्र से छोटा दिखाई देता होगा। इसी तरह आप ऐसे लोगों के भी संपर्क में आए होंगे, जो अपनी उम्र से काफी बड़े नजर आते हैं। क्या कारण है कि उम्र बढ़ने की प्रक्रिया हर व्यक्ति में समान नहीं होती? मैंने अपने पूरे करियर में उम्र बढ़ने की प्रक्रिया (एजिंग) पर अध्ययन किया है। मैं मिशिगन विश्वविद्यालय में उम्र बढ़ने की प्रक्रिया से संबंधित कोशिकीय एवं आणविक विज्ञान का प्रोफेसर हूं। उम्र बढ़ने की प्रक्रिया से जुड़े अनुसंधान में ऐसा समाधान नहीं तलाशा जाता, जो ढलती उम्र में आपको होने वाली हर बीमारी से निजात दिला सके। बल्कि, पिछले एक या दो दशक में हुए शोध इस ओर इशारा करते हैं कि 'एजिंग' एक बहुकारकीय प्रक्रिया है और इसे महज एक उपाय से नहीं रोका जा सकता। 'एजिंग' क्या है? -एजिंग की अलग-अलग परिभाषाएं हैं, लेकन वैज्ञानिक आमतौर पर कुछ समान कारकों पर सहमत होते हैं : उम्र बढ़ने की प्रक्रिया समय पर निर्भर करती है, जो व्यक्ति को बीमारियों, चोट और मौत के खतरे के प्रति अधिक संवेदनशील बनाती है।



## ट्रेंड

### 'भारत टैक्सी' से मुनाफा



सहकारिता से बहुत सारे लोग मिलकर छोटी-छोटी पूंजी लगाकर कैसे बड़ी शुरुआत कर सकते हैं, 'भारत टैक्सी' इसका उदाहरण है। चालक बहन-भाई 'भारत टैक्सी' से न सिर्फ अधिक मुनाफा कमा पाएंगे, बल्कि सम्मान के साथ इसके मालिक भी होंगे।
- **अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### देश का सामरिक विकास



प्रजातंत्र के बारे में बोलने वाले विपक्षी दल संसद में प्रजातंत्र का गला घोंटते हैं, ये सारा देश देख रहा है। विपक्षी दलों को प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश का सामरिक विकास रास नहीं आ रहा है।
**-जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री**

### टैरिफ का आकलन



भारत पर अमेरिका द्वारा टैरिफ घटाकर 18 प्रतिशत करने की खबर कितनी देश व जनहित में है, इस बारे में समुचित जानकारी के अभाव में तत्काल कोई आकलन करना जल्दबाजी होगी, क्योंकि इस पर जमीनी अमल होने के बाद ही पता चलेगा कि इससे आमजन का क्या भला होगा।
- **मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

### विरोध करने का निर्णय



मोदी सरकार ने ठान लिया है कि दोनों विपक्षी नेताओं को बात करने नहीं देना है। सारी विपक्ष की पार्टियों के नेताओं ने यह तय किया कि अगर वे हमें बात करने नहीं देंगे, तो हमें वाक आउट करना चाहिए और विरोध करना चाहिए।
**-मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कार्यक्रम**

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

# 'मॉन्स्टर सनस्पॉट' अपने भीतर कई पृथ्वियों को कर सकता है समाहित

## आंचलिक विज्ञान केंद्र ने सूर्य के मॉन्स्टर सनस्पॉट से कराया छात्रों को साक्षात्कार



आंचलिक विज्ञान केन्द्र पहुंचे स्कूली विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जब कक्षा की पढ़ाई, आकाश में घट रही वास्तविक घटनाओं से जुड़ जाती है, तब विज्ञान केवल विषय नहीं रहता वह प्रेरणा बन जाता है। ऐसा ही एक सशक्त और रोमांचक अनुभव गुरुवार को आंचलिक विज्ञान केन्द्र में देखने को मिला, जब विद्यार्थियों ने सूर्य पर सक्रिय अब तक के सबसे विशाल सनस्पॉट्स में से एक एआर4366 का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। विशेष रूप से आयोजित सनस्पॉट अवलोकन सत्र के दौरान छात्रों ने उस विशाल सूर्य धब्बे को देखा, जिसकी विशालता इतनी अधिक है कि वह अपने अंदर कई पृथ्वियों को समाहित कर सकता है। यह दृश्य केवल खगोलीय नहीं था, यह सूर्य की चुंबकीय ऊर्जा, विस्फोटक गतिविधियों और ब्रह्मांडीय प्रक्रियाओं को समझने की एक जीवंत खिड़की था।

### सूर्य घटनाएं मानवी जीवन और तकनीकी से हैं जुड़ीं



सूर्य के मॉन्स्टर सनस्पॉट से बच्चों को कराया अवगत।

वैज्ञानिक दृष्टि से एआर4366 वहीं सक्रिय क्षेत्र है, जहां से हाल के समय की सबसे तीव्र क्लास सौर ज्वालाएं उत्पन्न हुई हैं। ये ज्वालाएं पृथ्वी के स्पेस वेदर, उपग्रह संचार, नेविगेशन प्रणालियों और विद्युत ग्रिड तक को प्रभावित करने की क्षमता रखती हैं। छात्रों ने पहली बार यह अनुभव किया कि सूर्य पर होने वाली घटनाएं किस प्रकार सीधे मानव जीवन और तकनीक से जुड़ी हुई हैं।

रंगश्री लिटिल बैले ट्रूप में होगा आयोजन

# रंगकर्मी आलोक चटर्जी की स्मृति में नाट्य महोत्सव 21 फरवरी से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आहान शिक्षा संस्कृति एवं समाज कल्याण समिति द्वारा रंगश्री लिटिल बैले ट्रूप के राग बंध सभागार में 21 फरवरी से तीन दिवसीय नाट्य समारोह का आयोजन होने जा रहा है।

इसके अंतर्गत पहले दिन स्व. आलोक चटर्जी अभिनीत मोनोलॉग रेड फ्रॉक की स्क्रीनिंग और रंगमंच में आलोक और नाटक रेड फ्रॉक पर जिज्ञासु रंगप्रेमियों और आत्मीय सांनिध्य गुणीजनों के साथ आशीष पाठक के साथ बातचीत होगी।

### कथा सागर के रूप में तीन लघु नाट्य प्रस्तुतियां होंगी खास

दूसरे दिन दो नाटकों का मंचन होगा। शोभा चटर्जी के निर्देशन में कथा सागर के रुप में तीन लघु नाट्य प्रस्तुतियां होंगी जिसमें क्रमशः हरी शंकर परसाई द्वारा रचित वैष्णव की फिसलन, भगवती चरण वर्मा द्वारा लिखित मुगलों ने सल्तनत बख्श दी और धर्मवीर भारती द्वारा लिखित आवाज का नीलाम कहानियों पर आधारित तीन लघु नाट्य प्रस्तुतियां का मंचन खास रहेगा। इसके बाद दूसरा नाटक वरिष्ठ रंगकर्मी बालेंद्र सिंह अभिनीत आशीष पाठक के लेखन एवं निर्देशन में नाटक पॉपकॉर्न का मंचन किया जाएगा।

रंगश्री लिटिल बैले ट्रूप में नाटक 'यह तो चमत्कार है' का मंचन

# जब परमाणु बम बना मानवता का हथियार 'यह तो चमत्कार है' ने दिया शांति का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आज के युग में मानवता को खतरा है, चारों ओर युद्ध की स्थिति मौजूद है, आज पूरी दुनिया मानों विश्व युद्ध की कगार पर है। परमाणु बम की धमकी आए दिन एक मुल्क द्वारा अपने शत्रु देश को दी जाती रही है। ऐसे में क्यों न ऐसा बम बनाया जाए, जिससे मानवता भी बचे, हिंसा भी रुके... ऐसे ही बम के अविष्कार की कहानी कहता नाटक 'यह तो चमत्कार है' का मंचन गुरुवार शाम रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में किया गया। नाटक में लेखन व निर्देशन वसीम खान का है। हास्य व्यंग से युक्त इस नाटक के बारे में निर्देशक वसीम कहते हैं कि मैंने आए दिन देखा कि आज अमूमन हर मुल्क युद्ध की कगार पर है, ऐसे में मुझे मानवता की भलाई के लिए इस नाटक लिखने की परिकल्पना मेरे भीतर आई।

## हास्य व्यंग से युक्त है नाटक



रंगश्री लिटिल बैले ट्रूप में नाटक का मंचन करते हुए कलाकार।



### कथासार

द रिफ्लेक्शन सोसाइटी फॉर परफॉर्मिंग आर्ट द्वारा हास्य व्यंग से परिपूर्ण इस नाटक का कथानक एक परिवार की कहानी कहता है, जिसमें सास-ससुर पति बादल और उसकी पत्नी रिमझिम रहती है। रिमझिम और उसका पति साइंटिस्ट है। बादल एक नए परमाणु बम पर शोध कर रहा है। शादी के बाद रिमझिम भी साइंटिस्ट बन जाती है, लेकिन वो परमाणु बम के विपरीत कुछ अलग क्रिएट करना चाहती हैं। जिस से युद्ध में मानव और मानवता को बचाया जा सके और रिमझिम का शोध रंग लाता है और अंत में उसे आइडिया मिल जाता है। वो परिवार को बताती है सब उसके विचार से प्रसन्न हो जाते है। वो एक ऐसा बम बनाती है जिसके गेस का असर केवल कपड़ों पर होता है कपड़े गल कर गिर जाते हैं। अब पड़ोसी देश से जंग होती है तो रिमझिम के बनाए बम ही प्रयोग होते हैं, जिस से सिपाहियों के कपड़े गिर जाते हैं और वो निर्वस्त्र हो जाते हैं, यही हाल आम लोग का भी होता हैं और वो भी निर्वस्त्र हो जाते है। पूरे देश में एक कर्फ्यू सा लग जाता है और व्यापर आवागमन पूरी तरह धवस्त हो जाता है। 15 कलाकरों से सजे इस नाटक में मंच पर बीचों बीच रखी टीवी दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींचती है साथ ही संगीत से परिपूर्ण इस नाटक में संवादों के माध्यम से दर्शक हर वक्त हंसते मुस्कुराते नजर आए।

### नाट्य प्रस्तुति 'मध्यांतर' का मंचन 8 फरवरी को

एकरंग सोश्यो कल्चरल सोसाइटी द्वारा नाट्य प्रस्तुति 'मध्यांतर' का मंचन 8 फरवरी, रविवार को शाम 7 बजे रंगश्री लिटिल बैले ट्रूप में किया जाएगा। इस नाटक का निर्देशन सुप्रसिद्ध रंगकर्मी विभा श्रीवास्तव द्वारा किया जा रहा है। यह नाट्य प्रस्तुति समकालीन सामाजिक यथार्थ, मानवीय संवेदनाओं और जीवन के ठहराव के क्षणों को कलात्मक अभिव्यक्ति प्रदान करती है।

नाटक दर्शकों को आत्ममंथन और विचार के नए आयामों से जोड़ने का प्रयास करता है। आयोजकों के अनुसार, यह प्रस्तुति रंगमंच प्रेमियों के लिए एक विशिष्ट अनुभव होगी, जिसमें सशक्त अभिनय, प्रभावी संवाद और संवेदनशील निर्देशन का सुंदर समन्वय देखने को मिलेगा। एकरंग सोश्यो कल्चरल सोसाइटी का उद्देश्य समाज में सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करना और रंगमंच के माध्यम से सार्थक संवाद स्थापित करना है।

# हर आयु वर्ग के लिए 10 लाख से अधिक नई किताबों की विशाल रेंज

## मानस भवन में न्यू बुक कॉर्निवल का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

किताबों से प्यार करने वालों के लिए भोपाल में बेहद खास आयोजन किया रहा है। बुक फेयर ब्रांड किताब लवर्स पहली बार अपना बहुप्रतीक्षित न्यू बुक कार्निवल लेकर आया है। पांच दिवसीय यह आयोजन 8 फरवरी तक मानस भवन में आयोजित किया जा रहा है। बुक लवर्स के सह संस्थापक राहुल पांडे ने बताया कि यह पुस्तक मेला समृद्ध साहित्यिक परंपरा और पाठकों की पढ़ने की संस्कृति का उत्सव है। मेले में 10 लाख से अधिक नई किताबें प्रदर्शित की गई है, जो हर आयु वर्ग और हर रुचि के पाठकों को आकर्षित करेंगी।



अपनी पसंद की किताब तलाशते लोग।

### फिक्शन, नॉन-फिक्शन, सेल्फ-हेल्प सभी कुछ

उन्होंने बताया कि इस कॉर्निवाल में फिक्शन, नॉन-फिक्शन, सेल्फ-हेल्प, रोमांस, क्राइम, थ्रिलर, बच्चों की किताबें और पौराणिक साहित्य की विशाल रेंज उपलब्ध है। खास तौर पर हिंदी लेखकों की रचनाएं इस मेले का प्रमुख आकर्षण रही, जो हिंदी साहित्य प्रेमियों के लिए किसी उत्सव से कम नहीं होंगी।

दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला संस्कृतमाध्यमेन संस्कृतशिक्षणं आयोजित

# 8 सत्रों में 57 संस्कृत शिक्षकों ने प्राप्त किया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय एवं भारतीय भाषा समिति नई दिल्ली के द्वारा 'संस्कृतमाध्यमेन संस्कृतशिक्षणं' विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन गुरुवार को हुआ। कार्यशाला के दूसरे दिन भाषा शुद्धि, पाठ्यपुस्तकों के विश्लेषण एवं कक्षाओं में आईसीटी के प्रयोग पर प्रशिक्षण दिया गया। समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विवि, नई दिल्ली से आए प्रो के. भरत भूषण ने समस्त शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों को संस्कृत भाषा में पठन-पाठन करते हुए विद्यालय में संस्कृत के वातावरण का निर्माण करने हेतु प्रोत्साहित किया।

कार्यशाला का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए संयोजक डॉ गोबिंद सरकार ने बताया कि इस दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के 8 सत्रों में विभिन्न विषयों पर 57 संस्कृत शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस अवसर पर नई दिल्ली, नासिक एवं भोपाल से विषय विशेषज्ञों के रूप में प्रो. गोविंद पांडेय, प्रो नीलाभ तिवारी, प्रो सोमनाथ साहू, प्रो के. भरत भूषण, डॉ कुमार भट्ट उपस्थित रहे।



दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में जानकारी देते हुए अतिथि।

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में डॉ. मधुसूदन ने कहा

# सकारात्मक परिवर्तन कर अनेक समस्याओं से बचा जा सकता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ओजस फाउंडेशन एवं मध्य प्रदेश विज्ञान प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से देवलखेड़ी, जगदीशपुर (बैरसिया) स्थित चित्रांश कॉन्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल में स्वास्थ्य प्रबोधन एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान ओजस फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. मधुसूदन देशपांडे ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य जागरुकता के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि दैनिक जीवनशैली में सकारात्मक परिवर्तन कर अनेक स्वास्थ्य समस्याओं से बचा जा सकता है।

उन्होंने रसोई में उपयोग होने वाले मसालों के औषधीय गुणों एवं उनके सही उपयोग से छोटे-मोटे रोगों के उपचार की जानकारी भी दी। ओजस फाउंडेशन के सचिव डॉ. शैलेश मानकर ने विद्यार्थियों को सुवर्ण प्रशान एवं परीक्षा की तैयारी से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव दिए। वहीं राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ के शिष्य डॉ. कृष्ण कुमार ने बच्चों को प्रसन्न रहने एवं तनाव प्रबंधन के उपाय बताए। डॉ. नूपुर त्यागी ने प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के बारे में जानकारी दी।




चित्रांश कॉन्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल में स्वास्थ्य शिविर।

# चित्रकार बीना की चौसठ योगिनी पर केंद्रित चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत भवन में शुक्रवार को चौसठ योगिनी पर केंद्रित चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ होगा। यह प्रदर्शनी रूपंकर कला प्रभाग द्वारा संयोजित की गई है। तीन दिवसीय प्रदर्शनी में केरल की वरिष्ठ चित्रकार बीना एस उन्नीकृष्णन के एकल चित्रों को प्रदर्शित किया जाएगा। प्रदर्शनी को आधुनिक कला दीर्घा में लगाया गया है, जो कला प्रेमियों के लिए एक विशेष आकर्षण का केंद्र बनेगा। चित्रकार बीना एस उन्नीकृष्णन ने बताया कि यह पहली बार है जब वह मध्यप्रदेश में चौसठ योगिनी पर आधारित चित्रों का प्रदर्शन कर रही हैं। इस प्रदर्शनी में चौसठ योगिनी के माध्यम से फेमिना इन एनर्जी को प्रस्तुत किया गया है, जो महिला शक्ति और प्रकृति की अद्वितीय सृष्टि को दर्शाता है। प्रदर्शनी में 68 चित्र शामिल हैं, जिन्हें बीना ने पांच वर्षों की कठिन मेहनत और समर्पण के बाद तैयार किया है। प्रदर्शनी में प्रदर्शित चित्र एक्रेलिक रंगों में तैयार किए गए हैं, जो जीवंतता और ऊर्जा से भरपूर हैं। इसके साथ ही, चित्रकार द्वारा तैयार की गई 64 योगिनी पर केंद्रित डॉक्यूमेंट्री भी प्रदर्शित की जाएगी। चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ शाम 5 बजे होगा।



बीना एस उन्नीकृष्णन, चित्रकार

## 10 सदस्यीय प्रेस दल ने किया मानव संग्रहालय भ्रमण



इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय का भ्रमण करता प्रेस दल।

**भोपाल।** 10 सदस्यीय प्रेस दल ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, शैक्षणिक एवं अध्ययनात्मक भ्रमण किया, इस भ्रमण का उद्देश्य मानव संग्रहालय की अवधारणा, उसकी प्रदर्शनी संरचना और सांस्कृतिक–मानवशास्त्रीय महत्व को प्रत्यक्ष रूप से समझना रहा। भ्रमण के दौरान प्रेस दल ने संग्रहालय के प्रमुख आकर्षण वीथी संकुल, मुक्ताकाश प्रदर्शनी जनजातीय आवास परिसर और रॉक आर्ट केव शैल कला गुफा का विस्तारपूर्वक अवलोकन किया।

रस्वती शिशु मंदिर में शिशु नगरीय कार्यक्रम आयोजित

# मुख्य वक्ता नीता गोस्वामी दीदी ने लोगों को बताया, सरस्वती शिशु मंदिर में दीदी-आचार्य संस्कार गढ़ने का करते हैं काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विद्या भारती मध्य भारत प्रांत योजना के अनुसार सरस्वती शिशु मंदिर जैन कॉलोनी बैरसिया में शिशु नगरीय कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना -प्रार्थना से प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के अतिथि मुख्य वक्ता के रूप में बालिका शिक्षा की प्रांत प्रमुख नीता गोस्वामी, अर्जुन शिक्षा समिति के अध्यक्ष राजीव शर्मा, सचिव व्यवस्थापक दीपक दुबे रहे।

शिशु मंदिर की प्रचार्या प्रीति जैन द्वारा अतिथियों का परिचय कराया गया। कार्यक्रम की भूमिका व्यवस्थापक दीपक दुबे ने रखी। उन्होंने विद्यालय की उपयोगिता एवं उपलब्धता के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि भैया बहनों के विकास के लिए वर्ष भर जो भी वस्तुएं क्रय की गई है, वह उनके विकास में बहुत अधिक महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने वैदिक गणित एवं बौद्धिक प्रतियोगिता में अंतिम स्टेज प्रांत तक जो भी भैया-बहन गए । विद्यालय की गरिमा को बढ़ाया उनके बारे में भी विस्तार से बताया। वहीं मुख्य वक्ता के रूप में नीता गोस्वामी दीदी ने बताया कि भैया-बहनों को सरस्वती शिशु मंदिर में ही क्यों पढ़ाना चाहिए। किस तरह स्कूल में पढ़ने वाला बच्चा घर पर पिता को डेड और स्कूल में फादर कहता है।

उन्होंने कहा किस तरह सरस्वती शिशु मंदिर में दीदी-आचार्य संस्कार गढ़ने का काम करते हैं। किस तरह से माताएं अपने शिशु का लालन पोषण करती हैं इस पर विस्तृत चर्चा की। साथ में ही समिति के अध्यक्ष राजीव शर्मा ने 12 शैक्षणिक व्यवस्थाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस तरह से भैया बहन छोटी-छोटी वस्तुओं का संग्रह करते हैं, रंगमंचीय कार्यक्रम के द्वारा उनकी प्रतिभा किस तरह से उभर कर सामने आती है। कैसे क्रीड़ांगन के द्वारा उनका मानसिक बौद्धिक, शारीरिक विकास होता है इन सबके के बारे में बताया।




सरस्वती शिशु मंदिर में रंग बिरंगी पोशाक में सजे-धजे बच्चे।

पीएसएससीआईवीई में दो दिवसीय राष्ट्रीय परामर्श बैठक का आयोजन

# कौशल शिक्षा अब विकल्प नहीं, आज की जरूरत है...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पंडित सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान (पीएसएससीआईवीई), एनसीईआरटी में गुरुवार को समग्र शिक्षा के अंतर्गत विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा के प्रभावी क्रियान्वयन विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय परामर्श बैठक का शुभारंभ हुआ। बैठक में विभिन्न राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के वरिष्ठ शिक्षा अधिकारी, नीति-निर्माता, शिक्षाविद, उद्योग प्रतिनिधि तथा अकादमिक विशेषज्ञ सहभागी हुए। उद्घाटन सत्र की मुख्य अतिथि प्राची पांडेय, संयुक्त सचिव, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप व्यावसायिक शिक्षा को विद्यालयी शिक्षा की मुख्यधारा में लाया जा रहा है। उन्होंने पारंपरिक व्यावसायिक शिक्षा से आगे बढ़कर आजीवन कौशल अधिगम की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि बदलती दुनिया की मांगों के अनुरूप रोजगारपरक शिक्षा आज अनिवार्य हो चुकी है।




दो दिवसीय राष्ट्रीय परामर्श बैठक में विमोचन करते अतिथि।

### व्यावसायिक शिक्षा की है महत्वपूर्ण भूमिका

स्वागत उद्बोधन में डॉ. दीपक पालीवाल, संयुक्त निदेशक, पीएसएससीआईवीई ने कहा कि आज बदलते दौर की दुनिया में आवश्यकताओं के अनुरूप विद्यार्थियों को तैयार करने में व्यावसायिक शिक्षा की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने समग्र शिक्षा के अंतर्गत कौशल-समेकित, दक्षता-आधारित एवं अनुभवात्मक अधिगम को आगे बढ़ाने तथा राज्यों एवं विभिन्न हितधारकों के साथ सहयोग सुदृढ़ करने के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# अब जीरो कमीशन, नो सर्ज प्राइसिंग, ड्राइवर बनेंगे मालिक

## सहकारी क्षेत्र को मजबूती मिलेगी और देश में समावेशी परिवहन सेवाओं को मिलेगा बढ़ावा

### शाह ने लॉन्च किया 'भारत टैक्सी'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश के कैब सर्विस सेक्टर में गुरुवार को एक नया चैप्टर जुड़ गया है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में भारत का पहला सहकारी मॉडल आधारित राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म भारत टैक्सी लॉन्च कर दिया। यह सहकारी क्षेत्र को मजबूत करने और देश में समावेशी व नागरिक-केंद्रित परिवहन सेवाओं को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस नए प्लेटफॉर्म के साथ डिजिटल मोबिलिटी सेक्टर में बड़े बदलाव की तैयारी है।

**भारत के कैब सेक्टर में नया अध्याय जुड़ा**



नई दिल्ली। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को नई दिल्ली में 'भारत टैक्सी' के शुभारंभ के दौरान यह जानकारी दी।

**चालक कम पूंजी में बड़ी शुरुआत कर सकेंगे**

शाह ने कहा कि सहकारिता से बहुत लोग छोटी-छोटी पूंजी लगाकर कैसे बड़ी शुरुआत कर सकते हैं, 'भारत टैक्सी' इसका उदाहरण है। आज का दिन टैक्सी चालक बहनों-भाइयों के लिए बहुत ही अहम है। उनके द्वारा शुरू की गई सहकारी क्षेत्र की पहली टैक्सी सर्विस 'भारत टैक्सी' का नई दिल्ली में शुभारंभ हुआ।

### भारत टैक्सी एप के प्रमुख फीचर्स

- इस एप में ग्राहकों को किसी तरह की सर्ज प्राइसिंग नहीं देनी होगी। पीक आवर्स में भी किराया फिक्स रहेगा।
- राइड ऑप्शन के तौरपर कैब, ऑटो और बाइक टैक्सी और इंटरसिटी ट्रैवल सपोर्ट मिलेगा।
- कम किराया और पूरी पारदर्शिता के साथ ड्राइवर्स की पुलिस वेरिफिकेशन होगी। लाइव ट्रैकिंग, कॉन्टैक्ट के साथ राइड शेयरिंग और अलग-अलग भाषाओं में 24/7 सपोर्ट।

### प्राइवेट कंपनियों पर निर्भरता नहीं होगी

'भारत टैक्सी एक कोऑपरेटिव आधारित डिजिटल टैक्सी एप है। इसका मकसद कमर्शियल वाहन चालकों को ओला, उबर और रैपिडो जैसी प्राइवेट कंपनियों पर निर्भरता से मुक्त करना है। भारत टैक्सी के ड्राइवरों को 'सारथी' कहा जाएगा। दिल्ली में टेस्टिंग पूरी हो गई है जबकि गुजरात के राजकोट में अभी ट्रायल चल रहा है। पेमेंट और पारिश्रमिक प्रणाली में ड्राइवरों को बेहतर वित्तीय प्रोत्साहन मिल सकेगा।

### टैक्सी खरीदने के लिए ड्राइवरों को मिलेगा लोन

भविष्य में वह ड्राइवरों को अपनी खुद की टैक्सी खरीदने के लिए सरकारी लोन उपलब्ध कराएगी। सेवा का मानना है कि इससे रोज़गार के नए अवसर पैदा होंगे।यात्रियों और ड्राइवरों की सुरक्षा के लिए भारत टैक्सी ने दिल्ली पुलिस और गुजरात पुलिस के साथ साझेदारी की है। इस ऐप में रीयल-टाइम ट्रैकिंग, सत्यापित ड्राइवर, बहुभाषी सुविधा और सारे दिन 24 घंटे कस्टमर केयर जैसी सुविधाएं होंगी। इसके अलावा, इसे मेट्रो नेटवर्क से जोड़ने की भी योजना है।

### एप के फायदे

1. अलग-अलग तरह की ट्रैवल की जरूरतों को पूरा करने के लिए भारत टैक्सी सर्विस -हर तरह की कैब सर्विसेज ऑफर करती है। यह कैब सर्विस व्यक्तिगत, परिवारों और बिजनेस ट्रैवलर्स के लिए पर्फेक्ट है।
2. भारत टैक्सी सर्विस के सबसे अहम फीचर्स में से एक है- ड्राइवर्स के लिए ज़ीरो कमीशन। ड्राइवर अपनी पूरी कमाई अपने पास रखते हैं और प्लेटफ़ॉर्म को कोई कमीशन नहीं देना पड़ता। इससे उनकी इनकम बढ़ती है, आर्थिक दबाव कम होता है। वे यात्रियों को बेहतर व भरोसेमंद सर्विसेज देने के लिए प्रेरित होते हैं।
3. भारत टैक्सी सर्विस इंस्टेंट बुकिंग सपोर्ट करता है। यूजर्स प्लेटफॉर्म के जरिए फटाफट कैब बुक कर सकते हैं। यह प्रक्रिया काफी सिंपल और समय बचाने वाली है और इससे इमरजेंसी या लास्ट-मिनट ट्रैवल प्लान के दौरान यात्रियों को सुविधा होती है।

## खबर संक्षेप

### अलंकार ने राजनीति में उतरने का दिया संकेत

**बरेली।** यहां के सिटी मजिस्ट्रेट रहे निलंबित पीसीएस अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री ने कहा कि



यूजीसी के नए नियमों के खिलाफ जनप्रतिनिधि आवाज नहीं उठा रहे हैं। प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि लोकतंत्र विफल होता दिख रहा है। इस वजह से उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। वे अपने लोगों से लड़ने नहीं आए हैं। अग्निहोत्री ने भाजपा को ईस्ट इंडिया कंपनी कहा।

### ठाकुर पर लगा आजीवन प्रतिबंध कोर्ट ने हटाया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अनुराग सिंह ठाकुर पर बीसीसीआई के मामलों में हिस्सा लेने पर लगा बैन



हटा दिया है। कोर्ट ने कहा कि उन पर जिंदगी भर का प्रतिबंध लगाना न तो सही था और न ही इसका कोई इरादा था। सीजेआई की अगुआई वाली बेंच ने कहा कि यह आनुपातिकता के सिद्धांत को लागू करने का सही मामला है। जिंदगी भर बैन की जरूरत थी?

### साणंद में छापा, 81 रसूखदार हिरासत में

**साणंद।** गुजरात के साणंद जिले में पुलिस ने अहमदाबाद के पास एक प्राइवेट वीकेंड होम पर छापा मारा



और शराबबंदी कानूनों का उल्लंघन करते हुए शराब और हुक्का पार्टी करने के आरोप में 81 लोगों को हिरासत में लिया है। बुधवार रात को गोरस सीम इलाके के पास निर्वाण ग्रीन्स वीकेंड होम में यह छापा मारा गया। यह पार्टी 'एवी' नाम के व्यक्ति ने की थी।

### 9 से बेंगलुरु मेट्रो का किराया बढ़ेगा

**बेंगलुरु।** मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने गुरुवार को किराए में पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी की



घोषणा की। नई दरें 9 फरवरी से लागू होंगी। जनसंपर्क अधिकारी बीएल यशवंत चौहान ने बताया कि हर साल एक फॉर्मूले के तहत प्रतिशत के आधार पर गणना की जाती है। इसमें अधिकतम 5 प्रतिशत और न्यूनतम 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाती है।

### पीएम 13 को 'भाजपा पार्षदों' को देंगे डिनर

**नई दिल्ली।** केरल विधानसभा चुनावों की घोषणा से पहले भाजपा तिरुवनंतपुरम नगर निगम पर



ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाएगी। तिरुवनंतपुरम में पहली बार भाजपा को जीत मिली है, जिसने 4 दशकों से ज्यादा तक चले लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट के निर्बाध शासन को भी खत्म किया है। प्रधानमंत्री 13 फरवरी को अपने आवास पर पार्षदों के लिए डिनर रखा है।

## संसद में बजट सत्र के दौरान लगातार हंगामा, स्पीकर बिरला ने कहा

# प्रधानमंत्री मोदी को मैंने ही लोकसभा आने से किया था मना, वह अप्रत्याशित घटनाक्रम था

### विपक्ष का व्यवहार संसद की गरिमा व लोकतांत्रिक मर्यादाओं के बिल्कुल विपरीत दिखा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

संसद के बजट सत्र के दौरान इन दिनों लोकसभा में लगातार हंगामा देखने को मिल रहा है। बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देना था, लेकिन विपक्ष के विरोध और नारेबाजी के कारण यह संभव नहीं हो सका। हालात बिगड़ते देख सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। इस पर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने सदन में गंभीर और अहम बयान दिया है। बिरला ने कहा कि जिस तरह का माहौल उस दिन लोकसभा में बना, उसमें कोई भी अप्रिय और अप्रत्याशित घटना घट सकती थी। ऐसा व्यवहार संसद की गरिमा और लोकतांत्रिक मर्यादाओं के बिल्कुल विपरीत था। बिरला ने बताया कि लोकसभा के इतिहास में पहली बार उन्होंने इस तरह का आचरण देखा है।

कुछ सदस्यों ने न केवल सदन के भीतर बल्कि अध्यक्ष के कार्यालय में भी जिस प्रकार का व्यवहार किया, वह संसदीय परंपराओं के अनुरूप नहीं था। स्पीकर ने इसे संसदीय व्यवस्था पर काला धब्बा बताया और कहा कि अब तक राजनीतिक मतभेदों को कभी भी अध्यक्ष के कार्यालय तक नहीं ले जाया गया। उन्होंने सभी से अपील की कि मतभेद लोकतंत्र का हिस्सा हैं, लेकिन सदन को सुचारू रूप से चलाने में सभी सांसदों का सहयोग आवश्यक है।

### पीएम की सुरक्षा को लेकर जताई चिंता



**राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बवाल**

बिरला ने सदन में यह भी खुलासा किया कि जब प्रधानमंत्री को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जवाब देना था, तब उन्हें पुख्ता जानकारी मिली थी कि कांग्रेस के कुछ सदस्य प्रधानमंत्री के आसन तक पहुंचने की कोशिश कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने स्वयं सदन में ऐसे दृश्य देखे, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई थी।

**पीएम ने स्पीकर के आग्रह को माना**

बिरला ने बताया कि सदन के नेता होने के बावजूद प्रधानमंत्री ने उनके आग्रह को स्वीकार किया और सदन में नहीं आए। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि इससे एक बड़े अप्रिय दृश्य को टालने में मदद मिली और सदन की गरिमा बनी रही। उनकी जिम्मेदारी है कि वे परंपराओं और मर्यादा की रक्षा करें।

#### राहुल का नाम लिए बिना खरगे से बोले नड्डा

### पार्टी को 'अबोध बालक' का बंधक न बनने दें



संसद के बजट सत्र में सियासी हंगामा जारी है। लोकसभा के बाद अब राज्यसभा में भी सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी तकरार देखने को मिली। सदन के नेता जेपी नड्डा और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के बीच लोकतंत्र और अहंकार जैसे मुद्दों पर जोरदार बहस हुई। इस दौरान नड्डा ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का नाम लिए बिना उन पर निशाना साधा और उन्हें 'अबोध बालक' कह दिया। नड्डा और खरगे के बीच हुई इस तकरार के बीच सभापति ने भी टिप्पणी की। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली सरकार हर समय और सभी विषयों पर चर्चा के लिए तैयार है। विपक्ष ने लोकसभा को चलने नहीं दिया।

#### खरगे ने किया पलटवार

### आपको तो मोदी जी ने बंधक बना लिया

नड्डा की टिप्पणी पर मल्लिकार्जुन खरगे ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि आपकी



पार्टी तो ऐसी है जहां कोई बोलता ही नहीं। आपको तो मोदी जी ने बंधक बना लिया है। आप बिना उनकी राय के कोई बात नहीं कर सकते। उन्होंने सत्ता पक्ष के लिए बंधुआ मजदूर जैसे शब्द का इस्तेमाल किया, जिसे बाद में सभापति ने सदन की कार्यवाही से हटाने का निर्देश दिया।

#### प्रियंका ने लगाए आरोप

### प्रधानमंत्री स्पीकर के पीछे छिप रहे हैं

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि पीएम मोदी स्पीकर के पीछे छिप रहे हैं। उनमें सदन



में आने की हिम्मत नहीं थी क्योंकि 3 महिलाएं बेंच के सामने खड़ी थीं। यह कैसा बेतुका तर्क है? सरकार चर्चा नहीं चाहती। राहुल गांधी के लिए 'अबोध' शब्द का इस्तेमाल करने पर प्रियंका ने कहा कि यह किस तरह की बातें हैं?

#### सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल सरकार को सुनाया

## वहां महंगाई भत्ता लागू किया जाए यह कर्मियों का 'योग्य अधिकार'



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल सरकार और उसके कर्मचारियों के बीच लंबे समय से महंगाई भत्ते के भुगतान को लेकर विवाद चल रहा है। ऐसे में गुरुवार को शीर्ष अदालत ने बंगाल सरकार को झटका देते हुए करीब 20 लाख कर्मचारियों को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि महंगाई भत्ते का भुगतान लागू करने योग्य अधिकार है।

कोर्ट ने निर्देश दिया कि 2008 से 2019 तक की अवधि का डीए बकाया भुगतान किया जाना चाहिए। अंतरिम आदेश का उल्लेख करते हुए कोर्ट ने इस बात को भी साफ किया कि कुल बकाए की कम से कम 25 फीसदी राशि 6 मार्च तक जारी कर दी जानी चाहिए।

### 4 सदस्यीय समिति गठित की जाए

पीठ ने राज्य सरकार को शेष 75 प्रतिशत महंगाई भत्ते पर निर्णय लेने के लिए चार सदस्यीय समिति गठित करने का भी आदेश दिया है। इसी बेंच ने पिछले साल अगस्त में इस मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। पिछले साल 16 मई को पारित एक अंतरिम आदेश में सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को अपने कर्मचारियों को महंगाई भत्ता का 25 प्रतिशत 'तीन महीने के भीतर' भुगतान करने का निर्देश दिया था। ममता सरकार ने धन की कमी का हवाला देते हुए सुप्रीम कोर्ट से समय सीमा को 6 महीने बढ़ाने की अपील की थी।

### भाजपा ने ममता सरकार को घेरा

बंगाल भाजपा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने कहा कि बंगाल सरकार सरकारी कर्मचारी के साथ प्रताड़ना कर रही थी। सरकार की उनको डीए देने की कोई इच्छा नहीं थी।

#### 'सुपरटेक' पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला

### पहले घर फिर बकाया, 16 प्रोजेक्ट एनबीसीसी को सौंपे

सुप्रीम कोर्ट ने सुपरटेक मामले में घर खरीदारों को बड़ी राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने विशेष शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए एनसीएलएटी के उस आदेश को बरकरार रखा है, जिसमें एनबीसीसी को सुपरटेक की रुकी हुई परियोजनाओं को पूरा करने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। कोर्ट ने एनबीसीसी को 16 रुकी हुई परियोजनाओं को संभालने वाले एनसीएलएटी के आदेश को बरकरार रखा है। कोर्ट ने कहा है कि नोएडा , ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण को उनका बकाया भुगतान तभी मिलेगा, जब घर खरीदारों को उनके फ्लैट मिल जाएंगे। घरों में पानी, बिजली, सीवेज कनेक्शन जैसी सभी सुनिश्चित सुविधाएं होनी चाहिए।

#### दिल्ली हाईकोर्ट ने छात्रों के संबंध में दिया फैसला

## मेडिकल छात्र के दूसरे कॉलेज में ट्रांसफर पर रोक खारिज, एनएमसी को नीति बनानी होगी

### शर्तों के साथ माइग्रेशन की अनुमति देने का नियम बनाएं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने मेडिकल छात्र के एक कॉलेज से दूसरे कॉलेज में ट्रांसफर या माइग्रेशन पर पूर्ण प्रतिबंध को अमान्य करार दिया है। नेशनल मेडिकल कमीशन को आवश्यक शर्तों के साथ माइग्रेशन की अनुमति देने हेतु 'उचित नीति' बनाने का निर्देश दिया है। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस करिया की पीठ ने यह फैसला सुनाया।

#### प्रतिबंध स्पष्ट रूप से अविवेकपूर्ण और मनमाना



कोर्ट ने कहा कि मेडिकल शिक्षा संस्थानों में एकरूपता, मानक और अखंडता बनाए रखने के नाम पर ट्रांसफर या माइग्रेशन पर प्रतिबंध, जिसकी आवश्यकता विभिन्न परिस्थितियों में पड़ सकती है, उचित नहीं है। ऐसा प्रतिबंध स्पष्ट रूप से अविवेकपूर्ण और मनमाना है।

**अधिकारों से इनकार नहीं कर सकते**

अदालत ने यह भी कहा कि माइग्रेशन के दुरुपयोग की आशंका का एनएमसी का तर्क टिकाऊ नहीं है, क्योंकि दुरुपयोग की संभावना के आधार पर किसी नागरिक के वैध अधिकारों से इनकार नहीं किया जा सकता।

### स्कूटी चलाते दिखे प्रेमानंद, शिष्यों ने वीडियो बनाने से रोका

**यमुना खादर।** सोशल मीडिया पर संत प्रेमानंद महाराज का एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ।



वीडियो में स्वामी प्रेमानंद महाराज यमुना खादर में बने एक मार्ग से स्कूटी चलाते हुए दिखाई दे रहे हैं। महाराज को स्कूटी चलाते देखा तो आसपास के लोगों ने अपने मोबाइल से जब वीडियो बनाना शुरू कर दिया तो उनके साथ चल रहे उनके शिष्यों ने ऐसा करने से रोका। दूसरी ओर उनके 3-4 शिष्य बुलेट पर साथ चल रहे हैं।

### 33 घंटे जाम के बाद खुला मुंबई-पुणे हाईवे



**कारोबारी को मंगाना पड़ा हेलीकॉप्टर**

**पुणे।** मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर एक गैस टैंकर पलटने के बाद आम लोगों के साथ-साथ खास लोगों भी परेशान हो गए। पुणे के जाने-माने उद्योगपति सुधीर मेहता इस जाम में करीब आठ घंटे तक फंसे रहे। वहां से निकलने और पुणे वापस लौटने के लिए उन्होंने हेलीकॉप्टर का सहारा लिया। घटना मंगलवार शाम की है। टैंकर से ज्वलनशील गैस लीक होने लगी। पुलिस ने ट्रैफिक रोक दिया। इससे यात्री करीब 33 घंटे तक सड़क पर फंसे रहे।

#### पश्चिम बंगाल विधानसभा में अंतरिम बजट पेश, यहां 'रेवड़ी' बांटी

# महिलाओं को 500 रु. तो बेरोजगारों को हर माह मिलेंगे 1500

### वित्त मंत्री चंद्रिमा ने 04.06 लाख करोड़ का बजट किया पेश

एजेंसी ⏭ कोलकाता

पश्चिम बंगाल विधानसभा में राज्य की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने गुरुवार को वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 04.06 लाख करोड़ का अंतरिम बजट पेश किया। बंगाल सरकार ने अपनी सबसे बड़ी योजना 'लक्ष्मी भंडार' का ऐलान किया। इस योजना के तहत राज्य की 2.42 करोड़ महिलाओं को मासिक सहायता राशि में 500 रुपए की बढ़ोतरी की गई है। बढ़ी हुई राशि फरवरी से ही लागू हो जाएगी। राजनीतिज्ञ इसे आगामी विधानसभा चुनाव से जोड़कर देख रहे हैं।

**'लक्ष्मी भंडार' का किया ऐलान**



### आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का भत्ता बढ़ाया, बेरोजगारी भत्ता देंगी

ममता सरकार ने बजट में गिग वर्कर्स को मौजूदा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में शामिल करने को कहा है। कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 4 फीसदी बढ़ोतरी का प्रस्ताव है। आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के भत्ते में 1000 की बढ़ोतरी की जाएगी। बेरोजगारों को 1500 रु. मासिक भत्ता देंगे।

**ममता बोलीं हमने अपना वादा निभाया**

सीएम ममता बेनर्जी ने कहा कि हम 100 दिन रोजगार योजना, आवास योजना जैसी कई योजनाओं में देश में नंबर एक पर हैं। केंद्र ने इन योजनाओं के लिए फंड देना बंद कर दिया। हम यह बजट जनता के लिए पेश कर रहे हैं, न कि चुनाव पर ध्यान केंद्रित कर रहे। हमने अपना वादा निभाया है। हमने इस फरवरी से लक्ष्मी भंडार में 500 रुपए की वृद्धि की घोषणा की है।

### बिहार में वोटिंग से पहले 10-10 हजार, सुनवाई आज

बिहार विधानसभा चुनावों में एक भी सीट न जीत पाने वाली प्रशांत किशोर



की जन सुराज पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट में आरोप लगाया कि नीतीश सरकार ने चुनावी लाभ लेने की कोशिश की, जिससे निष्पक्ष चुनाव की प्रक्रिया प्रभावित हुई है। लाखों महिलाओं के खाते में 10-10 हजार रुपए डाले।

#### राज्यसभा में भड़कीं सीतारमण

## कांग्रेस राज में होती थी 'लिंचिंग' खरगे को बयान को खारिज किया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

संसद के बजट सत्र में गुरुवार को एक हाई-वोल्टेज ड्रामा देखने को



मिला, जब केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विपक्षी नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर तीखा हमला बोला। खरगे ने लिंचिंग जैसे गंभीर शब्द का इस्तेमाल कर सरकार को घेरने की कोशिश की, तो वित्त मंत्री ने न केवल इस पर कड़ी आपत्ति जताई, बल्कि इसे सदन की कार्यवाही के रिकॉर्ड से हटाने की मांग भी की। सीतारमण ने कांग्रेस को उनके अपने शासनकाल की याद दिलाते हुए उन विवादित घटनाओं का जिक्र किया जिन्होंने देशभर में सुर्खियां बटोरी थीं।

वित्त मंत्री ने तथ्यों के साथ कांग्रेस के दावों की धज्जियां उड़ा दीं। उन्होंने कहा कि मैं विपक्ष के नेता का सम्मान करती हूं, लेकिन उन्होंने जिस 'लिंचिंग' शब्द का सहारा लिया है, वह पूरी तरह गलत है। सीतारमण ने स्पष्ट रूप से सभापति से आग्रह किया कि इस शब्द को रिकॉर्ड से हटाया जाना चाहिए।

# प्रधानमंत्री मोदी की मलेशिया यात्रा में उठेगा जाकिर नाइक के प्रत्यर्पण का मुद्दा

प्रधानमंत्री की यात्रा को लेकर विदेश मंत्रालय में आयोजित की गई विशेष मीडिया ब्रीफिंग में बोले सचिव (पूर्व) पी.कुमारन

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल शनिवार से मलेशिया की दो दिवसीय (7 से 8 फरवरी तक) आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। इसे लेकर गुरुवार को विदेश मंत्रालय में एक विशेष मीडिया ब्रीफिंग आयोजित हुई। जिसमें मंत्रालय में सचिव (पूर्व) पी.कुमारन ने पत्रकारों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के जवाब में बताया कि यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी की अपने समकक्ष और मलेशियाई प्रधानमंत्री दातो सेरी अनवर इब्राहिम के साथ होने वाली द्विपक्षीय बैठक में दोनों देशों के आपसी सहयोग से जुड़े सभी जरूरी मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। जिसमें भारत-आसियान मुक्त व्यापार समझौते (आईटीगा) की समीक्षा के साथ-साथ भगोड़े विवादास्पद इस्लामिक उपदेशक जाकिर नाइक के भारत प्रत्यर्पण का मुद्दा भी मुख्य रूप से शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं, आपको विश्वास दिलाता हूं



कि पीएम की इस मलेशिया यात्रा के दौरान सभी मामलों पर चर्चा की जाएगी। हमें पूर्व में की गई अपनी कुछ यात्राओं के दौरान भी विभिन्न स्तरों पर नाइक के मामले में मलेशिया के पक्ष के साथ बातचीत करने का अवसर मिले हैं। भारत सभी जरूरी तकनीकी प्रक्रियाओं के पूरा होने तक इस मामले को मलेशिया के समक्ष लगातार उठाता रहेगा। हमें इच्छित परिणाम मिलने की उम्मीद है। बताते चलें कि नाइक भारत में धनशोधन, नफरत भरे भाषणों के मामले में गिरफ्तारी के डर से 2016 में मलेशिया भाग गया था। तब से वो वहीं पर रह रहा है।

### आईटीगा, सीका की समीक्षा पर रहेगा जोर

कुमारन ने कहा कि पीएम की इस यात्रा में भारत-आसियान के बीच एफटीए को लेकर चल रही समीक्षा की जल्द समाप्ति, दोनों पक्षों के व्यापार यानी सेवाओं से जुड़े समझौते और भारत-मलेशिया व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीका) की संयुक्त समीक्षा भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि आईटीगा की समीक्षा की प्रक्रिया जारी है। टर्म्स ऑफ रेफरेंस को लेकर दोनों पक्षों के बीच सहमति बन गई है। वाणिज्य मंत्रालय की टीम इस संबंध में आसियान समूह के साथ संवाद कर रही है। जिसमें उन तमाम विकल्पों को खंगाला जा रहा है। जिसके जरिए भारत-आसियान के बीच व्यापार में बेहतर संतुलन स्थापित किया जा सके। आसियान की तरफ से टैरिफ में सुधार की उम्मीद है। फिलहाल चर्चाओं का दौर चल रहा है। वहीं सीका की समीक्षा शुरुआती दौर में है। टर्म्स ऑफ रेफरेंस पर अभी सहमति नहीं बनी है।

### चर्चा में रहेंगे डीपीआई, आईबीसीए के मामले

*उन्होंने कहा कि डीपीआई का जहां तक मामला है। तो जब मलेशिया के पीएम इब्राहिम की भारत यात्रा हुई थी। तब दोनों देशों के बीच एक डिजिटल परिषद की स्थापना की गई थी। भारत में मेटी मंत्रालय और उसके मलेशियाई समकक्षों के बीच बातचीत हुई है। परिषद एआई, डिजिटल प्रतिभा, डीपीआई और साइबर सिक्योरिटी जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को लेकर काम कर रही है। हम मलेशिया के अधिकारियों को मशीन लर्निंग आईटीईसी कार्यक्रम के तहत एआई में प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। प्रधानमंत्री की यात्रा में पे-नेट को लेकर एनपीसीआई द्वारा एक समझौते पर हस्ताक्षर की संभावना है। इंटरनेशनल बिग केट अलायंस (आईबीसीए) के मुद्दे पर मलेशिया ने पिछली बार इसमें शामिल होने की इच्छा जताई थी। वर्तमान में हम इस संबंध में जरूरी प्रक्रिया को अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहे हैं। हमें उम्मीद है पीएम की इस यात्रा में यह भी पूरा हो जाएगा।*

### भारत मलेशिया को डॉर्नियर विमान देगा

*रक्षा सहयोग के क्षेत्र में भारत मलेशिया को डॉर्नियर विमान की बिक्री करने का इच्छुक है। मलेशिया के पास स्कॉर्पीन पनडुब्बी भी है। हमारा ध्यान मध्य अवधि में की जाने वाली मरम्मत, रेट्रोफिटिंग पर है। हमने उन्हें सु-30 के बदलाव, सुधार और मरम्मत को लेकर भी प्रस्ताव दिया है। भारत मलेशिया को स्वदेशी शिपयार्ड में बनाए गए नौसैन्य प्लेटफॉर्म भी देना चाहता है।*

## खबर संक्षेप


### शशि थरूर के बेटे ईशान की गई नौकरी

**नई दिल्ली।** दिग्गज अमेरिकी अखबार में हाल ही में हुई बड़ी छंटनी ने मीडिया जगत को चौंका दिया है। इस कटौती की जद में भारतीय कांग्रेस सांसद शशि थरूर के बेटे और प्रख्यात पत्रकार ईशान थरूर भी आ गए हैं। अखबार ने अपने अंतरराष्ट्रीय कवरेज और खेल विभाग सहित कई महत्वपूर्ण सेक्शन में भारी फेरबदल किया है।



### हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त पायलट समेत 2 की मौत

**फ्लैगस्टाफ।** एरिजोना जन सुरक्षा विभाग का एक हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त होने से पायलट और एक सैनिक की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। विभाग के सार्जेंट केमेरोन ली ने बताया कि यह हादसा बुधवार रात को उस समय हुआ, जब हेलिकॉप्टर ने गोलीबारी की एक घटना में अधिकारियों की मदद के लिए उड़ान भरी थी।



### गाजा में इजराइल के हमले में 24 की मौत

**गाजा पट्टी।** गाजा में इजराइली गोलीबारी में कम से कम 24 फलस्तीनी मारे गए, जिनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। अस्पताल के अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। वहीं, इजराइल का कहना है कि आतंकियों की तरफ से की गई गोलीबारी में उसका एक सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गया।



### नाइजीरिया: आतंकवादियों के हमले में 162 की मौत

**सोकोतो।** पश्चिमी नाइजीरिया के दो गांवों पर हथियारबंद चरमपंथियों के हमले में 162 लोग मारे गए। एक सांसद ने बुधवार को यह जानकारी की। क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले सांसद मोहम्मद उमर बायो ने बताया कि मंगलवार शाम को क्वारा राज्य के वोरो और नुकु गांवों को निशाना बनाकर हमले किए गए।



### भारतीय विदेश मंत्रालय ने की स्थिति स्पष्ट, हरेक सवाल का दिया जवाब

# ऊर्जा सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता, वेनेजुएला समेत किसी भी नए विकल्पों के मूल्यांकन के लिए तैयार

**भारत ऊर्जा आपूर्ति में विविधता लाने का पक्षधर**

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत ने कहा है कि मौजूदा अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों को देखते हुए उसकी सबसे बड़ी प्राथमिकता अपने 140 करोड़ लोगों की ऊर्जा सुरक्षा है। वह वेनेजुएला समेत किसी भी नए आपूर्ति विकल्प के वाणिज्यिक लाभों का मूल्यांकन करने के लिए तैयार है। भारत ने दोहराया कि वह ऊर्जा आपूर्ति में विविधता लाने का पक्षधर है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को यहां साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में एक बार फिर ऊर्जा जरूरतों और लाभकारी मूल्यों को निर्णय का आधार बताया। उन्होंने दोहराया कि भारत आपूर्ति में विविधता लाने का पक्षधर है।

भारत की इस टिप्पणी को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान से जोड़कर देखा जा रहा है, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि भारत रूसी तेल खरीदी बंद करने पर सहमत हो गया है। जायसवाल ने भारत अमेरिकी समझौते से जुड़े कई प्रश्नों के उत्तर दिए। प्रवक्ता ने राष्ट्रपति ट्रंप के दावे पर कहा, ऊर्जा आपूर्ति के संबंध में सरकार ने कई मौकों पर सार्वजनिक रूप से बयान दिया है। सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता 140 करोड़ भारतीयों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना है। भारत की रणनीति रही है कि अपने इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बाजार स्थितियों और बदलते वैश्विक घटनाक्रम के अनुरूप ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाए। भारत के सभी कदम इसी बात को ध्यान में रखकर उठाए गए हैं और भविष्य में भी उठाए जाएंगे।

*सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता 140 करोड़ भारतीयों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना*



### टैरिफ की अंतिम दर 18 प्रतिशत ही होगी

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते और नई टैरिफ संरचना को लेकर भी विदेश मंत्रालय का बयान सामने आया है। प्रवक्ता जायसवाल ने कहा, 'प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति ट्रंप की बातचीत और राष्ट्रपति ट्रंप के ट्वीट के बाद प्रधानमंत्री ने खुद बताया कि 'मेक इन इंडिया' उत्पाद अब अमेरिका को 18 प्रतिशत की कम टैरिफ दर पर निर्यात किए जा सकेंगे। विदेश मंत्रालय ने यह भी बताया कि ये व्यापार समझौता भारत के निर्यात, रोजगार सृजन और विकास को बढ़ावा देगा और समृद्धि लाएगा। अमेरिकी पक्ष ने भी स्पष्ट किया है कि टैरिफ की अंतिम दर 18 प्रतिशत ही होगी।

### क्या था डोनाल्ड ट्रंप का दावा ?



डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी चुनावी मुहिम के दौरान एक बड़ा बयान दिया था। उन्होंने 'लिक्विड गोल्ड' यानि कच्चे तेल के उत्पादन को लेकर अमेरिका की क्षमता पर बात की थी। ट्रंप का कहना था कि अगर वे सत्ता में वापस आते हैं, तो अमेरिका में तेल का उत्पादन इतना बढ़ा देंगे कि भारत और चीन जैसे देशों को वेनेजुएला या ईरान जैसे अमेरिका-विरोधी देशों से तेल खरीदने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। ट्रंप के बयान का मतलब साफ था कि वे चाहते हैं कि भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए अमेरिका पर निर्भर रहे और वेनेजुएला जैसे प्रतिबंधित देशों से दूर रहे।

### वेनेजुएला भारत का ऊर्जा क्षेत्र

*ट्रंप के वेनेजुएला से तेल खरीद से संबंधित दावों पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि वेनेजुएला भारत का ऊर्जा क्षेत्र, व्यापार और निवेश को लेकर लंबे समय से सहयोगी रहा है। वेनेजुएला भारत का 2019-20 तक तेल खरीद का सबसे बड़ा स्रोत रहा है। बाद में प्रतिबंधों के चलते हमने तेल खरीद रोक दी थी। वहीं भारतीय तेल कंपनियों का वेनेजुएला की राष्ट्रीय तेल कंपनियों के साथ सहयोग पहले से रहा है। ऊर्जा सुरक्षा को लेकर भारत वेनेजुएला सहित किसी भी नए कच्चे तेल आपूर्तिकर्ता से जुड़े विकल्पों के वाणिज्यिक फायदों को जानने के लिए तैयार है।*

### भारत वेनेजुएला से तेल खरीदता रहेगा

*प्रवक्ता ने कहा कि भारत वेनेजुएला से तेल लेता रहा है और आगे भी वेनेजुएला से फायदेमंद सौदे करेगा। बता दें कि साल 2019-20 तक वेनेजुएला भारत के प्रमुख कच्चे तेल स्रोतों में शुमार था लेकिन प्रतिबंधों के कारण आयात बंद हो गया। भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां 2008 से वेनेजुएला की राष्ट्रीय तेल कंपनी पेट्रोलियस डी वेनेजुएला के साथ साझेदारी कर रही हैं और वहां अपनी उपस्थिति बनाए हुए हैं। भारत की ऊर्जा सुरक्षा नीति के अनुरूप, देश वेनेजुएला सहित किसी भी नए कच्चे तेल आपूर्ति विकल्पों के साथ साझेदारी और व्यावसायिक लाभ के लिए हमेशा तैयार है।*

### विदेश मंत्रालय का करारा जवाब

*ट्रंप के इन बयानों के बीच, जब भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल से साप्ताहिक प्रेस वार्ता में सवाल पूछा गया, तो उन्होंने बहुत सधा हुआ लेकिन कड़ा जवाब दिया। जायसवाल ने कहा, हमारी स्थिति बहुत स्पष्ट है। हम अपनी ऊर्जा सुरक्षा और अपनी व्यावसायिक आवश्यकताओं को ध्यान में रख कर फैसले लेते हैं। उन्होंने आगे समझाया कि भारत की रिफाइनरियों की तकनीकी जरूरतों और बाजार में उपलब्ध सस्ते विकल्पों के आधार पर ही तेल आयात का फैसला होता है। आसान भाषा में कहें तो, विदेश मंत्रालय ने यह संदेश दिया है कि अगर वेनेजुएला से सस्ता और अच्छी क्वालिटी का तेल मिलेगा, तो भारत उसे खरीदने से पीछे नहीं हटेगा, चाहे अमेरिका का रुख कुछ भी हो।*

### विदेश मंत्री का अमेरिका दौरा संपन्न

# ऐतिहासिक भारत-अमेरिका व्यापार समझौता लगभग तैयार जल्द होगी घोषणा: जयशंकर

**दोनों देशों के बीच हुए समझौता से अपार संभावनाएं खुलती हैं**

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ.एस जयशंकर ने गुरुवार को भारत और अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इसे फिलहाल अंतिम रूप देने का काम जोरशोर से चल रहा है। जो बहुत जल्द ही पूरा हो जाएगा और उसके बाद अंतिम रूप से इसकी घोषणा की जाएगी।

यह जानकारी उन्होंने 2 से 4 फरवरी तक की गई अपनी तीन दिवसीय अमेरिका यात्रा के सफलता के साथ संपन्न होने के बाद एक्स पर की गई एक पोस्ट के जरिए दी है। जिसमें ये भी बताया कि मेरी अमेरिका की एक सफल, उत्पादक और सकारात्मक यात्रा संपन्न हुई। विदेश मंत्री मार्को रुबियो के गर्मजोशी भरे आतिथ्य के लिए धन्यवाद। दोनों देशों के बीच हुआ यह व्यापार समझौता हमारे द्विपक्षीय संबंधों में एक नया अध्याय खोलता है। जिससे आपसी संबंधों के लिए अपार संभावनाएं खुलती हैं।

### 50 फीसदी टैरिफ से संबंधों में था तनाव



अमेरिका के राष्ट्रपति द्वारा भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ की वजह से दोनों देशों के संबंधों में तनाव की स्थिति बनी हुई थी। 50 फीसदी टैरिफ में 25 फीसदी भाग भारत द्वारा रूस से की जा रही तेल की खरीद पर नाराज होकर अमेरिका के राष्ट्रपति ने दंड के रूप में लगाया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 5 फरवरी को स्थिति साफ करते हुए कहा कि दोनों देशों के शीर्ष नेताओं की टेलीफोन पर हुई हालिया बातचीत से ये स्पष्ट हो जाता है कि अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए टैरिफ का आंकड़ा 18 फीसदी है। पीएम नरेंद्र मोदी ने टैरिफ में की गई कटौती के भारत के सभी नागरिकों की तरफ से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को धन्यवाद देते कहा था कि अब भारत से अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले मेड इन इंडिया उत्पादों पर 18 फीसदी टैरिफ लगेगा।

### खनिज क्षेत्र में बढ़ता सहयोग

जयशंकर ने कहा कि जटिल खनिजों के क्षेत्र में भी हमारा महत्वपूर्ण सहयोग तेजी से आगे बढ़ रहा है। आने वाले दिनों में रणनीतिक मुद्दों, रक्षा और ऊर्जा पर सहयोग की उम्मीद है। कुल मिलाकर एक मजबूत गति स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। अमेरिका की मेजबानी में जटिल खनिजों के विषयों पर आयोजित की गई मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लेने के लिए जयशंकर अमेरिका के दौरे पर गए थे।

### नगालैंड में शांति के साथ अब होगा चौतरफा विकास

## फ्रंटियर नगालैंड टेरिटोरियल ऑथारिटी की स्थापना का मार्ग होगा 'प्रशस्त'

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शांतिपूर्ण और समृद्ध पूर्वोत्तर के विजन को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तौर पर नगालैंड सरकार और ईस्टर्न नगालैंड पीपुल्स ऑर्गनाइजेशन (ईएनपीओ) के प्रतिनिधियों के बीच नई दिल्ली में एक ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। छह पूर्वी जिलों के आठ मान्यता प्राप्त नगा जनजातियों का प्रतिनिधित्व करने वाला शीर्ष संगठन है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और नगालैंड के सीएम नेफिउ



रियो की उपस्थिति में समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते से छह जिलों तुएनसांग, मोन, किफिरे, लॉन्गलेंग, नोकलाक और शमाटोर के लिए एफएनटीए के गठन का मार्ग प्रशस्त होगा। शक्तियों का हस्तांतरण किया जाएगा।

### हमले बढ़ने और चुनाव नजदीक आने से चिंता

## बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यक समुदाय में दहशत का माहौल

एजेंसी ⏭ ढाका

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुए हमले को मानवाधिकार समूह और हिंदू नेता 12 फरवरी को होने वाले राष्ट्रीय चुनावों से पहले बढ़ते ध्रुवीकरण और इस्लाम समर्थकों के पुनरुत्थान के तौर पर देख रहे हैं। बढ़ती हिंसा और हत्याओं के चलते हिंदू अल्पसंख्यकों में डर का माहौल है। कपड़े की एक फैक्टरी में काम करने वाले दीपू चंद्र दास पर दिसंबर में कई मुस्लिम सहकर्मियों ने अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया था। इन आरोपों के



बाद हिंसक भीड़ उसके कार्यस्थल पर उमड़ पड़ी और पीटकर हत्या कर दी। इस घटना को लेकर, ढाका और अन्य शहरों में विरोध प्रदर्शन भड़क उठे, प्रदर्शनकारियों ने न्याय और अधिक सुरक्षा की मांग की। मुस्लिम बहुल देश में 12 फरवरी को होने वाले राष्ट्रीय चुनाव के मद्देनजर हिंदुओं में भय और भी गहरा गया है।

### भारत की नेपाल और मालदीव के साथ कृषि क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर हुई चर्चा

## नेपाल को उन्नत किस्म के बीज उपलब्ध कराने का भारत सरकार का आश्वासन

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को नई दिल्ली में 12, सफदरजंग रोड स्थित अपने आवास पर नेपाल के कृषि एवं पशुधन मंत्री डॉ मदन प्रसाद परियार एवं मालदीव के कृषि एवं पशु कल्याण राज्य मंत्री अहमद हसन दीदी से सौजन्य भेंट की। भारत, नेपाल और मालदीव के बीच कृषि क्षेत्र में आपसी सहयोग को और मजबूत करने पर विस्तृत चर्चा की गई। केंद्रीय कृषि मंत्री ने बताया कि



बैठक में कृषि अनुसंधान, उन्नत बीज, लाइवस्टॉक, मृदा स्वास्थ्य तथा एग्रो-क्लाइमेटिक परिस्थितियों के अनुरूप कृषि विकास के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श हुआ। बैठक में यह जानकारी दी गई कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, पूसा, नई दिल्ली में कृषि के क्षेत्र में हो रहे उन्नत अनुसंधान कार्यों का लाभ नेपाल एवं मालदीव के कृषि क्षेत्र की उन्नति में भी दिया जाएगा। नेपाल को उन्नत किस्म के बीज उपलब्ध कराने का आश्वासन भारत सरकार द्वारा दिया गया। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि भारत और नेपाल के बीच कृषि अनुसंधान के क्षेत्र में पहले से एक समझौता ज्ञापन मौजूद है, तहत दोनों देश मिलकर कई क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं और इस सहयोग को और विस्तार देने पर सहमति बनी है। लाइवस्टॉक के क्षेत्र में भी व्यापक चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि बिम्सटेक सम्मेलन के दौरान भारत–नेपाल के बीच एक संयुक्त वर्किंग ग्रुप का गठन किया गया था।

### अमेरिका के द्विदलीय प्रतिनिधिमंडल की भारत यात्रा, व्यापार, यूक्रेन सहित अन्य मुद्दों पर हुई चर्चा

## तनाव के बीच पकड़े गए 8 नाविकों को ईरान ने छोड़ा, जल्द भारत पहुंचेंगे: जायसवाल

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पिछले साल दिसंबर महीने में ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स द्वारा समुद्री इलाके में अचानक की गई गोलीबारी के साथ पकड़े गए 'एमटी वेलियंट रोर' नामक जहाज पर सवार 16 भारतीय नाविकों में से 8 की रिहाई हो गई है। जिसके बाद तमाम जरूरी औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद यह जल्द ही स्वदेश पहुंचेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को राजधानी में आयोजित की गई नियमित मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए प्रश्नों के जवाब में यह जानकारी दी है। उन्होंने यह भी बताया कि मामले में भारतीय दूतावास की टीम ने बंदर अब्बास में काउंसलर एक्सेस के जरिए इन सभी नाविकों से मुलाकात भी की है। जिनमें से 8 को ईरान ने रिहा कर दिया है और जल्द ही इनके भारत पहुंचने की उम्मीद की जा रही है। वहीं, बाकी बचे हुए 8 नाविकों के संबंध में भारत ईरानी पक्ष के साथ लगातार संपर्क में बना हुआ है। जिसके जरिए हम उनकी हर संभव सहायता करने की कोशिश करेंगे। भारत ने ईरानी पक्ष को मामले में पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन भी दिया है।

### संपन्न हुई अमेरिकी सांसदों की यात्रा

*जायसवाल ने एक अन्य प्रश्न के जवाब में कहा कि हाल ही में अमेरिकी कांग्रेस के द्विदलीय प्रतिनिधिमंडल की भारत यात्रा संपन्न हुई है। जिसमें मुख्य रूप से माइक रोजर, एडम स्मिथ और जिम्मी प्रेट्रोनीस जैसे तीन सांसद शामिल थे। इनकी ये यात्रा दोनों देशों के बीच किए जाने वाले नियमित संवाद का हिस्सा थी। अमेरिकी सांसदों ने विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ मुलाकात की। वार्ता के दौरान आपसी सहयोग जैसे व्यापार, यूक्रेन विवाद जैसे मुद्दों पर चर्चा की थी।*
*बांग्लादेश में जल्द होने वाले आम चुनावों को लेकर रणधीर ने कहा कि भारत अपने पड़ोसी देश में निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से समावेशी चुनाव कराए जाने के पक्ष में है।*

### ऑपरेशन सिंदूर की तर्ज पर 27 फरवरी को होगा अभ्यास

# भारत-पाक सीमा पर फिर गरजेंगे भारतीय फाइटर जेट हमला करने की कोशिश की तो जवाब देने का प्लान भी सेट

100 से ज्यादा एयरक्राफ्ट इस अभ्यास में शिरकत करने वाले हैं

- राफेल, सुखोई-30, तेजस, मिग-29, जगुआर, मिराज निशाना साधते नजर आएंगे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सीमा के पास एक बार फिर भारतीय वायुसेना के फाइटर जेट गरजते नजर आएंगे। ऑपरेशन सिंदूर की तर्ज पर 27 फरवरी को अभ्यास के लिए वायुसेना अपनी पूरी ताकत मैदान में उतारेगी। ऑपरेशन सिंदूर में अपना पराक्रम दिखा चुकी भारतीय वायुसेना अब जैसलमेर में इस साल का पहला और सबसे बड़ा वायु सैन्य अभ्यास करने जा रही है। इस अभ्यास का नाम वायु शक्ति 2026 है। रक्षा



अधिकारियों के मुताबिक, एयरबेस और उनके असेट्स हिस्सा ले रहे हैं। सभी यूनिट्स को पूरी तरह से एक्टिव कर दिया गया है। 100 से ज्यादा एयरक्राफ्ट इस अभ्यास में शिरकत करने वाले हैं। ऑपरेशन सिंदूर में शामिल वायुसेना के लगभग सभी लड़ाकू विमान और एयर डिफेंस सिस्टम इस अभ्यास में भाग लेंगे। रक्षा अधिकारियों के अनुसार राफेल, सुखोई-30, तेजस, मिग-29, जगुआर, मिराज-2000 और हॉक एयरक्राफ्ट सटीक निशाना साधते नजर आएंगे। चूंकि मिग-21 विमान वायुसेना से रिटायर हो चुके हैं, इसलिए पहली बार वे इस वायु सैन्य अभ्यास में दिखाई नहीं देंगे। इसके अलावा अटैक हेलीकॉप्टर प्रचंड को भी रॉकेट दागते हुए देखा जाएगा। भारतीय वायुसेना के फाइटर जेट्स के साथ-साथ फिक्स्ड-विंग ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट यूनिट के सी-130जी और सी-295, हेलीकॉप्टर यूनिट के प्रचंड, चिनूक, एमआई-17 और एएलएच, ड्रोन तथा ऑपरेशन सिंदूर में इस्तेमाल किए लॉयटरिंग म्यूनिशन का उपयोग किया जाएगा।

### काल्पनिक युद्ध का माहौल बनाकर किया जाएगा अभ्यास

रक्षा अधिकारियों के मुताबिक, यह अभ्यास एक काल्पनिक युद्ध का माहौल बनाकर किया जाएगा। पूरे अभ्यास को वायुसेना के इंटीग्रेटेड एयर कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम (आईएसीसीएस) के जरिए मॉनिटर और कंट्रोल किया जाएगा। गौरतलब है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी आईएसीसीएस ने हर एक पाकिस्तानी जेट, मिसाइल और ड्रोन पर नजर रखी थी। थलसेना का आकाश तीर सिस्टम भी इसी आईएसीसीएस से जुड़ा हुआ था। वायुसेना के सभी हाई-पावर, लॉन्ग-रेंज, मीडियम-रेंज और शॉर्ट-रेंज रडार से मिलने वाली जानकारियों से एक कंप्लीट एयर पिक्चर तैयार की जाती रही, जिसके आधार पर हर एरियल खतरे को एंगेज किया गया।

सेलिब्रेशन/ शिखर चंद जैन

# ये अनोखे फेस्टिवल्स यहां बच्चे करते हैं फुल मस्ती-धमाल

फेस्टिवल कोई भी हो, उसे सबसे अधिक एंज्वॉय बच्चे ही करते हैं। हम तुम्हें दुनिया भर में मनाए जाने वाले कुछ ऐसे फेस्टिवल्स के बारे में बता रहे हैं, जो कई मामलों में बहुत अनोखे हैं, यहां तुम खूब जम कर मस्ती कर सकते हो।



## जस्ट सो फेस्टिवल, चेशायर इंग्लैंड

**यह फेस्टिवल** किसी जादुई जंगल में आ जाने जैसा है। यहां बच्चे और उनके माता-पिता भालू, लोमड़ी और शेर के गेटअप में जंगलों में कैंपिंग करते हैं। इस उत्सव का मुख्य आकर्षण 'कहानियों का जंगल' यानी एक काल्पनिक दुनिया



है। यहां बच्चों और उनके माता- पिता को संगीत, कला और साहित्य के माध्यम से अलग-अलग किरदारों को जीने का मौका मिलता है। ट्राइबल टूर्नामेंट यहां की सबसे प्रसिद्ध परंपरा है। इसमें भाग लेने वाले लोग लोमड़ी, मेंढक, उल्लू या मछली जैसे विभिन्न 'कबीलों' में बंट जाते हैं। इस फेस्टिवल में पूरे वीकेंड तरह-तरह की प्रतियोगिताएं होती हैं। यहां रात के समय कहानी सुनना, जंगलों के बीच कलाकृतियां बनाना, लाइव म्यूजिक, डांस और थिएटर जैसी एक्टिविटीज शामिल हैं। यह फेस्टिवल इंग्लैंड के चेशायर में सुंदर उद्यानों और जंगलों में आयोजित किया जाता है, जो इसे एक परिकथा जैसा माहौल देता है। इस साल यह उत्सव 21 से 23 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। *

## कैंप बेस्टिवल, डोरसेट यूके

**बच्चों के** लिए खास आकर्षण कैंप बेस्टिवल को विशेष रूप से 'फैमिली फ्रेंडली' फेस्टिवल माना जाता है। इस साल इसे 'सीसाइड' (समुद्र के पास) थीम के साथ मनाया जाएगा। इस बार के फेस्टिवल में बच्चों के चहेते मिस्टर टम्बल, ब्लिपी और मिस्टर मेकर लाइव शो करेंगे। साथ ही 'हॉरिबल हिस्ट्रीज' की टीम इतिहास को मजेदार अंदाज में पेश करेगी। यहां म्यूजिक के अलावा 100 से अधिक एक्टिविटीज होंगी, जिनमें सर्कस वर्कशॉप, साइंस शो, आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स और एडवेंचर स्पोर्ट्स शामिल हैं। यहां आए लोग अपनी फैमिली के साथ टेंट या लग्जरी कैंप्स में ठहर सकते हैं। यह चार दिवसीय रंगारंग कार्यक्रम इस साल 30 जुलाई से 2 अगस्त 2026 तक यूके के डोरसेट में ऐतिहासिक लुलवर्थ कैसल मैदानों में आयोजित किया जाएगा। *

## इंटरनेशनल चिल्ड्रेंस फेस्टिवल ऑफ द आर्ट्स, सेंट अल्बर्ट कनाडा

**यह कनाडा** के अल्बर्टा प्रांत के सेंट अल्बर्ट शहर में आयोजित होने वाला एक प्रतिष्ठित वार्षिक उत्सव है। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को विश्व स्तरीय कला, संगीत, थिएटर और नृत्य से रूबरू कराना है। यह मेला केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका लक्ष्य बच्चों की कल्पनाशीलता को जगाना और उन्हें सांस्कृतिक



विविधता के प्रति जागरूक करना है। यह उत्सव बच्चों के लिए किसी जादुई दुनिया से कम नहीं होता। इसमें दुनिया भर से आए कलाकार एक्रोबेटिक्स, कठपुतली शो, थिएटर और मैजिक शो पेश करते हैं। यहां बच्चे भी केवल दर्शक नहीं होते, बल्कि वे खुद कलाकार बनते हैं। मिट्टी के बर्तन बनाना, पेंटिंग, ड्रम बजाना और नृत्य जैसी कई इंटरैक्टिव वर्कशॉप आयोजित की जाती हैं। यहां की स्टर्जन नदी के किनारे खुले मैदानों में चेहरे पर पेंटिंग, गुब्बारे की कला और सड़क किनारे होने वाले करतब बच्चों का मन मोह लेते हैं। यह उत्सव कनाडा की बहुसांस्कृतिक पहचान को दर्शाता है। इसमें स्वदेशी कलाकारों के प्रदर्शन और कहानियों को विशेष स्थान दिया जाता है, जिससे बच्चे अपनी जड़ों और अन्य संस्कृतियों को समझ सकें। इस उत्सव इस साल 29 मई से 1 जून तक आयोजित किया जाएगा। *

## सांता क्रूज डी टेनेरिफ, कैनरी द्वीप स्पेन

**स्पेन के** इस द्वीप पर कार्निवल के दौरान बच्चों की अपनी अलग प्रतियोगिताएं होती हैं। छोटे बच्चों की अपनी 'क्वीन' चुनी जाती है, जो भारी और बेहद सुंदर गाउन पहनती है। यहां की 'मर्गस' नाम की संगीत मंडलियां बच्चों के लिए मजाकिया गाने गाती हैं। बच्चों के लिए खूब मौज-मस्ती भरा होता है यह फेस्टिवल। *



## गोवा कार्निवल, गोवा भारत

**बच्चो, अपने** देश में भी कई रंग-बिरंगे और ज्वॉयफुल फेस्टिवल्स मनाए जाते हैं। गोवा कार्निवल भी किसी विदेशी फेस्टिवल से कम नहीं है। यहां हर साल एक स्थानीय व्यक्ति को 'किंग मोमो' चुना जाता है। किंग मोमो को कार्निवल्स का राजा माना जाता है। किंग मोमो के आदेश पर ही गोवा कार्निवल की शुरुआत होती है। इस मेले में सड़कों पर झांकियां निकलती हैं। बच्चे चमकीले कपड़े पहनकर सड़कों पर गिटार और ड्रम बजाते हैं। यह त्योहार हमें सिखाता है कि खुश रहना ही सबसे बड़ा उत्सव है। इस वर्ष गोवा कार्निवल 13 से 17 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। *



अनोखा जंतु / अंजू जैन

बच्चो, प्रकृति में अनोखी शारीरिक विशेषताओं से युक्त अनेक जीव-जंतु, कीट-पतंगे पाए जाते हैं। ऐसा ही एक जंतु है ओलियंडर हॉक। इसकी कई प्रजातियां पाई जाती हैं। इसकी कौन-सी विशेषताएं हैं, यह कहां-कहां पाया जाता है, जानो।

# छिपने में माहिर सुंदर-आकर्षक ओलियंडर हॉक



बच्चो, दिखने में बहुत ही सुंदर और अद्भुत शारीरिक क्षमता वाला पतंगा है ओलियंडर हॉक। यह शिकारियों से छिपने की कला में बहुत माहिर होता है। इसका वैज्ञानिक नाम 'डैफनीस नेरी' है। इसे 'आक का पतंगा' भी कहा जाता है, क्योंकि इसके कैटरपिलर (लार्वा) आमतौर पर आक के पौधों पर पाए जाते हैं। इसे 'हॉक-मॉथ' या 'स्फिंक्स मॉथ' के नाम से भी जाना जाता है। इसकी लगभग 1,450 प्रजातियां पाई जाती हैं।

**शारीरिक रंग-रूप:** ओलियंडर हॉक के पंखों का फैलाव लगभग 9 सेंटीमीटर से 13 सेंटीमीटर तक होता है। हालांकि इसके रंग अलग-अलग होते हैं, लेकिन इसके पंख आमतौर पर हरे और जैतून के रंग के पैटर्न से बने होते हैं। इससे इसका रंग-रूप सैनिकों की वर्दी जैसा दिखता है। इसीलिए इसे 'आर्मी ग्रीन मॉथ' के नाम से भी जाना जाता है। इसके प्रत्येक पंख पर भूरे और सफेद रंग की धारियों वाली आंखों जैसी संरचना होती है। यह पतंगा अपनी रंग-बिरंगी खूबसूरत कैमोफ्लॉज डिजाइन के लिए जाना जाता है। इसके पंखों पर हरे, गुलाबी और सफेद पैटर्न बने होते हैं, जो इसे पत्तों के बीच छिपने में मदद करते हैं।



**ओलियंडर हॉक के कैटरपिलर:** आमतौर पर ओलियंडर हॉक के कैटरपिलर लाल-भूरे और काले रंग के होते हैं, जिसके पूरे शरीर पर सफेद धब्बे होते हैं। ये पुदीने जैसे हरे, लाइम ग्रीन या नीले रंग के भी होते हैं। लार्वा के शरीर पर बड़े-बड़े आंख जैसे धब्बे होते हैं, जो शिकारियों को डराने के लिए आकार में बढ़ते हैं। इसके शरीर के पिछले हिस्से पर एक मांसल सींग भी होती है, जो पीले या काले रंग की होती है। ओलियंडर हॉक में उड़ने और तेजी से मंडराने की अच्छी क्षमता होती है। एक वयस्क ओलियंडर हॉक-मॉथ का जीवनकाल लगभग 10-30 दिनों का होता है। वयस्क होने से पहले यह अंडे, लार्वा, प्यूपा जैसे विभिन्न चरणों से गुजरता है।

**कहां-कहां पाया जाता है:** ओलियंडर हॉक उत्तरी अफ्रीका, एशिया और यूरोप के कई हिस्सों में मूल रूप से पाए जाते हैं। यह एक प्रवासी प्रजाति है, इसलिए यह अपने मूल क्षेत्र के बाहर भी पाया जा सकता है। यह गर्म इलाकों में रहना पसंद करता है। ये ज्यादातर समय पहाड़ियों और झाड़ियों पर बिताते हैं। ये शाम ढलने के बाद सबसे ज्यादा सक्रिय होते हैं। ये आमतौर पर मानव बस्तियों के पास रहने पर प्रकाश स्रोत की ओर आकर्षित होते हैं।

**क्या है भोजन:** ओलियंडर के कैटरपिलर आक के पत्तों को खाते हैं। वयस्क ओलियंडर हॉक विभिन्न फूलों के रस से अपना भोजन प्राप्त करते हैं। यह रस पीने के लिए हमिंगबर्ड की तरह फूलों के ऊपर मंडराते रहते हैं। चमेली, विंका, पेटुनिया और हनीसकल (मधुमालती) जैसे फूलों को ये विशेष रूप से पसंद करते हैं। *

बालगीत / सिराज अहमद

## चाचू तफरीबाज

अपने चाचू हैं
मजाकिया थोड़े तफरीबाज
नाटक करते ऐसा
कि तुम उनको समझ न पाओ
झूठमूठ गुस्साते
फिरते, उलझन में पड़ जाओ
फिर हंसते तो
दादी बोले आ जाओ तुम बाज
कभी रात में
बनकर काला भूत डराते हमको
कभी-कभी
आंगन में यूं ही बस दौड़ाते हमको
कभी निकाले
मुंह से बंदर-बिल्ली की आवाज
छुपम-छुपाई
खेले बनकर, हम जैसे ही बच्चे
हम कहते हैं
चाचू अपने, जग में सबसे अच्छे
उनको हमसे
प्यार बहुत है, हमको उन पर नाज



## बूझो तो जानें



1
तरल रूप में पाया जाऊं,
जीवन का पर्याय कहाऊं।
ठोस रूप भी मैं ले सकता,
गर्म करो तो मैं उड़ जाऊं।



2
लता में लगने वाला पत्ता,
शौक से खाया जाता।
कत्थे-चूने की परतों से,
खूब सजाया जाता।

3
चपर-चपर चरती है चारा,
मैं-मैं कर मिमियाए।
दूध बड़ा गुणकारी देती,
बोलो क्या कहलाए?

- वसीम अहमद नगरामी

उत्तर: 1. पानी, 2.पान, 3. बकरी



## जीके क्विज-191

1. देश की वर्तमान वित्त मंत्री कौन हैं?
2. पुरुष हॉकी इंडिया लीग 2026 का खिताब किसने जीता है?
3. 'दिल्ली चलो' का नारा किसने दिया था?
4. 500 सिंगल्स मुकाबले जीतने वाली पहली भारतीय शटलर कौन बन गई हैं?
5. रात में दिखाई पड़ने वाला सबसे चमकीला तारा कौन-सा है?
6. पृथ्वीराज चौहान कहां के शासक थे?
7. स्वतंत्र भारत के पहले वित्त मंत्री कौन थे?
8. 'आनंदमठ' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?
9. सफेद सोना (व्हाइट गोल्ड) किसे कहा जाता है?
10. हीराकुंड बांध किस राज्य में स्थित है?



**बच्चों, जीके क्विज-191 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-190 का उत्तर :** 1.साइना नेहवाल, 2.आर्यन वार्ष्णेय, 3.राजनाथ सिंह, 4.शाहजहां, 5.शुभांशु शुक्ला, 6.पद्म विभूषण, 7.टोकोफेरॉल, 8.विटामिन डी, 9.वृहस्पति, 10.बछेंद्री पाल

**जीके क्विज-190 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, रमेश-बैकुंठपुर, दारा-महासमुंद, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, श्रेया-दामोह, शुभम-बलौदा बाजार, गुंजा-रायपुर, अंकित-दुर्ग, सारिका-रायपुर, नेहा-भोपाल, ज्योति-बैकुंठपुर

घर में आदमी, गाय, कुत्ते ने साथ-साथ कैसे रहना शुरू किया, इसके पीछे बड़ी रोचक कहानी है। बच्चो, तुम भी इसको जानो।

# कहानी घर, पेड़ और गाय की



कहानी
समीर गांगुली



एक घर, एक पेड़ और एक गाय तीनों अड़ोसी-पड़ोसी थे। पेड़ को रात में चलने की बीमारी थी। घर में कोई मनुष्य नहीं रहता था। वह जब-तब आवाज देकर लोगों को अपने यहां रहने के लिए बुलाया करता था। जब कोई आ जाता तो घर तरह-तरह की करतूतों से उसे डराता और रात-बेरात भगा देता था। गाय को गाने का बड़ा शौक था, वह सारा दिन अपनी धुन में गाती रहती थी। लेकिन बड़ा बेसुरा गाती थी, सो कोई उसके पास नहीं फटकता था।

बस थोड़ी दूर एक कुत्ता भी रहता था, जो दूर से ही इन तीनों की हरकतों को देखता रहता था। एक दिन खूब जोर से बारिश आई, पेड़ नाचने लगा। गाय डर कर चुप हो गई और घर ने आवाज देकर बारिश में भीगते कुत्ते को बुलाया। कुत्ता भीगता-भीगता घर के अंदर पहुंचा। घर के बीचोंबीच एक दरी बिछी थी। कुत्ता जाकर उस पर बैठ गया। उसे वहां बैठ कर बड़ा अच्छा लगा। खिड़की से नाचते पेड़ को देखा तो पेड़ ने उसे बाहर आकर नाचने का न्योता दिया। वह बाहर गया तो नहीं, मगर पेड़ का नाच उसे पसंद आया। इसके बाद गाय पर नजर पड़ी तो डरी गाय को देखकर उसकी मदद करने का मन हुआ। उसने गाय की तरफ देखकर एक लंबी सी आवाज निकाली, जिसे गाय ने कुत्ते का गाना समझा और वह भी उछल कर जोर-जोर से गाने लगी। वही बेसुरा गाना और गाते-नाचते घर के दरवाजे तक आ गई। घर धूल-मिट्टी और कबाड़ से भरा था। कुत्ते ने झाड़ियों का एक झाड़ू बनाया और घर को साफ कर दिया। इससे घर खुश हुआ, वह बोला, 'आज से हम सब दोस्त। अब हमारे सुख-दुख साझा हैं।'

कुत्ता खुश हो गया। उसे बहुत दिनों बाद किसी से बात करने का मौका मिल रहा था। वह तुरंत बोला, 'ठीक है, हमारे सुख-दुख हैं क्या?

गाय ने सिर हिलाकर कहा, 'मुझे तो पता नहीं।'

घर हंसा और बोला, 'चलो किसी आदमी को बुलाते हैं। वही हमें सुख और दुख दोनों देगा।' और फिर वे आदमी का इंतजार करने लगे। एक दिन आदमी आया और उसने घर से पूछा, 'क्या मैं यहां थोड़ी देर विश्राम कर सकता हूं? बस आज रात?'

कुत्ते ने आदमी का एक चक्कर लगाकर पूछा, 'मगर तुम्हारी गठरी में क्या है?'

आदमी बोला, 'सुख और दुख।'

यह सुनकर घर, कुत्ता और गाय एक साथ बोले, 'हां-हां, क्यों नहीं! चाहो तो हमेशा के लिए रह जाओ।' तब से आदमी, घर, कुत्ता और गाय साथ-साथ रहते हैं। सुख-दुख मिल कर सहते हैं। *



कहानी
मोहम्मद अरशद खान

एक दिन मम्मी की तबीयत बिगड़ी तो दिल्लू ने दादी की मदद से उनके लिए दलिया बनाई। अपने लिए पिज्जा ऑर्डर कर दिया। लेकिन इस ऑर्डर को उसने कैंसिल कर दिया। उसने भी मजे से दलिया खाई। आखिर दिल्लू का मन कैसे बदल गया?

# दिल्लू ने बनाया दलिया

दादी को दम-आलू अच्छा लगता है। पापा को शाही पनीर बहुत पसंद है। मम्मी के लिए राजमा-चावल के आगे सब बेकार। पर दिल्लू को क्या पसंद है...? कुछ नहीं। दाल में मजा नहीं आता। गोभी अजीब लगती है। बैंगन बेकार है। लौकी-कद्दू का तो कोई नाम भी न ले। पालक, परवल, भिंडी कुछ भी अच्छा नहीं लगता।

आज मम्मी को बुखार आ रहा है। सुबह से बिस्तर पर पड़ी हुई हैं। कामवाली बुआ गांव गई हैं। उनकी बेटी की शादी है। पापा ड्यूटी गए हैं। घर पर अकेली दादी हैं। तो फिर खाना कौन बनाएगा? दिल्लू बेफिक्र है। दादी का व्रत है। इसलिए वह सिर्फ फल खाएंगी। फ्रिज में ढेर सारे फल पहले से रखे हैं। अपने लिए वह पिज्जा ऑर्डर कर लेगा। लेकिन मम्मी...? वह क्या खाएंगी? डॉक्टर ने कहा है सिर्फ हल्का-फुल्का खाना दे सकते हैं- जैसे दलिया। 'हां, यही ठीक रहेगा। मम्मी के लिए दलिया बना दूंगा। अपने लिए डबल चीज पिज्जा ऑर्डर कर देता हूं।' दिल्लू ने सोचा। लेकिन दलिया बनाना तो उसे आता नहीं। 'कोई बात नहीं दादी से पूछ लूंगा।' सोचता हुआ दिल्लू किचन में जा पहुंचा। 'सबसे पहले क्या करना होगा...?' उसने दादी को जोर से आवाज लगाते हुए पूछा।

दादी मुश्किल से चलती हुई किचन में आईं। दिल्लू उनके बैठने के लिए कुर्सी ले आया। दादी बैठती हुई बोलीं,'सबसे पहले एक साफ पैन लेना होगा। फिर चूल्हा जलाना होगा...।' 'उफ, दादी ये सब तो मालूम है। उसके आगे बताइए।' दिल्लू चिढ़कर बोला। 'तो फिर एक कटोरी दलिया लो और पैन में हल्की आंच पर इसे भून लो।' उसके खीझने पर दादी हंसते हुए बोलीं।



दिल्लू दलिया भूनने लगा। बीच-बीच में पूछता, 'अब बस करूं?'

दादी कहतीं, 'थोड़ा और, जब खुशबू आने लगे।' 'अब आगे क्या करना है?' दलिया भूनने के बाद दिल्लू ने पूछा।

दादी ने बताया, 'अब देसी घी की छौंक लगानी है।' 'लेकिन घी कहां रखा है?' दिल्लू ने पूछा। 'ये तो मुझे भी नहीं पता, मम्मी से क्यों नहीं पूछ लेते?' दादी ने कहा। 'श... श... श... उन्हें सरप्राइज देना है।' दिल्लू ने होंठों पर अंगुली रखते हुए कहा। कई मर्तबानों के ढक्कन खोलने के बाद घी मिला। अब लौंग-इलायची ढूंढना इससे भी मुश्किल काम था। पर उसने ढूंढ निकाला। अब जरूरत थी, दूध और शक्कर की। यह ढूंढना थोड़ा आसान था। दिल्लू दलिया बनाने में कसर नहीं छोड़ना चाहता था। ताकि मम्मी को भी पता लगे, वह कितना अच्छा कुक है। अखिरकार दलिया बनकर तैयार हो गया। लेकिन इतने से काम में दिल्लू के पसीने छूट गए। हाथ जलते-जलते बचा और कपड़े भी गंदे हुए, पर वह खुश था।

'थोड़ा ठंडा हो जाने दो, फिर परोस देना।' दादी उसकी पीठ थपथपाती हुई कमरे में चली गईं। मम्मी अभी सो रही थीं। दिल्लू ने सोचा क्यों न दलिया चखकर देखा जाए। पहली बार खुद से कोई चीज बनाई है। पता नहीं कैसा स्वाद हो। मम्मी को अच्छी लगे न लगे। उसने कटोरे में दलिया निकाला। डरते-डरते एक चम्मच मुंह में रखा। स्वाद पाते ही उसका चेहरा खिल उठा। दलिया तो बहुत अच्छा बना था। 'वाह क्या स्वाद है!' एक चम्मच... दो चम्मच... तीन चम्मच... वह खाता ही रहा। 'मम्मी के लिए दोबारा बना लूंगा।' उसने सोचा।

दादी बाथरूम से लौट रही थीं। दिल्लू को देखकर बोलीं, 'तुम तो कहते थे तुम्हें दलिया पसंद नहीं है।' 'पर आज से अच्छा लगने लगा है।' दिल्लू हंसकर बोला।

'लेकिन तुमने पिज्जा ऑर्डर किया था। उसका क्या होगा?' दादी को भी हंसी आ गई। 'वह ऑर्डर तो मैंने कैंसिल कर दिया।' दिल्लू ने कहा और पैन में बचा दलिया कटोरे में उड़ेल लिया। *

## रंग भरो-195

**रंग भरो-195** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





सरस्वती, दिल्ली



वेदिका, कोरबा



डिंपल, दुर्ग



पूर्वी, खैरागढ़



कल्पित, बालोद



श्रुति, भिवानी

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

पयोधि-अंबिकापुर, आन्या-दुर्ग, आदित्य-खैरागढ़, अनुभव-सूरजपुर, चेतन-दुर्ग, धरनी-दुर्ग, प्रतिभा-सारंगढ़ बिलाईगढ़, खुशी-रोहतक, रितेश-मटियारी, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, आकाश-बलौदा बाजार



## रंग भरो 196



बच्चो, यहां एक क्यूट-से पांडा का ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।







# क्रिकेट की गेंद की साइज में किया बदलाव, लैमिनेटेड बल्लों को मिली मंजूरी

## टी20 वर्ल्ड कप 2026 से पहले एमसीसी का निर्णय, 1 अक्टूबर से लागू होंगे नियम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 से पहले क्रिकेट के नियमों में बड़े बदलाव सामने आए हैं। मेरिलबोन क्रिकेट क्लब ने खेल से जुड़े 9 अहम नए नियमों की जानकारी दी है, जिनका सीधा असर मैच की रणनीति, खिलाड़ियों के प्रदर्शन और अंपायरिंग पर पड़ेगा। ये नियम आधिकारिक तौर पर 1 अक्टूबर 2026 से लागू होंगे, हालांकि इनमें से कुछ बदलावों को आईसीसी पहले ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना चुका है। यह नियम सभी अंतरराष्ट्रीय और घरेलू मैचों पर लागू होंगे। नियमों का पालन सुनिश्चित करना मैच अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी। खिलाड़ियों और कोचों को नए नियमों से अवगत कराया जाएगा। इससे खेल और अधिक निष्पक्ष और रोमांचक बनेगा।

अब महिला और जूनियर क्रिकेट में खिलाड़ियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अलग-अलग साइज और वजन की गेंदों का इस्तेमाल किया जाएगा। एमसीसी के अनुसार, गेंद अब साइज 1, साइज 2 और साइज 3 में उपलब्ध होगी। साइज 1 गेंद पुरुष क्रिकेट के लिए रहेगी, जबकि बाकी साइज महिलाओं और बच्चों के लिए होंगी। यह फैसला इसलिए लिया गया है क्योंकि छोटे हाथों के लिए मौजूदा गेंदें पूरी तरह अनुकूल नहीं थीं।

### जूनियर और महिला क्रिकेट में बदली गेंद की साइज

अब महिला और जूनियर क्रिकेट में खिलाड़ियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अलग-अलग साइज और वजन की गेंदों का इस्तेमाल किया जाएगा। एमसीसी के अनुसार, गेंद अब साइज 1, साइज 2 और साइज 3 में उपलब्ध होगी। साइज 1 गेंद पुरुष क्रिकेट के लिए रहेगी, जबकि बाकी साइज महिलाओं और बच्चों के लिए होंगी। यह फैसला इसलिए लिया गया है क्योंकि छोटे हाथों के लिए मौजूदा गेंदें पूरी तरह अनुकूल नहीं थीं।

### लैमिनेटेड बल्लों को मिली मंजूरी

बढ़ती लागत को देखते हुए एमसीसी ने ओपन एज क्रिकेट में लैमिनेटेड बल्लों के इस्तेमाल की अनुमति दे दी है। इन बल्लों में लकड़ी के तीन टुकड़ों का उपयोग किया जा सकता है। परीक्षण के दौरान यह साफ हुआ कि इन बल्लों से प्रदर्शन में कोई अतिरिक्त फायदा नहीं मिलता। हालांकि इंटरनेशनल और टॉप-लेवल क्रिकेट में अब भी एक ही लकड़ी से बने बल्ले ही मान्य रहेंगे।




### आखिरी ओवर में विकेट गिरने पर भी जारी रहेगा खेल

पहले टेस्ट मैच के आखिरी ओवर में विकेट गिरने पर दिन का खेल समाप्त हो जाता था। नया बल्लेबाज बैटिंग करने नहीं आता था। एमसीसी ने इस परंपरा को बदल दिया है। अब अंतिम ओवर में विकेट गिरने पर नया बल्लेबाज मैदान में आएगा। एमसीसी के अनुसार पुराना नियम समय बचाने के लिए बनाया गया था। लेकिन इससे समय की बचत नहीं होती थी। बची हुई गेंदें अगले दिन फेंकी जाती थीं। नए बल्लेबाज को मुश्किल हालात का सामना नहीं करना पड़ता था। नया नियम इस स्थिति को बदल देगा।

### गेंद के 'सैटल' होने के नियम में बदलाव

अब गेंद का विकेटकीपर या गेंदबाज के हाथ में जाना जरूरी नहीं होगा। अगर कोई फील्डर स्थिर अवस्था में गेंद को कंट्रोल करता है, तो अंपायर उसे डेड बॉल या सैटल गेंद मान सकते हैं।

### विकेटकीपर की पोजिशन पर बड़ा फैसला

अगर गेंदबाज रन-अप में है और उस समय विकेटकीपर के दस्ताने स्टंप्स के आगे हैं, तो गेंद नो-बॉल नहीं होगी। हालांकि गेंद फेंके जाने के समय कीपर का स्टंप्स के पीछे होना जरूरी रहेगा।

### हिट विकेट के नियम में स्पष्टता

अगर बल्लेबाज या उसका कोई उपकरण किसी फील्डर से टकराकर स्टंप्स से लगता है, तो उसे हिट विकेट नहीं माना जाएगा। लेकिन यदि बल्लेबाज शॉट खेलते समय खुद या उसका सामान सीधे स्टंप्स से टकराता है, तो वह हिट विकेट होगा।

### रन आउट के अब नए रूल्स

अब रन आउट या स्टंपिंग तभी मान्य होगी जब गेंद पूरी तरह फील्डर या विकेटकीपर के हाथ में हो। सिर्फ गेंद का छूना आउट के लिए पर्याप्त नहीं होगा।

### कौन बनाता है क्रिकेट के नियम

मेरिलबोन क्रिकेट क्लब क्रिकेट केनियम बनाने वाली सर्वोच्च संस्था है। इसकी स्थापना 1787 में लंदन में हुई थी। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के गठन के बाद भी एमसीसी ही नियम बनाती है। क्लब की एक समिति इन नियमों की समीक्षा करती है। समिति के सदस्य ही बदलावों पर अंतिम फैसला लेते हैं।

### जानबूझकर अधूरा रन लेने पर सख्ती

अगर बल्लेबाज जानबूझकर अधूरा रन लेते हैं, तो अब फील्डिंग टीम यह तय कर सकेगी कि अगली गेंद पर कौन बल्लेबाज स्ट्राइक पर रहेगा। इस नियम का मकसद बल्लेबाजों को अनुचित फायदा लेने से रोकना है।

### बाउंड्री लाइन पर कैच लेने का नियम बदला

बाउंड्री के पास कैच लेते समय अब फील्डर को सिर्फ एक मौका मिलेगा। वह गेंद को बार-बार हवा में उछालकर बाउंड्री के बाहर से अंदर नहीं ला सकेगा। फील्डर को या तो खुद कैच लेना होगा या एक ही बार में अपने साथी की ओर गेंद को धकेलना होगा।

### ओवरथ्रो की नई परिभाषा

अगर थ्रो के बाद गेंद बिना किसी फील्डर के प्रयास के आगे निकल जाती है, तो उसे ओवरथ्रो माना जाएगा, लेकिन यदि फील्डर गेंद को रोकने की कोशिश करता है और फिर भी वह आगे जाती है, तो उसे मिसफील्ड माना जाएगा।

## खबर संक्षेप



### भारत बिली जीन किंग कप की मेजबानी करेगा

नई दिल्ली। अखिल भारतीय टेनिस संघ ने कहा कि देश को बिली जीन किंग कप 2026 महिला टेनिस विश्व कप की मेजबानी का अधिकार दिया गया है। एआईटीए के महासचिव अनिल धूपर ने एक बयान में कहा, ''भारत को इस साल अप्रैल में गेनब्रिज एशिया/ओसियाना ग्रुप एक प्रतियोगिता के तहत बिली जीन किंग कप 2026 महिला टेनिस विश्व कप की मेजबानी का मौका मिला है।'' यह प्रतियोगिता सात से 11 अप्रैल तक दिल्ली लॉन टेनिस संघ परिसर के नए नवीनीकृत कोर्ट पर होगी।

### ओलंपिक में मशाल थामकर गौरवान्वित हूं



**नई दिल्ली।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने बृहस्पतिवार को कहा कि मिलान कोर्तिना शीतकालीन खेलों से पहले ओलंपिक मशाल थामकर वह काफी अच्छा और गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। शीतकालीन ओलंपिक शुक्रवार को इटली में शुरू हो रहे हैं। बीजिंग ओलंपिक 2008 में 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीतने वाले बिंद्रा को पिछले साल अक्टूबर में मशाल वाहक चुना गया था। शीतकालीन ओलंपिक 22 फरवरी को समाप्त होंगे। इसमें 16 खेलों में 116 पदक दाव पर लगे हैं।
बिंद्रा ने बारिश के बीच ली गई तस्वीरों को एक्स पर साझा करते हुए लिखा मिलानोकोर्तिना 26 में ओलंपिक की मशाल थामकर गौरवान्वित हूं यह एकता, दृढता और साझा मानवीय आकांक्षा का प्रतीक है।'

### धाविका पूजा डोप टेस्ट नहीं देने के कारण निलंबित




**नई दिल्ली।** भारत की लंबी दूरी की धाविका पूजा आत्माराम को डोप टेस्ट से बचने के कारण एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट ने अस्थायी तौर पर निलंबित कर दिया है। एआईयू ने एक संक्षिप्त बयान में कहा एआईयू ने भारत की पूजा आत्माराम को नमूना देने से बचने, मना करने या नहीं देने के कारण अस्थायी तौर पर निलंबित कर दिया है। आरोप का नोटिस जारी कर दिया गया है। पूजा को विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी की आचार संहिता की धारा 2.3 के उल्लंघन के कारण निलंबित किया गया है। पांच हजार और 10000 मीटर में भाग लेने वाली राजस्थान की पूजा 2024 में इंडियन ग्रां प्री 2 में तीसरे स्थान पर रही थी। पिछले साल लखनऊ में राष्ट्रीय क्रॉसकंट्री चैम्पियनशिप में वह 25वें स्थान पर रही।

## अंडर 19 वर्ल्ड कप का फाइनल मैच आज हरारे स्टेडियम में दोपहर 1 बजे से

# पूरे टूर्नामेंट में अपराजेय रही भारत इंग्लैंड के बीच खिताबी जंग आज

एजेंसी ▶▶| हरारे

भारत ने पूरे टूर्नामेंट में अपराजित रहते हुए एक बार फिर अंडर-19 वर्ल्ड कप के फाइनल में जगह बना ली है। साल 2024 में ऑस्ट्रेलिया ने भारत का सपना तोड़ दिया था। अब दो साल बाद टीम इंडिया खिताब से बस एक कदम दूर खड़ी है। सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को हराने के बाद भारतीय टीम के हौसले सातवें आसमान पर हैं। कप्तान आयुष म्हात्रे की अगुवाई में टीम इतिहास रचने को तैयार है। वहीं इंग्लैंड की टीम भी पूरे टूर्नामेंट में अपराजेय रही और वह भी खिताब जीतने पूरे दमखम के साथ मैदान में उतरेगी। ऐसे में भारत के गेंदबाजों व बल्लेबाजों को दमदार प्रदर्शन करना बेहद जरूरी है। मैच भारतीय समयानुसार दोपहर एक बजे से शुरू होगा। भारत ने अभी तक एक भी मैच बिना हारे फाइनल में जगह बनाई है और अब उसका सामना एक और अपराजेय टीम इंग्लैंड से होना है। भारत को बखूबी पता है कि गत चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया को हराकर इंग्लैंड के हौसले बुलंद है और उसे हराना आसान नहीं होगा।




### इंग्लैंड की टीम को कम आकना होगी बड़ी भूल

इस टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले शीर्ष पांच गेंदबाजों में कोई भारतीय नहीं है। इंग्लैंड के मैन्नी लुम्सडेन 15 विकेट लेकर शीर्ष पर है। इंग्लैंड के लिए बेन मायेस ने एक शतक और दो अर्धशतक समेत 399 रन बनाए हैं। कप्तान थॉमस रियू भी अच्छे फॉर्म में हैं और सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ शतक समेत 299 रन बना चुके हैं।

### इन बल्लेबाजों पर टिकी है भारत की उम्मीदें

सेमीफाइनल में शानदार जीत के बाद भारत अपनी विनिंग प्लेइंग 11 के साथ ही मैदान पर उतर सकता है। एरोन जॉर्ज और वैभव सूर्यवंशी की जोड़ी इंग्लैंड के गेंदबाजों के लिए खतरा बन सकती है। सबसे अच्छी खबर यह है कि कप्तान आयुष म्हात्रे और विहान मल्होत्रा के बल्ले से भी लगातार रन निकल रहे हैं। वहीं, अभिज्ञान कुंडू निचले क्रम में टीम को मजबूती दे रहे हैं।

### गेंदबाजों को दिखाना होगा दम

फाइनल मैच में टीम इंडिया को अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। आर.एस अंबरीश, हेलिन पटेल और दीपेश को भी गेंद से कमाल दिखाना होगा। स्पिनर कनिष्क चौहान और खिलन पटेल की भूमिका भी अहम रहेगी। ज्ञात हो कि इंग्लैंड के बल्लेबाज तेज गेंदबाजों को खेलने में माहिर हैं।

### टीम इंडिया की संभावित प्लेइंग 11

एरोन जॉर्ज, वैभव सूर्यवंशी, आयुष म्हात्रे (कप्तान), विहान मल्होत्रा, वेदांत त्रिवेदी, अभिज्ञान कुंडू, आर.एस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलन पटेल, हेलिन पटेल, दीपेश देवेन्द्रन।
**इंग्लैंड :** थॉमस रियू (कप्तान), राल्फी अलबर्ट, अली फारूक, बेन डॉकिंस, कालेब फाकनेर, फरहान अहमद, एलेक्स फ्रेंच, एलेक्स ग्रीन, ल्यूक हैंड्स, इसाक मोहम्मद, मैन्नी लुम्सडेन, बेन मायेस, जेम्स मिंटो, जोसेफ मूरेस, सेबेस्टियन मोर्गन

## बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप

# थाईलैंड से हारने के बावजूद भी गत चैम्पियन भारत क्वार्टर फाइनल में




**किंगदाओ (चीन)।** युवा तन्वी शर्मा के शानदार प्रदर्शन के बावजूद गत चैम्पियन भारत को बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप में ग्रुप वाय के दूसरे मैच में बृहस्पतिवार को थाईलैंड के हाथों 2-3 से पराजय झेलनी पड़ी। इस हार के बावजूद भारत ने क्वार्टर फाइनल के लिये क्वालीफाई कर लिया है।म्यामां को पहले मैच में 5-0 से हराने के बाद भारत ग्रुप वाय में थाईलैंड के बाद दूसरे स्थान पर रहा।

रक्षिता रामराज हालांकि 2023 विश्व जूनियर चैम्पियन 19 वर्ष की पिचामोन ओमात्निपुत से 19-21, 17-21 से हार गई। दूसरे युगल मैच में तनीषा क्रास्टो और श्रुति मिश्रा को एच मिजाद और नापापाकोर्न तुंगकासातान ने 19-21, 21-14, 21-15 से हराया। मालविका बंसोड को पहलो एकल में पोर्नपिचा चोइकीवोंग ने 21-18, 21-14 से हराया।

### तन्वी-गायत्री, त्रिसा ने दर्ज कराई जीत

दुनिया की 42वें नंबर की खिलाड़ी और 2024 में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक विजेता भारतीय टीम की सदस्य रही तन्वी ने विश्व रैंकिंग में 16वें स्थान पर काबिज बुसानन ओंगामरूनंगफान को 21-14, 17-21, 21-18 से हराया। गायत्री गोपीचंद और त्रिसा जॉली की जोड़ी ने इसके बाद 65वीं रैंकिंग वाली टी क्लीबायीसुन और नत्तामोन लेइसुआन की जोड़ी को 21-14, 20-22, 21-11 से हराया।

## टी-20 विश्व कप

# इतिहास में भारतीय टीम द्वारा बनाए गए सबसे बड़े स्कोर



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी-20 विश्व कप के इतिहास में भारतीय क्रिकेट टीम ने कई बार अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से दुनिया को हैरान किया है। बड़े मंच पर खेले गए मुकाबलों में भारतीय टीम ने ऐसे विशाल स्कोर खड़े किए, जिन्होंने विरोधी टीमों की कमर तोड़ दी। ये स्कोर सिर्फ रन नहीं, बल्कि भारतीय बल्लेबाजों की आक्रामक सोच और ताकत का प्रतीक हैं। ऐसे में आइए जानते हैं भारतीय टीम द्वारा बनाए गए टी-20 विश्व कप में सबसे बड़े स्कोर।

### 218/4- साल 2007

भारतीय क्रिकेट टीम ने साल 2007 के विश्व कप में इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ 218/4 का स्कोर बना दिया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए गौतम गंभीर ने 41 गेंदों में 58 रन बनाए थे। वीरेंद्र सहवाग के बल्ले से 52 गेंदों में 68 रन निकले थे।

### 210/2- साल 2021

भारतीय टीम का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर साल 2021 के टी-20 विश्व कप में आया था। टीम ने अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ 210/2 का स्कोर बनाया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए रोहित शर्मा ने 47 गेंदों का सामना करते हुए 74 रन बनाए थे। ऋषभ पंत ने 13 गेंद में 27 रन और हार्दिक पांड्या ने 35 रन बनाए थे। केएल राहुल के बल्ले से 69 रन निकले थे। जवाब में अफगानिस्तान 144/7 का स्कोर ही बना पाई थी।

### 205/5- 2024

भारतीय टीम ने साल 2024 के विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ 205/5 का स्कोर बनाया था। ये टी-20 विश्व कप के इतिहास में उनका तीसरा सबसे बड़ा स्कोर है। भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करने उतरी थी। रोहित ने 41 गेंदों का सामना कर 92 रन बनाए थे। उन्होंने 7 चौके और 8 छक्के लगाए थे। जवाब में कंगारू टीम 181/7 का स्कोर ही बना पाई थी। भारतीय टीम को 24 रन से जीत मिली थी।

### 196/5- 2024

भारतीय टीम का चौथा सबसे बड़ा स्कोर भी साल 2024 के ही विश्व कप में आया था। बांग्लादेश क्रिकेट टीम के खिलाफ टीम ने 196/5 का स्कोर बना दिया था। हार्दिक पांड्या ने 27 गेंदों का सामना कर 50 रन बनाए थे। विराट कोहली ने 37 रन बना दिए थे।जवाब में बांग्लादेश की टीम 146/8 का स्कोर ही बना पाई थी। भारतीय टीम को उस मैच में 50 रन से शानदार जीत मिली थी।

# मीराबाई चानू ने नेशनल चैंपियनशिप में तीन राष्ट्रीय रिकॉर्ड किए ध्वस्त

एजेंसी ▶▶| मोदीनगर

भारतीय वेटलिफ्टिंग की स्टार खिलाड़ी मीराबाई चानू ने एक बार फिर साबित कर दिया कि उनका नाम क्यों देश की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में गिना जाता है। उत्तर प्रदेश के मोदीनगर में आयोजित नेशनल वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2026 में मीराबाई ने 48 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक ही दिन में तीन राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिए और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। 48 किलोग्राम भार वर्ग में अखिल भारतीय पुलिस की राधा सोनी ने 183 किलोग्राम के कुल वजन के साथ रजत पदक जीता, जबकि कोमल कोहर ने कांस्य पदक हासिल किया।



### अपने ही पुराने स्तर को किया पार

यह प्रदर्शन मीराबाई के हालिया अंतरराष्ट्रीय आंकड़ों से भी बेहतर रहा। 2025 वर्ल्ड चैंपियनशिप में उन्होंने 199 किलोग्राम के कुल वजन के साथ स्वर्ण पदक जीता था, जबकि इस बार उनका कुल स्कोर 205 किलोग्राम रहा। हालांकि स्नैच में 91 किलोग्राम की कोशिश वह पूरी नहीं कर सकीं, लेकिन इससे उनके दबदबे पर कोई असर नहीं पड़ा।

### 48 किलोग्राम वर्ग में ऐतिहासिक प्रदर्शन

बता दें कि 48 किग्रा वर्ग में उतरते ही मीराबाई का आत्मविश्वास साफ झलक रहा था। स्नैच में उन्होंने 89 किलोग्राम वजन उठाकर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। इसके बाद क्लीन एंड जर्क में 116 किलोग्राम भार उठाकर दूसरा रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। इन दोनों लिफ्ट्स को मिलाकर उनका कुल स्कोर 205 किलोग्राम रहा, जो इस कैटेगरी में अब तक का सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय प्रदर्शन है।

## एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप

# सुरुचि-राणा को एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा का रजत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उभरती हुई निशानेबाज सुरुचि सिंह और विश्व चैंपियन सम्राट राणा को शानदार प्रदर्शन करने के बावजूद बृहस्पतिवार को यहां एशियाई चैंपियनशिप की 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक से संतोष करना पड़ा लेकिन भारत ने अपना दबदबा बनाते हुए स्वर्ण पदक की संख्या को 10 तक पहुंचा दिया। रश्मिका सहगल और वंशिका चौधरी ने जूनियर महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल जबकि प्रियांशी पूर्वा और चहक कोहली इसी स्पर्धा के युवा वर्ग में शीर्ष दो स्थानों पर कब्जा जमाया। उज्बेकिस्तान के लिए दिन का एकमात्र स्वर्ण पदक 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में निगीना सैदकुलोवा और मुखम्मद कमालोव ने सम्राट और सुरुचि को 479.6 के मुकाबले 481.3 अंक से हराकर जीता। प्रतियोगिता के दो दिन के बाद भारत 10 स्वर्ण, पांच रजत और एक कांस्य पदक के साथ शीर्ष पर है।

## टी20 वर्ल्ड कप से पहले टीम इंडिया को झटका

# वॉर्म-अप मैच में चोटिल हुए तेज गेंदबाज हर्षित

**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप से ठीक पहले भारतीय टीम को बड़ा झटका लग सकता है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेले गए वॉर्म-अप मुकाबले के दौरान तेज गेंदबाज हर्षित राणा चोटिल होकर मैदान छोड़ने पर मजबूर हो गए। बुधवार को खेले गए इस मुकाबले में हर्षित ने सिर्फ एक ओवर गेंदबाज़ी की और इसके बाद लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर चले गए। हर्षित की फिटनेस को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। टी20 वर्ल्ड कप बेहद करीब है और अगर हर्षित राणा टूर्नामेंट से बाहर होते हैं तो यह टीम इंडिया के लिए बड़ा झटका होगा। फिलहाल बीसीसीआई की आधिकारिक मेडिकल रिपोर्ट का इंतज़ार किया जा रहा है।




### घुटने में दिखी परेशानी, बढ़ी चिंता

इस मैच में 24 वर्षीय हर्षित राणा ने अपने एकमात्र ओवर में 16 रन दिए। ओवर खत्म होने के बाद वह स्पष्ट रूप से असहज नजर आए और घुटने को पकड़ते हुए मैदान से बाहर जाते दिखे। हर्षित इसके बाद दोबारा मैदान पर नहीं लौटे। गेंदबाजी के दौरान भी वह दो बार अपने रन-अप से पीछे हटते नजर आए, जिससे साफ हो गया कि वह परेशानी में हैं।

### सरफराज खान अस्पताल में भर्ती

मुंबई। मुंबई क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज सरफराज खान को वायरल बुखार के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ऐसे में शुक्रवार से मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स पर कर्नाटक क्रिकेट टीम के खिलाफ शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में उनका खेलना संदिग्ध है। बुधवार को सरफराज मुंबई टीम के साथ मौजूद थे, जब दिग्गज खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर ने खिलाड़ियों के साथ खास संवाद सत्र आयोजित किया था। सरफराज की जगह मुशीर खान के खेलने की उम्मीद जताई जा रही है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सरफराज को वायरल बुखार है, जिसके चलते उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी तबीयत ठीक नहीं है, इसी वजह से वह दिल्ली के खिलाफ मुंबई के पिछले मैच में फील्डिंग के लिए भी मैदान पर नहीं उतर सके थे। यह साफ नहीं है कि वह कर्नाटक के खिलाफ मुकाबले से पहले फिट होंगे या नहीं।








# जापान के सिनेमाघरों में जल्द रिलीज होगी एनिमल

**मुंबई।** पिछले दिनों अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2' जापानी भाषा में रिलीज हुई थी। अब रणबीर कपूर की 'एनिमल' भी जापान के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। जापान के दर्शकों के बीच बॉलीवुड फिल्मों का क्रेज बढ़ता जा रहा है। वहीं, फिल्म मेकर्स भी इसमें फायदा देखते हुए अपनी फिल्मों को वहां के सिनेमाघरों में उतारने की कोशिश में लगे हैं। कुछ समय पहले ही पुष्पा 'कुनरिन' रिलीज हुई है, और अब 'एनिमल' भी रिलीज होने वाली है। इसी मौके पर रणबीर कपूर ने अपने दादा राज कपूर के जापानी लोगों के साथ लगाव पर बात की। संदीप रेड्डी वंगा की फिल्म 'एनिमल' 13 फरवरी को जापान में रिलीज होने जा रही है। वहीं, फिल्म की रिलीज से पहले इसका एक स्पेशल शो रखा गया। इसी मौके पर रणबीर कपूर ने दर्शकों को शुक्रिया कहा। यह भी बताया कि उनका जापानी लोगों के साथ एक खास रिश्ता है।

लाइफ Style

# राशा
## डेब्यू गाना शिव को किया समर्पित



पिछले साल फिल्म 'आजाद'से रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने बॉलीवुड में डेब्यू किया था। अब वह फिल्म 'लईकी लईका'में नजर आएंगी। यह राशा की बॉलीवुड में दूसरी फिल्म होगी। इस फिल्म के साथ राशा ने सिंगिंग में भी डेब्यू किया है। राशा थडानी ने अपनी आने वाली फिल्म 'लईकी लईका' के गाने 'छाप तिलक'से सिंगिंग में भी डेब्यू किया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

इस फिल्म में उनके साथ अभय वर्मा भी हैं। राशा ने हाल ही में सिंगिंग करने से जुड़ा अपना एक्सपीरियंस एक इंटरव्यू में साझा किया है। उन्हें इसे सपने के सच होने जैसा बताया। एक इंटरव्यू में राशा थडानी बताती हैं कि उन्होंने बचपन से ही म्यूजिक में ट्रेनिंग ली है। वह कहती हैं, 'मैं जब 5 साल की थी, जब मैंने उस्ताद कादिर मुस्तफा खान से हिंदुस्तानी क्लासिकल म्यूजिक सीखना शुरू किया। इसके अलावा मैंने जैज म्यूजिक भी सीखा है। म्यूजिक मेरे लिए एक तरह का सुकून है। जब मैं रियाज करती हूं, तो वो एक घंटा सिर्फ मेरा होता है। मैं हमेशा से गाना चाहती थी, यही मेरा पैशन रहा है। लेकिन मैं पूरी तरह एक शॉवर सिंगर हूं। आज मुझे म्यूजिक इंडस्ट्री में कदम रखने का मौका मिला है, इसके लिए मैं बहुत शुक्रगुजार हूं।'राशा थडानी ने फिल्म 'लईकी लईका' में जो गाना गया है, उसके बारे में जानकारी साझा की है। इस गाने को भगवान शिव को समर्पित किया है। वह कहती हैं, 'मैंने 12 ज्योतिर्लिंगों की यात्रा की है। मेरे लिए भगवान शिव सिर्फ एक भगवान नहीं, जिंदगी का हिस्सा हैं। वो हर दिन मेरे साथ रहते हैं। इस गाने में जब डमरू की बात होती है, तो मुझे नटराज का नृत्य याद आता है। भगवान शिव कला और नृत्य के देवता हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# 16 साल की उम्र से म्यूजिक बनाना किया शुरू

**मुंबई।** फिल्म 'धुरंधर' में इंटरनेशनल रैपर फ्लिपराची ने '**FA9LA**' गाने तहलका मचा दिया था। अब 'धुरंधर 2' में एक और इंटरनेशनल सिंगर का गाना फैंस को सुनने को मिलेगा। इस सिंगर का नाम डोजा कैट है? फिल्म 'धुरंधर 2' का टीजर दो दिन पहले रिलीज हुआ। इस टीजर को देखते हुए फैंस का ध्यान इस बात पर गया कि आखिर में डोजा कैट का गाना 'आह मैन बजता है। इस बात को मेकर्स ने भी टीजर के साथ कंफर्म किया है कि फिल्म में उनका यह गाना इस्तेमाल किया गया है। आज डोजा कैट अमेरिका की पॉपुलर सिंगर, सॉन्ग राइटर, रैपर हैं। उनका असली नाम अमाला रत्ना जैंडिले डलामिनी है। अमेरिका के लॉस एंजिल्स में जन्मी ( (21 अक्टूबर 1995) डोजा कैट ने 16 साल की उम्र से म्यूजिक बनाना शुरू किया। आज वह सबसे चर्चित पॉप स्टार के तौर पर मशहूर हैं। साल 2023 में उन्हें टाइम मैगजीन के सबसे पॉपुलर लोगों की लिस्ट में शामिल किया गया था।



# ड्रग लॉर्ड पाब्लो अकोस्टा के रूप में मिली प्रसिद्धि


लॉस एंजिल्स। प्रसिद्ध मैक्सिकन अभिनेता और डांसर गेरार्डो तरासेना का 55 साल की उम्र में निधन हो गया। वह फिल्म 'एपोकैलिप्टो' में अपनी भूमिका के लिए बहुत प्रसिद्ध थे। उनका कॅरियर 30 साल से ज्यादा लंबा रहा। गेरार्डो तरासेना का जन्म 1970 में मैक्सिको सिटी में हुआ था। सिनेमा में जाने से पहले उन्होंने एक डांसर और थिएटर अभिनेता के रूप में अपना कॅरियर शुरू किया। गेरार्डो तरासेना ने मैन ऑन फायर, द मैक्सिकन और नेटफ्लिक्स की सीरीज नार्कोसः मैक्सिको जैसी कई बड़ी फिल्मों और सीरीज में काम किया। गेरार्डो को खासतौर पर नेटफ्लिक्स सीरीज 'नार्कोसः मैक्सिको' में ड्रग लॉर्ड पाब्लो अकोस्टा के रूप में काफी प्रसिद्धि मिली।



# पर्दे पर हाउसवाइफ का निभाएंगी किरदार

**मुंबई।** आलिया भट्ट बीते कुछ समय से बड़े पर्दे पर नजर नहीं आईं हैं। उनकी आखिरी रिलीज फिल्म 'जिगरा'थी, जो अक्टूबर 2024 में रिलीज हुई थी। पूरे 2025 में आलिया की एक भी फिल्म रिलीज नहीं हुई। इस बीच अब आलिया भट्ट की आगामी फिल्म को लेकर एक नई जानकारी सामने आ रही है। इस फिल्म का निर्देशन अभिषेक पाठक कर सकते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, आलिया भट्ट आगामी फिल्म 'हाउसवाइफ'में लीड रोल में नजर आ सकती हैं। इस फिल्म का निर्देशन अभिषेक पाठक करेंगे, जिन्होंने इससे पहले 'दृश्यम 2' जैसी हिट फिल्म बनाई थी। अगर आलिया इस फिल्म में काम करती हैं, तो वे एक शादीशुदा महिला का किरदार निभाएंगी। कहानी घर-परिवार से जुड़े मुद्दों पर आधारित होगी। यह पहली बार होगा जब आलिया इस तरह के किरदार में नजर आएंगी।

# बच्चों को स्क्रीन नहीं हमारा साथ चाहिए



**मुंबई।** अभिनेता सोनू सूद अक्सर सामाजिक मुद्दों पर अपनी राय रखते हैं। हाल ही में उन्होंने बच्चों के ऑनलाइन गेमिंग और सोशल मीडिया के बढ़ते इस्तेमाल पर भी चिंता जताई है। सोनू ने इसको लेकर एक पोस्ट साझा किया है। बाद में उन्होंने एक वीडियो के जरिए भी इस मामले पर अपनी राय रखी है। उनका यह पोस्ट 12, 14 और 16 साल की तीन लड़कियों की अपने बिल्डिंग की नौवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या करने की खबर के बाद आया है। सोनू सूद ने घटना को लेकर एक्स पर अपना एक वीडियो साझा किया। इस वीडियो में सोनू सूद ने माता-पिता से बच्चों के लिए भावनात्मक रूप से उपलब्ध रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, 'उन्हें स्क्रीन नहीं, हमारा साथ चाहिए। ऑनलाइन गेमिंग और सोशल मीडिया की दुनिया में हम बच्चों को इतना आगे छोड़ आए हैं कि हमें उनकी चुप्पी सुनाई नहीं देती। जिन बच्चियों ने आत्महत्या की वो अकेली पड़ गई थीं। बचपन को मार्गदर्शन की जरूरत होती है, एल्गोरिदम की नहीं।' इससे पहले इस पूरे घटनाक्रम को लेकर सोनू सूद ने एक्स पर एक पोस्ट भी किया था।

# धुरंधर 2 ने रिलीज से पहले ही कमा डाले करोड़ों

एजेंसी ⏭ मुंबई

रणवीर सिंह की धुरंधर पार्ट 2 ने रिलीज से पहले ही करोड़ों की कमाई कर ली है। इस फिल्म ने अपनी ही पहली फिल्म का एक रिकॉर्ड भी ब्रेक किया है। धुरंधर पार्ट 2 के ओटीटी राइट्स पार्ट 1 से काफी ज्यादा महंगे बिके हैं। रणवीर सिंह की धुरंधर पार्ट 2 जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, लेकिन फिल्म ने रिलीज से पहले ही करोड़ों की कमाई कर ली है। रणवीर सिंह की धुरंधर पार्ट ने ओटीटी राइट्स में तगड़ी कमाई की है। हालांकि, धुरंधर पार्ट 2 के ओटीटी राइट्स में एक शिफ्ट हुआ है। धुरंधर पार्ट 1 की तरह धुरंधर 2 नेटफ्लिक्स पर रिलीज नहीं होगी।




## स्ट्रीमिंग राइट्स के मामले में पहले पार्ट को पीछे छोड़ा

रिपोर्ट की मानें तो धुरंधर पार्ट 2 के स्ट्रीमिंग राइट्स जियो हॉटस्टार ने लिए हैं। स्ट्रीमिंग राइट्स के मामले में धुरंधर पार्ट 2 ने पहले पार्ट को पीछे छोड़ दिया है। दूसरे पार्ट ने लगभग पहले पार्ट के मुकाबले दोगुना कमाई की है। धुरंधर 2: द रिवेंज की स्ट्रीमिंग राइट्स 150 करोड़ में बेचे गए हैं, जिससे यह हाल के समय के सबसे बड़े ओटीटी सौदों में से एक बन गया। रिपोर्ट के मुताबिक, नेटफ्लिक्स ने दोनों फिल्मों की रिलीज से पहले ही 175 करोड़ में स्ट्रीमिंग राइट्स खरीदने की बात कही थी। हालांकि, जियो स्टूडियोज ने इंतजार करना सही समझा। पहले पार्ट के डिजिटल राइट्स 85 करोड़ में बेचे गए। वहीं, धुरंधर पार्ट 2 के राइट्स 150 करोड़ में बिके हैं। धुरंधर की बात करें तो इस फिल्म को आदित्य धर ने लिखा और डायरेक्ट किया है। अब फैंस को फिल्म के पार्ट 2 का इंतजार है। पार्ट 2 में यामी गौतम भी नजर आ सकती हैं। धुरंधर पार्ट 2 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। धुरंधर 2 का साउथ के सुपरस्टार यश की टॉक्सिक से क्लैश होगा। टॉक्सिक भी 19 मार्च को ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# करण ने छोड़ा द 50! खुद किया ऐलान



**नई दिल्ली।** कलर्स का रियलिटी शो 'द 50' शुरू होने के बाद से ही लोगों को पसंद आ रहा है। इसमें हर रोज लड़ाई-झगड़े हो ही रहे हैं। अब शो में आए नए ट्विस्ट के बाद दो कंटेस्टेंट्स एलिमिनेट हो गए हैं। वहीं, करण पटेल को लेकर खबर आ रही है कि उन्होंने शो छोड़ दिया है। शो की शुरुआत से ही विवाद चल रहा है। 'करण को पहले दिन से ही बाकी के कंटेस्टेंट्स से काफी दिक्कतें थीं। उन्होंने बिग बॉस के दो लोगों, रजत दलाल और दिग्विजय राठी के बीच हुई हाथापाई की घटना पर भी आपत्ति जताई, जब एक मामूली बात पर रजत दलाल ने राठी पर हमला कर दिया था। इसी दौरान करण को यह कहते हुए सुना गया, 'इससे मेरी मानसिक शांति भंग हो रही है और मैं ऐसी जगह नहीं रह सकता जहां हिंसा भड़कती हो।' उन्होंने तुरंत कहा, 'मैं शो छोड़ रहा हूं,' और तब से उनके बाहर आने की खबरें जोरों पर हैं। शो में इस तरह का ड्रामा कोई नई बात नहीं है। इससे पहले, टीम कैप्टन के तौर पर करण, बाकी कप्तानों के साथ, पहले एलिमिनेशन में भी शामिल थे।

GANDHI P.R. COLLEGE BHOPAL
(Minority Institution)
D-1 Danish Nagar Hoshangabad Road, Bhopal- 462026
Faculty Required for D.El.Ed. Course
H.O.D.-PG in School subject and M.Ed. at least 5 year experience of teaching in a teacher education institute.
Lectures Perspectives in Education / Science/-Humanities, Mathematics/ Language/ Fine Arts /Dance & Music etc.
Pay scale and qualifications as per Norms. Candidates should apply with in 5 days along with all testimonials.
Send your resume to email Id: principal@gandhiprcollege.com or personally at college office.







हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930